*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.com
09 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 320

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ की हालत नाजुक : मेडिकल सुपरविजन में रखा गया



SURJABASHA




## ओड़िशा में मिसाइल का परीक्षण सफल

**चांदीपुर (आजाद सिपाही)।** भारत ने गुरुवार को ओड़िशा तट के पास क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल का छठा सफल परीक्षण किया। मिसाइल ने सटीक निशाना लगाया और टारगेट को तय समय में तबाह कर दिया। यह मिसाइल 3 से 30 किलोमीटर तक की रेंज में आने वाली दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। सेना के लिए रिसर्च करने वाली संस्था डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन और भारतीय सेना ने क्यूआरएसएएम मिसाइल का परीक्षण ओड़िशा के चांदीपुर रेंज में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज में किया। क्यूआरएसएएम मिसाइलों के अलावा विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन्स को भी तबाह कर सकती है।

### सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट : प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

# गुलामी का प्रतीक चिह्न मिट गया, अब राजपथ कर्तव्य पथ हो गया: नरेंद्र मोदी

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण
- श्रमजीवियों से भी मिले पीएम, 26 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज किंग्सवे हमेशा के लिए मिट गया। मैं गुलामी की एक और पहचान से मुक्ति के लिए बधाई देता हूं। इंडिया गेट के समीप राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित हुई है, जहां कभी जॉर्ज पंचम की प्रतिमा थी। नेताजी की प्रतिमा लगा कर आधुनिक और सशक्त भारत की प्राण प्रतिष्ठा कर दी है। प्रधानमंत्री गुरुवार को नयी दिल्ली में सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। करीब 3.20 किमी लंबा राजपथ नये रंग-रूप और नाम के साथ अब कर्तव्य पथ के रूप में जाना जायेगा। इससे पहले पीएम मोदी ने इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फुट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने सेंट्रल विस्टा में काम करने वाले श्रमजीवियों से मुलाकात की। उन्हें गणतंत्र दिवस का न्योता दिया गया है। इस समारोह में सभी श्रमजीवी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी सुभाष अखंड भारत के पहले प्रधान थे, जिन्होंने 1947 से भी पहले अंडमान को आजाद करके भारत का झंडा लहराया था। उन्होंने कहा कि आजादी के साथ ही हमारे महानायक को भुला दिया गया। उनके प्रतीकों को नजरअंदाज कर दिया गया। आज देश का प्रयास है कि नेताजी की वह ऊर्जा देश का पथ प्रदर्शन करे। कर्तव्य पथ पर नेताजी की प्रतिमा इसका माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि मैं देश के हर नागरिक को आमंत्रण देता हूं कि इस नव निर्मित कर्तव्य पथ को आकर देखिए। हफ्ते में तीन दिन यहां नेताजी के जीवन पर आधारित ड्रोन शो का आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन द्वीपों के नाम अंग्रेजी शासकों के नाम पर थे, हमने उनके नाम बदलकर भारत की पहचान दी। हमें सर्वश्रेष्ठ भारत का निर्माण करना है। इसका रास्ता कर्तव्य पथ से होकर जाता है। यह सर्वकालिक आदर्शों का जीवंत मार्ग है। यहां जब देश के लोग आयेंगे और नेताजी की प्रतिमा, नेशनल वॉर मेमोरियल देखेंगे तो उन्हें कर्तव्य बोध से ओतप्रोत करेंगे। उन्होंने श्रमिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जब देश को आइएनएस विक्रांत मिला तब भी मैंने श्रमिकों से मिल कर उनका आभार जताया।

### सेंट्रल विस्टा एवेन्यू पर कुल 608 करोड़ रुपये खर्च

इस परियोजना पर कुल 608 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अब तक परियोजना पर 477.28 करोड़ खर्च हो चुका था। पूरे प्रोजेक्ट की बात करें तो इसके तहत जिन पांच परियोजनाओं पर कार्य होना है, उनमें से चार पर काम शुरू हो चुका है। पूरे प्रोजेक्ट पर 20 हजार करोड़ रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों की ओर से 13,450 करोड़ रुपये का क्लियरेंस मिल चुका है।

### सेंट्रल विस्टा में क्या-क्या है

इस वक्त सेंट्रल विस्टा के अंदर राष्ट्रपति भवन, संसद, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, रेल भवन, वायु भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन, शास्त्री भवन, निर्माण भवन, नेशनल आर्काइव्ज, जवाहर भवन, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स, उपराष्ट्रपति का घर, नेशनल म्यूजियम, विज्ञान भवन, रक्षा भवन, वाणिज्य भवन, हैदराबाद हाउस, जामनगर हाउस, इंडिया गेट, नेशनल वॉर मेमोरियल और बीकानेर हाउस आते हैं।

### राजपथ अतीत से वर्तमान तक

आजादी से पहले राजपथ को किंग्स वे और जनपथ को क्वींस वे के नाम से जाना जाता था। स्वतंत्रता मिलने के बाद क्वींस वे का नाम बदलकर जनपथ कर दिया गया था, जबकि किंग्स वे राजपथ के नाम से जाना जाने लगा। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद अब इसका नाम कर्तव्य पथ कर दिया गया है। केंद्र सरकार का मानना है कि राजपथ से राजा के विचार की झलक मिलती है, जो शासितों पर शासन करता है, जबकि लोकतांत्रिक भारत में जनता सर्वोच्च। नाम में बदलाव उसके सशक्तिकरण का एक उदाहरण है।

# राज्यपाल पहुंचे रांची निगाहें राजभवन पर

- सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में राज्यपाल का आदेश आना है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक हफ्ते की दिल्ली यात्रा के बाद झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस गुरुवार शाम रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीधे वह राजभवन निकल गये। एयरपोर्ट पर उन्होंने किसी भी मीडिया कर्मी से बात नहीं की और न ही राजभवन के बाहर। अब सीएम हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर बने सस्पेंस की स्थिति से जल्द ही पर्दा उठ सकता है। वह 2 सितंबर को दिल्ली गये थे। अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात गृह मंत्री अमित शाह से होने की अटकलें भी लगायी जा रही थीं। हालांकि इसको लेकर राजभवन की ओर से पुष्टि नहीं की गयी थी।

सूत्रों की मानें तो गवर्नर की दिल्ली यात्रा के दौरान उनकी किसी से मुलाकात नहीं हुई है। दरअसल, सीएम हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में राज्यपाल का आदेश आना है। इसको लेकर सबकी निगाहें राजभवन पर टिकी हैं।

इस मामले में यूपीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी गवर्नर से 1 सितंबर को मुलाकात कर उनसे इस मामले में तस्वीर साफ करने का आग्रह किया था।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने मुलाकात के बाद बाहर आकर कहा था कि गवर्नर ने एक-दो दिन में इस बाबत अपना मंतव्य चुनाव आयोग को भेज देने की बात कही है। उसके बाद अगले दिन ही गवर्नर दिल्ली चले गये थे।

# मुंबई में गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक

- आंध्र सांसद का पीए बता कर घंटों तक गृह मंत्री के इर्द-गिर्द घूमता रहा आरोपी, गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। शाह के मुंबई दौरे पर एक संदिग्ध उनके इर्द-गिर्द कई घंटों तक घूमता रहा। जब अधिकारियों को शक हुआ, तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस ने उसे 2-3 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। उसे 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध का नाम हेमंत पवार है। वह महाराष्ट्र के धुले का रहनेवाला है। पूछताछ के दौरान उसने खुद को आंध्रप्रदेश के एक सांसद का पीए बताया।

गिरफ्तार युवक ने गृह मंत्रालय का बैंड पहन रखा था, जिसकी बदौलत वह कई घंटों तक गृह मंत्री के आस-पास घूमता रहा।

सूचना के मुताबिक यह संदिग्ध व्यक्ति मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के घर के बाहर भी ब्लेजर पहन कर घूमता हुआ नजर आया था।

### नसीहत : आइएएस बिरादरी को विधायक सरयू राय की सलाह

# देवघर डीसी भजंत्री के आचरण की जांच अपनी ही कसौटी पर करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निशिकांत दुबे-मंजूनाथ भजंत्री प्रकरण में झारखंड में नेताओं और अफसरों के बीच टकराव की स्थिति बन गयी है। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री पर सांसद निशिकांत दुबे की ओर से करायी गयी प्राथमिकी से झारखंड की आइएएस बिरादरी भड़की हुई है। उधर डीसी की ओर से सांसद पर करायी गयी एफआइआर से नेताओं में भी उबाल है। बेबाक बात रखनेवाले विधायक सरयू राय अब इस मामले में कूद पड़े हैं। उन्होंने कहा है कि आइएएस बिरादरी को देवघर हवाई अड्डा प्रकरण में देवघर डीसी के आचरण की जांच अपनी ही कसौटी पर करनी चाहिए। एक समिति बना कर तय हो कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियमों के मुताबिक डीसी का कृत्य विधिसम्मत है या नहीं। सांसद के साथ ट्विट प्रतिस्पर्धा में उलझना आइएएस आचरण की सीमा मर्यादा के अनुरूप है या नहीं।







**पुलिस द्वारा या पुलिस के यहां एफआइआर नहीं हो सकती :** गौरतलब है कि देवघर एयरपोर्ट पर दबाव बना कर एटीसी क्लीयरेंस लेने के आरोप में डीसी ने निशिकांत दुबे, उनके दो बेटों और सांसद मनोज तिवारी समेत नौ लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी है। इस पर सरयू राय ने कहा कि एयरपोर्ट संबंधी सुरक्षा शिकायतों का निपटारा डीजीसीए सुरक्षा प्रभाग के नियमों के अधीन होता है। डीसी, एसपी, एमपी, एमएलए का क्षेत्राधिकार इसमें नहीं है। नियमानुसार पुलिस द्वारा या पुलिस के यहां एफआइआर नहीं हो सकती है। भारतीय प्रशासनिक या पुलिस सेवा के अधिकारी से इसकी अनदेखी की कल्पना नहीं की जा सकती है।

**ट्विटर पर चली लंबी बहस :** डीसी और सांसद की ओर से एफआइआर होने के बाद दोनों के बीच ट्विटर पर लंबी बहस चली थी। डीसी ने ट्विट किया था कि एटीसी बिल्डिंग के अंदर बिना किसी अनुमति के यात्रियों के प्रवेश को लेकर डीसी ऑफिस को पत्र मिला है। इस पर रिप्लाई करते हुए सांसद ने कहा था कि आप किस हैसियत से एयरपोर्ट के अंदर गये थे। इस पर डीसी ने कहा कि मैंने वैध प्रवेश पास लेकर एयरपोर्ट टर्मिनल में प्रवेश किया था। डीसी देवघर हवाई अड्डे के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं। सांसद ने फिर रिप्लाई करके कहा कि आपने राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन किया है। इसके बाद भी दोनों के बीच लंबी बहस चली।

### नाराजगी : कूरियर से पहुंचा 'शौर्य चक्र' तो माता-पिता ने लौटाया, कहा

# शहादत के सम्मान को भेजा नहीं जाता

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर के निवासी शहीद लांस नायक गोपाल सिंह भदौरिया के माता-पिता ने कूरियर से पहुंचाये गये शौर्य चक्र को लौटा दिया है। उन्होंने कहा कि शहादत के सम्मान को कूरियर से भेज कर आपने हमारे शहीद बेटे का अपमान किया है, इसलिए हम इसे वापस लौटा रहे हैं।



शहीद लांस नायक गोपाल सिंह भदौरिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार परिवार वाले अब राष्ट्रपति भवन जायेंगे और सबके सामने राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित करने की मांग करेंगे।

परिवार वालों का कहना है कि उनके बेटे ने देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी और सरकार ने उसकी शहादत का ये सिला दिया है। उन्होंने कहा कि यह कोई गुप्त रखने की चीज थोड़ी है, जो आप इसे चुपचाप दे रहे हैं। मेरे बेटे ने देश के लिए बलिदान दिया है, इसलिए उसे देश के सामने ही सम्मान मिलना चाहिए। बता दें कि गोपाल सिंह को मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में उनकी बहादुरी के लिए 'विशिष्ट सेवा पदक' से भी सम्मानित किया गया था। साल 2017 में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान राष्ट्रीय राइफल्स के लांस नायक गोपाल सिंह शहीद हो गये थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,500 रु./10 ग्राम
चांदी 56,000 रु./प्रति किलो

# कांग्रेस की ही नहीं, राहुल की भी 'उम्मीद' है 'भारत जोड़ो यात्रा'

## फिर भी अपने साथ कई सवाल लेकर चल रहा है 3750 किलोमीटर लंबा सफर

**आजाद सिपाही विशेष**

**लोगों को अपने साथ जोड़ने और महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर निकल पड़े हैं। कुल डेढ़ सौ दिन की इस यात्रा के दौरान राहुल देश के 12 राज्यों के 20 शहरों से गुजरेंगे और 3750 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। वास्तव में यह यात्रा कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के लिए उम्मीद की आखिरी किरण है, क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अब तक के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पार्टी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव है। पिछले दो चुनावों में मिली करारी पराजय और फिर पार्टी में बिखराव के कारण कांग्रेस ने इस यात्रा का आयोजन किया है। अपनी इस पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी, सीमा सुरक्षा और अन्य ज्वलंत मुद्दों को उठायेंगे और मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेंगे। इस यात्रा के जरिये कांग्रेस विपक्ष की अन्य पार्टियों को यह राजनीतिक संदेश देने की भी कोशिश कर रही है कि वही विपक्ष का मुख्य चेहरा और आवाज है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की यह यात्रा उसमें कितना जोश एवं उत्साह का संचार कर पाती है, यह देखनेवाली बात होगी। इस यात्रा की शुरुआत कन्याकुमारी से हुई है। कन्याकुमारी में त्रिवेणी संगम वह जगह है, जहां हिंद महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का मेल होता है। यात्रा का समापन श्रीनगर में होगा। राहुल गांधी बीते चार दशकों में पहले नेता हैं, जो कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा कर रहे हैं। कांग्रेस को लगता है कि उसकी यह 'भारत जोड़ो यात्रा' भारतीय राजनीति को बदलने वाली साबित होगी। साथ ही इस यात्रा से पार्टी में एक नया उत्साह, जोश और रवानगी आयेगी, उसमें नयी जान फूंकेगी। क्या सचमुच ऐसा हो सकेगा या फिर यह अभियान भी मोदी मैजिक के सामने ध्वस्त हो जायेगा, यह सवाल अभी से ही लोगों के मन में उठने लगा है। इसके साथ एक और सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस यात्रा से राहुल गांधी कुछ सीखेंगे और मजबूत होंगे। इन तमाम सवालों के जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



लोकसभा चुनाव में अभी करीब डेढ़ साल का समय बचा है, लेकिन देश की सियासी फिजां में अभी से ही चुनावी रंग घुलने लगे हैं। विपक्ष दलों ने एकजुटता की हुंकार भर दी है। भाजपा 2024 में सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की मुहिम में जुट गये हैं, तो कांग्रेस 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू कर चुकी है, जिसकी अगुवाई राहुल गांधी कर रहे हैं। हालांकि, इस यात्रा को पार्टी गैर-राजनीतिक बता रही है, लेकिन इसका सियासी मकसद जगजाहिर है। कहा जा रहा है कि इस 'भारत जोड़ो यात्रा' के जरिये कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की री-लांचिंग करने की कोशिश में है। अगर ऐसा है, तो कांग्रेस का राहुल गांधी पर यह सबसे बड़ा और आखिरी सियासी दांव भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले 10 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसका ठीकरा भी राहुल पर फूटा। 2019 के लोकसभा चुनाव की हार भी उन्हीं के नाम पर लिखी गयी। सियासत के मैदान में राहुल भले दो दशक से सक्रिय हों, लेकिन चुनावी राजनीति में राजस्थान और छत्तीसगढ़ छोड़ कर अभी तक कोई बड़ा करिश्मा नहीं कर पाये हैं। ऐसे में उनके नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं और कांग्रेस नेता एक-एक कर पार्टी से किनारा कर रहे हैं।

कांग्रेस के बिखरते जनाधार को एकजुट करने के मकसद से शायद राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर निकले हैं। पांच महीने तक चलनेवाली इस यात्रा से वह कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भरने और पार्टी के संगठन को मजबूत करने की कवायद करते हुए नजर आयेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस इस पदयात्रा के जरिये अपने खोये हुए सियासी जनाधार के साथ-साथ राहुल गांधी को एक मजबूत नेता के तौर पर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले स्थापित कर पायेगी?

वैसे हमारे देश में पदयात्राओं का लंबा इतिहास है, लेकिन इनका फायदा भी तभी हुआ है, जब इनका स्वरूप आंदोलन का रहा हो। चाहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की डांडी यात्रा हो या आडवाणी की रथ यात्रा। युवा तुर्क कहे जानेवाले चंद्रशेखर की देशभर में 'भारत एकता यात्रा' सियासी तौर पर काफी सफल रही थी। ऐसे ही राजीव गांधी ने भी देश को जानने और समझने के लिए पदयात्रा की थी।

तेलंगाना को अलग राज्य बनाने के लिए केसीआर ने पदयात्रा की, तो आंध्रप्रदेश में राजशेखर रेड्डी और जगन मोहन रेड्डी ने खुद को सियासी तौर पर स्थापित करने के लिए अलग-अलग समय पर यात्राएं निकालीं। दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश में नर्मदा यात्रा की। इसका नतीजा यह रहा कि ये सभी बाद में मुख्यमंत्री बने। ऐसे ही सचिन पायलट ने राजस्थान में वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में पदयात्रा कर माहौल बनाया था। इसका नतीजा था कि कांग्रेस दोनों ही राज्यों में सरकार बनाने में सफल रही थी। ऐसे में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कितनी सफल होती है, यह तो समय ही बतायेगा।

यह बात नोट करने लायक है कि स्वतंत्र भारत में अब तक किसी नेता ने दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्से तक की इतनी लंबी यात्रा का आयोजन नहीं किया है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि देश एक बार फिर चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और ऐसे में राहुल गांधी ने देश की जमीनी हकीकत की थाह लेने और अपने पैरों से नापने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की शुरुआत की है। कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव से किनारा कर राहुल गांधी 3570 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकल पड़े हैं। वास्तव में यह यात्रा ऐसे समय शुरू हुई है, जब कांग्रेस अपने नेतृत्व से ही नहीं, बल्कि सियासी संकट से भी घिरी हुई है। हाल ही में जब इडी ने सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, तो कांग्रेस जमीन पर नजर आयी थी, लेकिन यह मामला जनता के मुद्दे से जुड़ा नहीं था, लेकिन अब जो पदयात्रा शुरू हुई है, उसका सरोकार सीधे-सीधे जनता से जुड़े मसलों से है। कांग्रेस का दावा है कि इस यात्रा के जरिये वह बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर आम लोगों में बहस छेड़ने की कोशिश करेगी, लेकिन उस पर जनता कितना विश्वास जताती है, यह तो आगे पता चलेगा।

### यात्रा से गुजरात, बंगाल और बिहार-झारखंड क्यों हैं दूर?

इस यात्रा का जो रोडमैप बनाया गया है, उसके तहत यह यात्रा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर से होकर गुजरेगी। मजे की बात यह है कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, उन्हें भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, कांग्रेस की यात्रा उसी समय राजस्थान से गुजरेगी, जब दोनों ही राज्यों में चुनाव का एलान हो चुका होगा। यूपी में भी पदयात्रा का मैप काफी हल्का है। सिर्फ बुलंदशहर में कार्यक्रम रखा गया है। ऐसे ही बिहार, बंगाल और झारखंड से भी यह पदयात्रा नहीं गुजरेगी।

वहीं, अगले साल छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां पदयात्रा नहीं निकाली जायेगी। हालांकि, राजस्थान के सात जिलों में पांच सौ किलोमीटर की यात्रा होगी, जबकि ज्यादातर हिंदी पट्टी वाले राज्य और पूर्वोत्तर को पूरी तरह से पदयात्रा को जगह नहीं मिली। ऐसे में सवाल यह भी है कि इन राज्यों को पदयात्रा के रूट से दूर क्यों रखा गया है, जबकि ये राज्य लोकसभा चुनाव के लिहाज से बेहद अहम हैं।

### क्या बैक सीट से पॉलिटिक्स करेंगे राहुल गांधी?

कांग्रेस की पदयात्रा को लेकर राजनीति के जानकार यह भी कह रहे हैं कि राहुल गांधी अब बैक सीट से पॉलिटिक्स करेंगे। वह पदयात्रा की भले ही अगुवाई कर रहे हों, लेकिन अब उनकी सियासत फ्रंटफुट वाली नहीं होगी। राहुल गांधी पार्टी की कमान नहीं संभालना चाहते हैं। इस बात को सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं, जिसके चलते कांग्रेस की कमान गांधी परिवार से बाहर किसी चेहरे को सौंपने की तैयारी है। राहुल गांधी आंदोलन की राह पर हैं और अब तक की उनकी राजनीतिक पारी को भी देखें, तो कुछ ऐसी ही रही है। कांग्रेस जी-23 के नेता भी यह बात कहते रहे हैं कि राहुल गांधी एनजीओ स्टाइल की सियासत करते हैं और फुल टाइम पॉलिटिशियन नहीं हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी कहती रही है कि राहुल गांधी एकमात्र विपक्ष के नेता हैं, जो लोगों से जुड़े हुए मुद्दों को उठाते हैं और मोदी के खिलाफ सड़क पर अकेले लड़ रहे हैं। ऐसे में राहुल की पदयात्रा को लेकर कांग्रेस ने कहा कि इसकी जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि विपक्ष के सामने और कोई रास्ता ही नहीं है। इस यात्रा के जरिये राहुल गांधी लोगों के बीच जायेंगे और उन्हें देश की मौजूदा स्थिति से वाकिफ करायेंगे। इसके अलावा लोगों की समस्याओं को उठायेंगे। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राहुल इस यात्रा के जरिये लोगों के बीच पहुंचना चाहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि यह पदयात्रा सिर्फ भाजपा और मोदी के खिलाफ माहौल बनाने की नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति में राहुल गांधी की भूमिका का एक तरह से निर्धारण करनेवाली भी सिद्ध हो सकती है।

### यात्रा से जननेता बन पायेंगे राहुल?

भारत जोड़ो यात्रा वाला कांग्रेस का यह कदम राहुल गांधी की छवि को मजबूत बनाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। इसीलिए कांग्रेस ने साफ कहा है कि राहुल यात्रा के दौरान किसी होटल में नहीं ठहरेंगे, बल्कि साधारण तरीके से यात्रा करेंगे और कंटेनर में ही ठहरेंगे और पार्टी नेताओं के साथ ही भोजन करेंगे। इससे एक बात साफ है कि राहुल 'भारत जोड़ो यात्रा' के जरिये आम लोगों से जुड़ने की कवायद करेंगे। इसीलिए चमक-दमक से दूर साधारण तरीके से यात्रा करने की रूपरेखा बनायी गयी है, ताकि राहुल को जननेता के तौर पर स्थापित किया जा सके। राजनीतिक विश्लेषक भी इसे 2024 की तैयारी मानते हैं और राहुल गांधी को जननेता बनाने की रणनीति के तौर पर देखते हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों के लिए यह बेहद जरूरी है कि वह जमीनी स्तर पर लोगों को जानने के साथ पार्टी के ब्लॉक, शहर और ग्रामीण स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जुड़ सकेंगे।

### पदयात्रा में सबसे बड़ी चुनौती

भारत छोड़ो आंदोलन के 80 साल बाद कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर दी है। कांग्रेस के भारत छोड़ो आंदोलन का लक्ष्य था देश की आजादी। मौजूदा यात्रा को लेकर भी पार्टी की ओर से राष्ट्रीय एकता की बात की जा रही है। हालांकि, तब दौर दूसरा था और अब दौर दूसरा है। पदयात्रा लंबी है, इसलिए चुनौतियां भी बहुत रहेंगी। कांग्रेस के साथ राहुल गांधी को भी यह समझना होगा कि प्राइम टाइम से ज्यादा सोशल मीडिया पर अलर्ट रहना होगा। हाल ही में महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली में राहुल गांधी के आटा और लीटर को लेकर बयान पर जिस तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली, उससे पूरी रैली उसी पर फोकस हो गयी। एक तबका इसी इंतजार में रहता है कि राहुल गांधी कब इस तरह की चूक करें। कहने में भले ही यह छोटी बात हो, लेकिन कांग्रेस के लिए परेशानी बन जाती है। ऐसे में देखना है कि भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए क्या संजीवनी बन पायेगी? माना जा सकता है कि यदि भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की छवि बेहतर होती है और उन्हें जनता का साथ मिलता है, तो इससे कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में उनकी नयी पारी ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इससे कांग्रेस की 2024 की दावेदारी ज्यादा मजबूत होगी। जिस प्रकार नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों की एकता की मुहिम चलाने के शुरुआती दौर में ही राहुल गांधी से मुलाकात की है, इससे एक तरह से उन्होंने कांग्रेस के महत्व को स्वीकार कर लिया है। यह स्वीकार्यता राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में और कांग्रेस की अगुवाई में यूपीए-3 के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

---

# सीबीआइ का आम्रपाली कोल परियोजना में छापा

## 83 हजार टन कोयला घोटाले से जुड़ा है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 83 हजार टन कोयला (83 करोड़ रुपये) के घोटाले को लेकर आम्रपाली कोल परियोजना में सीबीआइ ने छापेमारी की है। बता दें कि सीबीआइ की एक टीम बुधवार को टंडवा पहुंची थी, जहां पीओ कार्यालय में छापामारी की गयी थी।

इस दौरान 2019 से लेकर 2021 तक के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गये थे। लगभग छह घंटे तक फुटेज की जांच की गयी थी। सीबीआइ की टीम शाम पांच बजे तक आफिस के कंट्रोल रुम मे बैठ कर हाइवा और ट्रक से होनेवाली डिस्पैच को बारीकी से खंगाल रही थी।




### साल भर पहले भी हुई थी छापेमारी

आम्रपाली प्रोजेक्ट से गायब हुए 83.63 करोड़ रुपये के कोयले से जुड़े मामले में सीबीआइ ने 27 अगस्त 2021 चतरा, कोलकाता और गुजरात में छापेमारी की थी। इस दौरान अभियुक्तों के ठिकानों से कोयले में गड़बड़ी से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले थे। सीबीआइ ने कोलकाता और गुजरात से जुड़े अभियुक्तों के ठिकानों से व्यापारिक गतिविधियों से संबंधित दस्तावेज और कंप्यूटर आदि जब्त किये थे।

### 83 करोड़ के कोयले की हुई थी हेराफेरी

सीबीआइ ने परियोजना से 83 करोड़ की कोयला हेराफेरी का मामला दर्ज किया था। मामले में सीसीएल अधिकारी समेत आउटसोर्सिंग कंपनी और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी निदेशक को आरोपित किया गया है। इसी मामले की जांच को लेकर छापेमारी की गयी है। बताया जा रहा है कि आउटसोर्सिंग मां अंबे और नकास ट्रांसपोर्टिंग कंपनी परियोजना क्षेत्र में कोयला उत्पादन के साथ-साथ ट्रांसपोर्टिंग भी करती थी। दोनों कार्य एक ही कंपनी द्वारा किये जाने से बगैर कांटा कराये रेलवे साइडिंग ढुलाई करती थी। इसमें लगभग पांच सौ रैक कोयला गबन किया गया है।

---

# 4853 पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए खुशखबरी

## पढ़ाई के लिए मिलेंगे 5.90 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस शिक्षा कल्याण कोष से झारखंड के 4853 पुलिसकर्मियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए 5.90 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। गौरतलब है कि बीते 12 अगस्त को पुलिस मुख्यालय में शिक्षा कोष को लेकर हुई बैठक में राज्य भर के पुलिसकर्मियों के बच्चों की उच्च स्तरीय पढ़ाई लिखाई के लिए अनुदान राशि स्वीकृत कर दी गयी है।

### पिछले दो साल की तुलना में ज्यादा राशि हुई स्वीकृत

पिछले दो साल की तुलना में इस साल ज्यादा राशि स्वीकृत हुई है। साल 2021 में जहां 2882 पुलिसकर्मियों के बच्चों की पढ़ाई के लिए 3.55 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी थी, वहीं साल 2020 में 1538 पुलिस कर्मियों के बच्चों की पढ़ाई के लिए 2.08 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी थी। साल 2022 में 4853 पुलिसकर्मियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए 5.90 रुपये स्वीकृत किये गये हैं।



### पिछले महीने हुई थी बोर्ड की बैठक

बता दें कि 12 अगस्त को झारखंड पुलिस मुख्यालय में शिक्षा कोष एवं परोपकारी कोष बोर्ड की बैठक हुई थी। इसमें शिक्षा कोष में कुल (4853 योग्य सदस्य) 5.90 करोड़ की रुपये की राशि और परोपकारी कोष में कुल (358 योग्य सदस्य) 1.49 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी थी। इस बोर्ड में अपर एडीजी मुख्यालय, आइजी प्रोविजन, डीआइजी कार्मिक, डीआइजी सीआइडी, पुलिस मेंस एसोसिएशन और पुलिस एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

---

# झारखंड के चार हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से आनलाइन जुड़ेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ करेंगी। इस अभियान का उद्देश्य टीबी से ग्रसित उपचाररत रोगियों के लिए सामुदायिक सहायता एवं सहभागिता सुनिश्चित करवानी है। मालूम हो कि सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए मरीजों को हर माह 500 रुपये पोषण सहायता राशि उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार की मंशा है कि इसके अतिरिक्त पोषण सहायता के लिए जनप्रतिनिधि, कॉरपोरेट, गैर-सरकारी संस्थान या सामान्य नागरिक आगे आयें। मरीजों को मदद पहुंचायें। कम से कम एक साल तक मरीजों को अपने स्तर से सहायता राशि दान करें। सरकार ने लक्ष्य तय किया है कि भारत को किसी सूरत में टीबी मुक्त देश बनाना है।

### झारखंड के इन चार केंद्रों से राष्ट्रपति करेंगी संवाद

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड के चार चयनित आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों से जुड़ेंगी। इनमें पूर्वी सिंहभूम जिले का अमाई नगर केंद्र, बोकारो का तेतरी केंद्र, पलामू का कुंदरी केंद्र और गुमला जिले का गम्हरिया केंद्र शामिल हैं। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों से लोग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे।



### झारखंड में 1600 केंद्रों पर टीबी का इलाज मुफ्त

मालूम हो कि झारखंड में टीबी के इलाज के लिए सरकार की ओर से 1600 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाये गये हैं। पहले इनकी संख्या मात्र 300 थी। इन केंद्रों पर टीबी मरीजों की हर तरह की जांच की सुविधा है। यहां मरीजों की काउंसिलिंग भी की जाती है। झारखंड में इस समय करीब 53 हजार टीबी के सक्रिय मामले हैं। यह आंकड़ा वर्ष 2021 का है। अगर राजधानी रांची की बात करें तो यहां वर्ष 2021 में 6,420 टीबी मरीज पाये गये थे। झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन मरीजों के लिए समय समय पर विशेष अभियान भी चलाया जाता है।

### वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य

कुछ माह पहले केंद्र सरकार के अधिकारियों की एक टीम झारखंड आयी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की जानकारी दी थी। बताया था कि केंद्र सरकार ने 2025 तक हर हाल में देश को टीबी की बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही थी। कहा था कि झारखंड के आदिवासी बहुल इलाकों में टीबी मरीजों की पहचान के लिए अभियान चलाया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 22.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.59 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.33 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# डेटा रिकवरी सेंटर और साइबर सिक्योरिटी रिस्पांस टीम बनायें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकारी विभागों, कार्यालयों का अलग-अलग डेटा सेंटर साइबर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। ऐसे में सभी विभागों के लिए सेंट्रलाइज्ड डेटा सेंटर बनाया जाये। इससे डेटा सेंटर का मैनेजमेंट, मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से करने के साथ साइबर सुरक्षा की व्यवस्था को पुख्ता किया जा सकता है। वह गुरुवार को जैप-आइटी की 10वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। छह सालों के अंतराल के बाद हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को डेटा रिकवरी सेंटर और साइबर सिक्योरिटी रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश दिया।

**डेटा सिक्योरिटी ऑडिट की व्यवस्था बनायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों के डेटा की सिक्योरिटी काफी अहम है। डेटा लीक होने से कई बड़ी परेशानियां सामने आ सकती हैं। ऐसे में सभी विभागों के डेटा की सिक्योरिटी ऑडिट नियमित अंतराल पर होनी चाहिए। डेटा सिक्योरिटी ऑडिट में जो भी खामियां मिले, उसे अविलंब नियंत्रित किया जाये। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से कहा कि वह ई गवर्नेंस के अगले पांच सालों का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करे। इसके तहत किस तरह नयी-नयी तकनीको को सरकारी कार्यों में बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है, इसकी जानकारी हो। बदलते समय के साथ ई- गवर्नेंस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में यह बेहद कारगर साबित होगा।

**सरकारी दस्तावेजों का जल्द से जल्द डिजिटलाइजेशन हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों में पुरानी फाइलों का अंबार है। यह व्यवस्था खत्म होनी चाहिए। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन फाइलों और दस्तावेजों की अब कोई उपयोगिता नहीं है, उसके निष्पादन की भी व्यवस्था की जाये।

**ऑफिस सिक्योरिटी की व्यवस्था पुख्ता हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में कर्मियों और सरकारी वाहनों के प्रवेश के लिए चिप-आधारित ई-पास की व्यवस्था बनायी जाये। इसके अलावा सचिवालय के सभी प्रवेश द्वारों पर सेंसर ग्लासेज की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि सिर्फ ई-पास वाले व्यक्ति ही अंदर प्रवेश कर सकें। इससे अवांछित लोगों के सचिवालय में प्रवेश को नियंत्रित किया जा सकेगा और यह ऑफिस सिक्योरिटी के दृष्टिकोण से काफी बेहतर साबित होगा।

**आइआइटी और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर्मियों की आइटी के क्षेत्र में सेवा लें :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सचिवालय और संलग्न कार्यालयों में कई ऐसे कर्मी कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने आइआइटी और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने ऐसे तकनीकी विशेषज्ञ कर्मियों की लिस्ट बनाने को कहा और उनकी सेवा को सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों में विशेष रूप से लेने के निर्देश दिये।

**ये पदाधिकारी रहे मौजूद :** जैप-आइटी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सूचना प्रौद्योगिकी और ई गवर्नेंस विभाग के सचिव केएन झा, जैप -आइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार मौजूद थे।

## अग्निवीर : बहाली के लिए दौड़ में 4500 अभ्यर्थी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में गुरुवार को अग्निवीर आर्मी बहाली के लिए दौड़ हुई। इसके लिए रांची में 4500 अभ्यर्थी दौड़ में शामिल हुए, जिसमें 475 अभ्यर्थियों को सफलता मिली। बता दें कि यह कार्यक्रम पिछले 5 सितंबर से चल रहा है और यह 22 सितंबर तक मोरहाबादी स्थित आर्मी ग्राउंड में चलेगा। बहाली निदेशक कर्नल राकेश कुमार ने बताया कि खूंटी, कोडरमा, पाकुड़ और लातेहार के 5300 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, लेकिन 4500 ही आये। गुरुवार को भी दुमका, गढ़वा और जामताड़ा के 5300 अभ्यर्थियों ने दौड़ में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

कर्नल राकेश कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी आर्मी की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी.एनआइसी.इन को पढ़ें। यहां सारी जानकारी उपलब्ध है। सामान्य जाति वालों को जाति प्रमाणपत्र नहीं देना है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी को प्रमाणपत्र जमा करना होगा। बता दें कि इस योजना के तहत चार साल के लिए अग्निवीरों की बहाली की जायेगी।

### हाइकोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा

## चुनाव के बाद भी पंडरा कृषि बाजार की दुकानें अपने अधीन क्यों रखीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंडरा कृषि बाजार दुकान अधिग्रहण मामले में झारखंड हाइकोर्ट में जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा कि चुनाव कराने के बाद भी दुकानों को अपने अधीन रखने का क्या औचित्य है, इसका जवाब दें। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता समन अहमद ने चैंबर की ओर से अदालत में पक्ष रखा। बता दें कि पंचायत चुनाव संपन्न हो जाने के बाद भी चुनाव आयोग ने दुकानें अपने अधीन रखी हैं। इसके खिलाफ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसके बाद हाइकोर्ट ने चुनाव के लिए वैकल्पिक जगह एवं ईवीएम वेयर हाउस बनाने के आदेश दिये थे। अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी एवं व्यवसाय में उलझनों से राहत मिलेगी। लंबित कार्य पूरा करने में व्यस्तता रहेगी।
- **वृष** — रोजी-रोजगार के हालत सुधरेंगे। रोजी-रोजगार का उचित अवसर मिलेंगे।
- **मिथुन** — भाग्योन्नति के अवसर। व्यवसाय में लाभ होगा। लाटरी, जुआ, सट्टे में पैसा न लगायें।
- **कर्क** — संपत्ति संबंधी समस्याएं उत्पन्न होंगी। आय कम होगी। वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें।
- **सिंह** — आप किसी राजकीय विपत्ति के शिकार हो सकते हैं। व्यावसायिक उलझनें भी बढ़ने की संभावना।
- **कन्या** — प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी। मनोवांछित कार्य पूरे होंगे। नवीन कार्य की योजना।
- **तुला** — परिवार में शुभ एवं धार्मिक कार्य होंगे। स्वजन-मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा।
- **वृश्चिक** — परिवार में खुशी का अवसर आयेगा। विवाहादि शुभ कार्य संपन्न होगा। भाग्योदय।
- **धनु** — परिश्रम-प्रयत्न से आय में आशानुकूल वृद्धि होगी। शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी।
- **मकर** — दैनिक कार्य सरलता से पूरे होंगे। संतान आज्ञाकारी रहेगी। कोई शुभ समाचार मिलेगा।
- **कुंभ** — लंबित काम निपटायेंगे। स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होती जायेंगी। प्यार में सफलता मिलेगा।
- **मीन** — बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें। अत्यधिक विश्वास घातक हो सकता है।

## बेटियों की आबरू और उनकी जान की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : संजय सेठ

**झारखंड में लव जिहाद से जुड़ी घटनाओं को एनआइए को सौंपने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की बेटियां अपनी आबरू और जान की रक्षा के लिए त्राहि-त्राहि कर रही हैं। ऐसा लग रहा है, जैसे झारखंड लव जिहादियों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। हर कोने से बेटियों पर अत्याचार, बलात्कार और उनकी हत्या की खबरें आ रही हैं। राज्य एक बहुत ही कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ एक बयान जारी करके कही।

सांसद श्री सेठ ने कहा कि कितनी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि राज्य की जिस सरकार को जनता के जख्मों पर मरहम लगाने चाहिए। बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। अपराधियों को, लव जिहादियों को और ऐसी मानसिकता वाले लोगों को सजा दिलाने के लिए काम करना चाहिए, वह सरकार पिकनिक मनाने व्यस्त है। इससे शर्मनाक स्थिति इस राज्य के लिए और नहीं कुछ हो सकती है। मुख्यमंत्री का बयान होता है कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और उनके भाई कुछ और खरीदारी करने दिल्ली घूमते रहते हैं। इससे पूर्व भी राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह चुके हैं कि बलात्कार की अधिकतर घटनाएं फर्जी होती हैं। दरअसल यह कांग्रेस और कांग्रेस की सोच वाली सभी पार्टियों की मानसिकता है। इनके लिए बेटियों की कोई कीमत नहीं। बेटियों के जान की कोई कीमत नहीं है। उनके परिवार के भावनाओं की कोई कीमत नहीं।

श्री सेठ ने कहा कि इस सरकार को समय रहते चेत जाना चाहिए। सरकार को बेटियों की सुरक्षा के लिए काम करना चाहिए। जिहादी तत्वों का मनोबल तोड़ने के लिए काम करना चाहिए। सांसद ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार यदि सही में बेटियों की सुरक्षा चाहती है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि बेटियों के प्रति चिंतित हैं तो इन सभी मामलों की जांच एनआइए को सुपुर्द कर देनी चाहिए।

## आज से कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण को लेकर ऑटो और ई-रिक्शा का रूट डायवर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिरसा चौक, सुजाता चौक, मुंडा चौक (सिरमटोली चौक) की ओर से कांटाटोली चौक की ओर जानेवाले ऑटो, ई-रिक्शा का परिचालन बहू बाजार चौक से कांटाटोली चौक की तरफ नहीं होगा। संबंधित मार्ग से आनेवाले ऑटो और ई-रिक्शा बहू बाजार चौक से कर्बला चौक-मिशन चौक-प्लाजा चौक-न्यूक्लियस मॉल चौक होकर अपने गंतव्य स्थान तक जायेंगे।

रातू रोड, रेडियम चौक (कचहरी चौक), न्यूक्लियस मॉल चौक, लालपुर चौक, डंगरा टोली चौक की ओर से कांटाटोली चौक होते हुए बहू बाजार चौक, मुंडा चौक होकर ऑटो और ई-रिक्शा अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।

कांटाटोली चौक से 50 मीटर दूरी पर चारों ओर किसी भी तरह के वाहन जैसे ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों का पड़ाव वर्जित किया गया है।

**कार एवं बाइक का भी रूट डायवर्ट :** कांटाटोली फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण ऑटो और ई-रिक्शा के साथ कार और बाइक का रूट भी डायवर्ट किया है।

बिरसा चौक, सुजाता चौक, मुंडा चौक (सिरमटोली ) की ओर से कांटाटोली चौक की ओर जाने वाली कार और बाइक बहू बाजार चौक से कर्बला चौक वाले रास्ते पर जाकर संत पॉल स्कूल के सामने से बसरटोली होते हुए बिशप स्कूल के पास निकलकर कांटाटोली चौक के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

कांटाटोली फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य बिशप स्कूल, बहुबाजार के पास पहुंचने की स्थिति में बिशप स्कूल से बसरटोली रास्ते में वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। बसरटोली जाने वाले वाहन बहू बाजार दक्षिणी होते हुए संत पॉल स्कूल के सामने से बसरटोली तक जा सकेंगे।

### भारत जोड़ो यात्रा : कांग्रेसियों ने रांची में निकाली पदयात्रा

# यह पूरे देश की यात्रा है: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांग्रेस ने अपनी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में झारखंड की राजधानी रांची में भी पदयात्रा निकाली गयी। यह यात्रा कांग्रेस मुख्यालय से होकर शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक होते हुए शहीद स्मारक पहुंची।

पदयात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह यात्रा इतिहास लिखेगी। यह एकता की शक्ति दिखाने, कदम से कदम मिलाने और सपनों का भारत बनाने के लिए है। यह पूरे देश की यात्रा है। उन्होंने कहा कि देश बड़े आर्थिक संकट से घिरा है और त्रासदी की तरफ बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत के लोगों की आवाज को सुनने के लिए शुरू की गयी है। हम आरएसएस और बीजेपी की तरह भारत के लोगों की आवाज को दबाना नहीं चाहते हैं। भारत के लोगों को सुनना चाहते हैं। यही है इस यात्रा का मकसद। यह कांग्रेस पार्टी की यात्रा है, देशहित में सभी इसमें शामिल हो सकते हैं।

पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुखदेव भगत, अनादि ब्रह्म, केशव महतो कमलेश, रमा खलखो, रवींद्र सिंह, सुनील सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ एम तौसीफ, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, ईश्वर आनंद, गजेन्द्र सिंह, सुरेश बैठा, शमशेर आलम, नेली नाथन, आदित्य विक्रम जायसवाल, केदार पासवान, अमरेंद्र सिंह, बबलु शुक्ला, अजय नाथ शाहदेव, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, सलीम खान, शशि भूषण राय, सुरेंद्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, राजन वर्मा, एनूल हक, बेलस तिर्की, चंद्रशेखर शुक्ला, जमील खान, जगरनाथ साहू, छोटू सिंह, त्रिवेदी, मदन महतो, गुजजार अहमद, प्रिंस बट्ट, अजय सिंह, दीपक ओझा, सुरेन्द्र साहू, नितिन सिरमौर्य, सजल चौबे, अजय चौधरी, सुन्दरी तिर्की, मेहुल प्रसाद, निवारण, राजीव नारायण प्रसाद, मनीष कुमार, मोजिबुल्लाह, शहीद अहमद, वेद प्रकाश तिवारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जाति और कपड़े के नाम पर सामाजिक ध्रुवीकरण हो रहा है : बंधु तिर्की

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आज जो सामाजिक ध्रुवीकरण हो रहा है, जाति के नाम पर, कपड़े के नाम पर, खाने के नाम पर यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भयंकर तरीके से सामाजिक ध्रुवीकरण हो रहा है, भारत जोड़ने की जरूरत है।

### भारत को जोड़ना जरूरी : बन्ना गुप्ता

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। भारत जोड़ो यात्रा के पीछे एक बड़ी सोच हमारे नेता राहुल गांधी की है। उनका मानना है कि जो आर्थिक विषमताएं हैं, महंगाई के कारण, बेरोजगारी के कारण, जीएसटी के कारण, हमारे देश के सामने जो आर्थिक चुनौतियां हैं, विषमताएं बढ़ती जा रही हैं, जिसके कारण एक तरीके से विभाजन हो रहा है समाज का, आर्थिक विषमताओं के कारण, तो इसलिए भारत को जोड़ना है।

## डालटनगंज थाना के दो एसआइ और मुंशी के खिलाफ एफआइआर का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/रांची।** डालटनगंज (मेदिनीनगर) कोर्ट के सीजेएम ने शहर थाना में पदस्थापित दो एसआइ और मुंशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने एसआइ अमित सिंह, एसआइ नकुल साहू, थाना के मुंशी और बालमुकुंद पांडेय के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश कंचन कुमार गुप्ता द्वारा दाखिल परिवाद पर सुनवाई के बाद दिया गया है। कंचन कुमार गुप्ता के अधिवक्ता सलभ सिंह ने इस मामले में कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। प्रार्थी ने उक्त लोगों के विरुद्ध सीजेएम कोर्ट में एक परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा गया था कि एसआइ अमित सिंह और नकुल साहू ने कंचन कुमार गुप्ता के साथ मारपीट की और उनके पैकेट में रखे पैसे और मोबाइल भी लूट लिया गया। इतना ही नहीं, परिवाद में यह भी आरोप लगाया गया है कि कंचन कुमार गुप्ता पर एक केस उठाने के लिए लगातार एसआइ अमित सिंह और नकुल साहू और शहर थाने में पदस्थापित मुंशी दबाव बना रहे थे।

परिवाद पर सुनवाई पूरी होने के बाद सीजेएम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए उक्त सभी लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करने का आदेश पारित किया है। सीजेएम कोर्ट ने परिवाद को संबंधित थाना में एफआइआर दर्ज करने के लिए भेजने का आदेश दिया है। परिवाद में आइपीसी की धारा 323, 379, 384, 504 और आइपीसी की धारा 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

## 10 जून को रांची में हुई हिंसा मामले में हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** 10 जून को रांची में हुई हिंसा की एसआइटी से जांच कराने को लेकर दाखिल रिट याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। हिंसा मामले में घटना में मारे गये युवक के पिता की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि इस घटना में पुलिस की संलिप्तता है, इसलिए इस मामले में झारखंड पुलिस की ओर से एसआइटी गठित कर इसकी जांच करायी जानी चाहिए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई।

## बकोरिया मुठभेड़ की जांच के लिए सीबीआइ की टीम पहुंची पलामू

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** एक बार फिर बकोरिया मुठभेड़ की जांच करने के लिए सीबीआइ की एक टीम पलामू पहुंच गयी है। सीबीआइ की टीम बकोरिया मुठभेड़ मामले में कई लोगों से पूछताछ करनेवाली है। उसके बाद जांच के लिए स्थल पर जायेगी। बता दें कि सीबीआइ कथित बकोरिया मुठभेड़ की जांच लगभग 90 प्रतिशत से अधिक पूरा कर चुकी है। 8 जून 2015 को पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया की भलुवही घाटी में कथित मुठभेड़ में माओवादियों के टॉप कमांडर अनुराग उर्फ आरके समेत 12 लोग मारे गये थे। सीबीआइ की टीम फिलहाल कागजात की जांच कर रही है। उसके बाद घटनास्थल का जायजा लेगी और उससे जुड़े हुए महत्वपूर्ण लोगों से पूछताछ करेगी। सीबीआइ की टीम अब तक मामले में झारखंड के तत्कालीन डीजीपी, आइजी, डीआइजी, एसपी, मीडिया समेत 500 से भी अधिक लोगों के बयान ले चुकी है।

**नाम परिवर्तन**

शपथ पत्र संख्या 4172 दिनांक 05.09.2022 के अनुसार मैं, मो. इलताफ अंसारी, पिता-मो. मंसुर अंसारी, उम्र- 36 वर्ष निवासी, ग्राम- इरबा, पो.- ईरबा, थाना- ओरमांझी, जिला- रांची, राज्य-झारखंड शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं कि।

1. यह कि मेरा नाम-मोहम्मद इलताफ अंसारी, पिता- मोहम्मद मंसुर अंसारी मेरे सम्पूर्ण दस्तावेज में यह नाम है।
2. जब कि मेरे Bank A/c में मेरा नाम मोहम्मद इलताफ हुसैन, पिता- मोहम्मद मंसुर अंसारी है। जिस को मैं बदल कर पूरा मोहम्मद इलताफ अंसारी, पिता मोहम्मद मंसुर असारी करवा ना चाहता हूं।
3. जिस के लिए मैं यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं। कि मेरा नाम मोहम्मद इलताफ अंसारी, पिता-मोहम्मद मंसुर अंसारी है।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ETELGSUT-01

कार्य का विवरण: पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल में तालचेर स्थित मौजूदा सब-सेक्शनिंग एवं पैरालेलिंग पोस्ट (SSP) का संबद्ध रूपान्तरण कार्य के साथ-साथ तीसरी लाइन को जोड़ने वाली लाइन एवं CT-83 तक लाइन नं. 10 का विस्तार, तालचेर कार्य नयी लाइन नं.9, सिक लाइन साइडिंग में 25 kV OHE की डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, रूपान्तरण, परीक्षण एवं शुरुआत।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 5,86,19,260.83, EMD (रुपये में) : 4,43,100.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 27.09.2022 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही वह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत-G), खोरधा रोड

PR-94/CF/22-23

## बड़की कारीमाटी का युवक लापता



इचाक(आजाद सिपाही)। बड़की कारीमाटी निवासी महादेव यादव ने अपने बेटे रामजन्म यादव के लापता होने की लिखित सूचना इचाक थाने को दी है। दी गई सूचना में लिखा है की मेरा बेटा रामजन्म यादव आंध्र प्रदेश के निलोर रेलवे स्टेशन से रांची आने के लिए 3 सितंबर को ट्रेन से निकला मगर अभी तक घर नहीं पहुंच सका है। जब उसके फोन पर संपर्क किया गया तो वह अच्छी तरह से बात नही कर पाया। 5 सितंबर को उसके मोबाइल से कोई दूसरा व्यक्ति बात किया और बोला की यह मोबाइल धनबाद के जेपी रेलवे स्टेशन रोड पर मिला है। आप चाहे तो आकर ले सकते हैं। उसके बाद बहुत प्रयास किया बात करने का मगर बात नही हो पाया। महादेव यादव ने अपने पुत्र को ढूंढने और मोबाइल लोकेशन पता करने के लिए इचाक थाना प्रभारी से निवेदन किया है।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



इचाक(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुटुमसुकरी चौक में सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। विधायक प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने कहा कि 5 दिन पूर्व ट्रांसफॉर्मर जलने से पूरे मोहल्ला में अंधेरा छाया था, विद्यार्थियों के साथ भी कई तरह की समस्याएं हो रही थी। जानकारी मिलने पर विद्युत विभाग से मिलकर ट्रांसफार्मर का उपलब्ध कराया गया और कुटुमसुकरी चौक में उसे स्थापित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की समस्या का समाधान करना हमारा प्राथमिकता है। मौके पर शंकर सोनी, रूपेश कुमार, तुलसी रजक, अरुण साव, भोला गुप्ता, धनेश्वर राणा, संजय गुप्ता, सनी कुमार, संदीप रविदास, जितेंद्र रविदास, टिंकू साव, दिलीप साव, प्रिंस कुमार, हिमालय कुमार, अमन कुमार, लखन रविदास, गोपाल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## सर्पदंश से बच्चे की मौत

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो स्थित गोबरबसुवा गाव में सर्पदंश से आदिवासी बच्चे की मौत हो गई।घटना बीती रात की बतायी गयी।इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोबर बसुवा गांव के तालो बेसरा के 9 वर्षीय पुत्र संजय बेसरा जमीन पर सो रहा था कि रात के दस बजे गेहूवन साँप ने डस लिया।खबर पाकर परिजनों ने गोमिया स्थित आर्डियर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जवाब दे दिया।आनन फानन में विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।बताते है कि एक सप्ताह पूर्व विष्णुगढ़ के ढंगर टोली में भी साँप के डसने से एक महिला की मृत्यु हो गयी थी।

## डाढा गांव में बना मॉडल विद्यालय का उद्घाटन कल

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। इचाक प्रखंड के डाढा गांव में बने मॉडल विद्यालय का उद्घाटन कल 12 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता होंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रमुख पार्वती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, जीप सदस्य रेणु देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, प्रखंड प्रतिनिधि भागवत मेहता और विद्युत प्रतिनिधि हरिहर मेहता शामिल होंगे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम मुखिया सुनीता देवी के देखरेख में आयोजित की जा रही है। उक्त जानकारी समाजसेवी दयानंद कुमार ने दी है।

## टाटीझरिया के होलंग में ट्रांसफॉर्मर का किया गया उद्घाटन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के टाटीझरिया पंचायत अंतर्गत होलंग में गुरुवार को विधायक जेपी पटेल के पहल पर लगाए गए 100 केवीए बिजली ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, भाजपा नेता व प्रमुख संतोष मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। ट्रांसफॉर्मर जल जाने से होलंग के ग्रामीण पिछले सप्ताह से अंधेरे में थे और उनका रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे थे। ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर लगाने की गुहार विधायक जेपी पटेल से की। विधायक ने पहल करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को होलंग में अविलंब ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर लग जाने से हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक एवं प्रयासरत लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर होपन सिंह, प्रमोद कुमार सिन्हा, रोहित पटेल, अमरेश सिंह, परण महतो, अनिल प्रसाद, संतोष कुमार व अन्य उपस्थित थे। इधर, डुमर पंचायत के पोडैया आदिवासी टोला के ग्रामीणों ने भी बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग रखा है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में चेस खेल की शुरुआत

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। सेक्रेड हार्ट स्कूल में चेस खेल की शुरूआत हो गई। यहां नियमित रूप से छात्र- छात्राओं को चेस खेल की ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनर के रूप में नेशनल खिलाड़ी सुनील कुमार गुप्ता बच्चों को चेस के टिप्स बता रहे हैं। ट्रेनर सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि चेस दिमागी खेल है। इससे बच्चों के बुद्धि का विकास होता है। साथ ही इस खेल में बच्चे करियर भी बना सकते हैं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को हर प्रकार के खेल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि शिक्षा के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में क्रिकेट, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो समेत अन्य खेलों पर ध्यान दिया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार, दीपक सर्राफ, जेपी सिंह, राकेश पांडेय, बैंड मास्टर प्रमोद सिंह के अलावा बच्चों में हर्षिता सिंह, सोनाली सुमन, घाटिका जैन, शीतल कुमारी, रिया कुमारी, रानी कुमारी, प्रिया श्रीवास्तव, आर्यन सिंह, सुमित कुमार, अविनाश कुमार हिमांशु, सौरभ कुमार मौजूद थे।

## राजद की बैठक, विजय सिंह बने प्रखंड अध्यक्ष

मरकच्चो(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सर्वोदय उच्च विद्यालय के खेल मैदान के समीप राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड इकाई की एक बैठक गुरुवार को राजद प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मंजूर आलम ने किया। बैठक मे राजद प्रखंड अध्यक्ष मरकच्चो के चयन को लेकर किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज रज्जक, सचिन्द्र राणा और राजद के वरिष्ट नेता शिवनाथ यादव मौजूद थे। उक्त पर्यवेक्षकों के साथ साथ उपस्थित दर्जनों राजद नेताओं और कार्यकताओं ने सभा को सम्बोधित कर चुनाव को लेकर अपना अपना मंतब्य दिया। सर्व सम्मति से पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष बिजय कुमार सिंह का पुनः चयन किया गया। राजद के वरिष्ठ नेता सरफराज नवाज खान ने कहा कि पूर्व के राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पार्टी मजबूत हुई है। नव चयनित राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि राजद प्रखंड कमेटी एवं कार्यकताओं के द्वारा जो मुझे उत्तर दायित्व सौंपा गया है मैं उसे बखूबी निभाने का कोशिश करूंगा। धन्यवाद ज्ञापन सरफुद्दीन अंसारी ने की। मौके पर मनिंदर राम, प्रदीप राम, सरफुद्दीन अंसारी, सिकन्दर अंसारी, राम सहाय यादव, मिथिलेश यादव, रामचन्द्र दास, नागेश्वर यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत पुलिस जांच में जुटी

कोडरमा(आजाद सिपाही)। संदेहास्पद स्थिति में हुई विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। घटना अपराहन 1 बजे की बताई गई है। मामले को लेकर विवाहिता के मायके पक्ष व ससुराल पक्ष अलग-अलग राग अलाप रहे हैं। मामले को लेकर मृतिका के भाई की ओर से देर शाम पति गुड्डू राम के विरुद्ध तिलैया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी में लगे है। इस संबंध में मृतिका आरती देवी के भाई दीपक कुमार ने बताया कि 8 माह पूर्व उसकी बहन आरती देवी का तिलैया बस्ती निवासी अनंतराम के पुत्र गुड्डू राम की कोर्ट मैरिज शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति के द्वारा उसकी बहन के साथ लगातार मारपीट किया जाता था। लगातार मारपीट की घटना से उसकी बहन अक्सर बीमार रहने लगी थी। 1 सप्ताह पूर्व उसकी बहन का तबीयत बिगड़ने पर कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान बुधवार को अपराहन 1बजे उसकी मौत हो गई वहीं दूसरी और ससुराल पक्ष की ओर से गुड्डू राम के भाई सतीश के अनुसार शादी के पहले से ही मृतिका किसी रोग से ग्रसित था और इलाज के क्रम में उसकी मौत हुई है। इस संबंध में तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने कहां की फिलहाल मेरे पास लड़की पक्ष की ओर से आवेदन आया है जिसके आधार पर मामले दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन माफियाओं पर कार्रवाई में तेजी लायें : डीसी

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन एवं अवैध क्रशरों पर नकेल कसने के लिए निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा की थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी अपने अपने इलाकों में अवैध खनन माफियाओ पर कार्रवाई में तेजी लाए। एनजीटी के गाइडलाइन का कड़ाई से पालन हो। प्रतिबंधित खनिजों के खनन, परिवहन, संचालित क्रशरों पर कारवाई करते हुए संलिप्त माफियाओं पर आईपीसी, लघु खनिज एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कारवाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा थाना व अंचलधकारी संयुक्त रूप से इन अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए जिम्मेवार हैं, अपने इलाकों में प्रतिबंधित व अवैध रूप से संचालित



खनिजों के खनन पर अंकुश लगाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर सटीक कारवाई करें। साथ ही कृत कारवाई से संबंधित मासिक प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में संयुक्त रूप से ज़िला को प्रतिवेदित करें। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा अगस्त माह में न ही किसी थाना व अंचल स्तर से अवैध खनन, परिवहन, क्रशरों पर की गई कारवाई संतोषजनक है। अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपना भी सूचना तंत्र बनाएं, माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए औचक निरीक्षण करें। पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन ने कहा चेक पोस्ट के भरोसे अंकुश लगाने के बजाय सड़कों पर रेड कर जब्ती की कारवाई करें। जबकि ईचाक, पदमा, चौपारण आदि इलाकों में इको सेंसेटिव जोन में संचालित अवैध खनन, क्रशर पर पुनः बड़ी कारवाई करने के लिए ज़िला खनन अधिकारी को निर्देश दिया गया। डीटीओ को कोयला खनन कंपनियों के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए कारवाई कराने को कहा। खनन टास्क फोर्स में एसपी ने आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर कहा दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सभी थाना क्षेत्र के पूजा समितियों को जरूरी प्रक्रिया करने, मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने, संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने, विसर्जन मार्गों का सत्यापन करने को कहा।

## रिटायर्ड डीएसपी के साथ हुई झड़प, मामला दर्ज

कोडरमा(आजाद सिपाही)। कोडरमा के रिटायर्ड डीएसपी संजीव कुमार सिंह के साथ बुधवार को कुछ लोगों के द्वारा झगड़ा, धक्का मुक्की करने का एक मामला सामने आया है। इस बारे में एसडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि चाराडीह के समीप एक होटल में लेबर को खाना खिलाने गये डीएसपी संजीव कुमार सिंह के साथ कुछ लड़कों द्वारा धक्का मुक्की और झगड़ा किया गया। उन्होंने कहा डीएसपी मुख्यालय के पुत्र ने ईंट की फैक्ट्री लगाया है। जानकारी के अनुसार अजय यादव पिता प्रेमचंद्र यादव और सिकंदर यादव पिता शंकर यादव दोनों चाराडीह निवासी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं इनको पकड़ने के दौरान विजय यादव नामक व्यक्ति के घर से अवैध देशी कट्टा भी बरामद किया है। इस बाबत अलग से मामला दर्ज किया गया है।

## पूर्व विधायक ने विभिन्न गांवों में हाथियों से हुए नुकसान का लिया जायजा

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा कर हाथियों से हुए नुकसान का लिया जायजा। मुआवजा को लेकर डिएफओ से की बात। प्रखंड के कुरचनो, छहिरामो, बनपुरा, बसरामो, बरकनगांगो, केंदुआटांड, छुतहरी कटिया तथा दर्जन भर गांव में हाथियों का आंतक ने लोगों को बेघर कर दिया है।उन्होंने कहा हाथियों के झुंड द्वारा जो किसानों के फसल को नुकसान पंहुचाया और ग्रामीणों के घरों को तोड़ा गया है उसे तत्काल अम्बेडकर आवास और हुए नुकसान का मुआवजा देने को लेकर सबंधित अधिकारियों और पदाधिकारीयों बात की।ज्ञात हो कि गैडा पंचायत के ग्राम कुरचनो निवासी श्यामसुंदर यादव पिता स्व. किशुन यादव, शिवमंगल यादव पिता स्व. बुन्देल यादव, मुकेश पासवान पिता नाथो पासवान, नंदलाल पासवान का भदई फसल नुकशान, छहीरामों मांझी टोला निवासी सुरेन्द्र मांझी पिता रामचंद्र मांझी का घर तोड़ा, भदई फसल, केशोलाल मांझी पिता मिंझलाल मांझी, भैरोलाल मांझी पिता रूपन मांझी, जगदीश मांझी पिता श्यामलाल मांझी, भुनेश्वर मांझी पिता श्यामलाल मांझी, महादेव मांझी पिता पुरण मांझी, मुंसी मांझी पिता बुधू मांझी, श्यामसुंदर मांझी, मणिलाल मांझी, मनोज मांझी तीनो पिता शंकर मांझी का फसल को भारी मात्रा में नुकशान पहुँचाया गया है।



छहीरामों घटवार टोला निवासी रविन्द्र सिंह पिता स्व. महेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, सीताराम सिंह दोनो पिता दिनेश्वर सिंह का घर, भदई फसल और ग्राम बसरामो निवासी मुमताज अंसारी के धान चट कर गए, वहीं चुगलामों पंचायत के ग्राम बनपुरा निवासी राजेंद्र पांडेय, धीरन पांडेय पिता दिवाकर पांडेय का घर तोड़ डाला और भदई फसल चट कर गए, बलराम पांडेय पिता स्व. नाथो पांडेय, प्रकाश पांडेय, जयनंदन पांडेय दोनो के पिता सागर पांडेय, आदित्य पांडेय पिता रामसेवक पांडेय का भदई फसल को भारी मात्रा में नुकशान पंहुचाया गया है।बरकनगांगो पंचयात के केंदुवाटांड़ निवासी तुलसी ठाकुर पिता खूबलाल ठाकुर का घर तोड़ा, छुतहरि कटिया निवासी सुखदेव यादव पिता स्व. जगदीश यादव, अशोक यादव पिता त्रिलोकी यादव का गन्ना भदई फसल चट कर गए।

## सीमा सुरक्षा बल की विश्व प्रसिद्ध जांबाज मोटरसाइकिल टीम का आज होगा स्वागत

हजारीबाग(आजाद सिपासही)। बीएसएफ कैम्प मे सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय दिल्ली की ओर से आयोजित राष्ट्रीय एकता को समर्पित मोटरसाईकिल रैली का हजारीबाग के दारू प्रखंड स्थित बीएसएफ मेरू कैम्प हजारीबाग मे आगमन हो रहा है। 34 सदस्यीय मोटरसाईकिल रैली जिसमें बीएसएफ की विरांगनाएँ (सीमा भवानी) जो राजपथ पर अपनी मोटरसाईकिल का करतब दिखाकर पूरे विश्व को अपना लोहा मनवाया है और बी एस एफ की जाबाँज टीम के जवान इस रैली में शामिल है। रैली 8 दिन के समय के उपरांत 03 राज्यों, मेघालय, आसाम, पश्चिम बंगाल से होते हुए आज झारखण्ड राज्य के दुगापुर शहर से सुबह 8 बजे से चलकर 11 बजे धनबाद पंहुचने के उपरांत विष्णुगढ़ के रास्ते बी एस एफ मेरू कैम्प मे आएगी। इस मोटरसाईकिल रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और



राष्ट्र प्रेम को बढ़ावा देना है। व युवाओं को सीमा सुरक्षा बल के कार्यो व जिम्मेदारियों, नशे के प्रति जागरूक करने एवं बल से जुड़कर राष्ट्र के लिए अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित करना है। मोटरसाईकिल रैली अपनी यात्रा 1 सितंबर को मेघालय राज्य के शिलाँग से प्रारंभ कर बीएसएफ मेरू कैम्प कल 15 बजे पहुँचने जा रही है। 11 सितंबर को ओरंगाबाद, वाराणसी के रास्ते 15 दिन की यात्रा उपरांत दिल्ली पहुँचेगी।

## झरपो बिजली स्टेशन सजधज कर तैयार, सिर्फ उद्घाटन का इंतजार

### 24 घंटे में 7 से 8 घंटे ही मिलती है बिजली

टाटीझरिया(आजाद सिपाही)। विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर झरपो में बिजली सबस्टेशन निर्माण को हरी झंडी दे दी गई थी नही हुआ अब तक उद्घाटन लगभग 2 करोड़ की लागत से एक साल पहले ही यहाँ काम भी पुरा हो चुका है। 11 हजार तार भी सबस्टेशन में लाया गया जिससे ट्रांसफरमर में बल्ब भी जलता है। लेकिन केवल वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण यहां 33 हजार आ नहीं पा रहा। इस सबस्टेशन के चालु नहीं होने से टाटीझरिया स्थित झरपो के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विद्युत व्यवस्था बेपटरी है। यह यहां के लोगो का दुर्भाग्य है कि बिजली संकट के लिए दर्जनो बार सड़क पर उतरने के बावजूद झूठे आश्वासन के सिवाय कुछ नही मिला है। जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को इच्छाशक्ति के आभाव के कारण काम पूरा न हो सका। तार जर्जर के कारण विजली बाधित होते रहती है विजली उपभोकता परेशान ।

**क्या कहते है बरकट्ठा विधायक :** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इस संदर्भ में विजली विभाग के जीएम और फारेस्ट विभाग के अधिकारी से बात किया बोले कि जल्द एनओसी मिल जाएगा।

**क्या कहते हैं उपभोक्ता :** कामेश्वर प्रसाद मिथलेश कुमार आजय कुमार, सुरेन्द्र राणा और पिंटू कुमार का कहना है कि बिजली बिल का भुगतान प्रखंड के लोग हर महीने करते आ रहे है। लेकिन बिजली नहीं मिल पा रही है बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है 24 घंटे में मात्र 7 से 8 घंटे ही बिजली मिल रही है। प्रखंड के झरपो, भराजो, अमनारी, खैरा, टटगांवा, बेडमक्का, नारायणपूर, सहित दर्जनों गांवों के लोग इससे प्रभावित है।

## जल सहिया संघ द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना आज

बड़कागांव(आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिला जल सहिया के निर्देशन में प्रखंड के सभी प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना एवं थाली बजाने का कार्यक्रम निर्धारित की गई है। इसी आलोक में बड़कागांव जलसहिया संघ के द्वारा 9 सितंबर दिन शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। धरना में थाली बजाने का भी कार्यक्रम की जाएगी। इस संबंध में बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में जल सहिया संघ द्वारा एक ज्ञापन सौंपते हुए सूचना दी गई है। ज्ञापन का प्रतिलिपि बड़कागांव थाना प्रभारी को भी सूचनार्थ की गई है।

# चौपारण थाना क्षेत्र अवस्थित बिहार झारखंड समेकित चेकपोस्ट से 55 पशु सहित 5 पशु तस्कर गिरफ्तार

चौपारण(आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुशार चौपारण पुलिस ने रात्रि 2 बजे चोरदाहा चेकपोस्ट से 55 पशु तस्करी के उद्देश्य से वाहन क्षमता से अधिक क्रूरता पूर्वक पशुओं को बिहार से बंगाल की ओर ले जाया जा रहा था। सूचना प्राप्ति के साथ ही पुलिस निरक्षक जगलाल मुंडा,थाना प्रभारी चौपारण शंभू नंद ईश्वर वा जिला शस्त्र बल द्वारा वाहन जांच की गई जिसमे दो कंटेनर वाहन यूपी21सी4719, यूपी 83एटी 3315,407 वाहन जेएच 02बी एच 295 पर कुल 55 मवेशी जिसमे 43



गाय एवं 12 बैल क्रूरता पूर्वक लदा पाया गया वहीं पांच पशु तस्कर मो उमर उम्र 38 वर्ष पिता मो इनामुल ग्राम अंसार नगर चतरा, मो एकरार( मुन्ना )उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्गीय इसरार खान साकिन हेमजापुर थाना आमस जिला गया बिहार मोहम्मद कैफ कुरेशी उम्र 20 वर्ष पिता मोहम्मद रोशन कुरेशी साकिन बेलौडी थाना मोहनिया जिला कैमूर भभुआ मोहम्मद सरीक कुरेशी उम्र21 वर्ष पिता मोहम्मद मनान कुरेशी बेलोडी थाना मोहनिया कैमूर भभुआ मोहम्मद अनवर कुरेशी उमर 38 वर्ष पिता सद्दुरु कुरेशी बिलोरी थाना मोहनिया जिला कैमूर भभुआ के विरुद्ध सभी अभियुक्तों के विरुद्ध चौपारण थाना कांड संख्या 272 ऑब्लिक बारिश की धारा 414 ऑब्लिक 34 एवं तीन ऑब्लिक 415 12 13 झारखंड गोवंश पशु हत्या प्रतिरोध अधिनियम 2005 एवं 11 वन्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 दर्ज किया गया है कांड में जवानों को मयूरहंड गौशाला रखा गया तथा युक्त कांड में गिरफ्तार 5 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया अन्य पशु तस्करी।

## हिंदी सप्ताह का आयोजन सह अंतर विभागीय भाषण प्रतियोगिता करवाने का निर्णय

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष हिंदी विभाग ने हिन्दी सप्ताह का आयोजन सह अंतर विभागीय भाषण प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया है। हिंदी राष्ट्रभाषा-राजभाषा, शुद्ध हिन्दी लेखन साहित्य सृजन की प्रक्रिया, सहज-सरल वाचन आदि विषयों पर इच्छुक अंतर विभागीय विद्यार्थियों को दिनांक 9 सितंबर से 13 सितंबर तक कार्यशाला में आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यशाला में विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकेत्तर कर्मियों को भी आमंत्रित किया गया है। भारत के नव निर्माण में राष्ट्रभाषा हिंदी का योगदान' विषयक भाषण प्रतियोगिता का भी अंतर विभागीय स्तर पर आयोजन निर्धारित है। उक्त प्रतियोगिता में विजेता पांच विद्यार्थियों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को हिंदी दिवस 14 सितम्बर को कुलपति के हाथों आयोजन पूर्वक सम्मानित किया जायेगा।

## जलौंध दुर्गा पूजा कमिटी का गठन, सुरेश प्रसाद मेहता अध्यक्ष, जय प्रकाश मेहता सचिव बने



इचाक(आजाद सिपाही)। जलौंध दुर्गा पूजा समिति की बैठक गुरुवार को ज्लौध मंदिर में हुई। अध्यक्षता सुरेश प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप में भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। बटेश्वर मेहता ने कहा दुर्गा पुजा हर्षोर्लास के साथ मनाया जायगा। जिसमे जलौंध, उरुका, लोहंडी, चंदा और तेतरिया गांव बराबरी का हिस्सेदारी निभाएंगे। सर्व सम्मति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का विस्तार किया गया। सुरेश प्रसाद मेहता को अध्यक्ष, बासुदेव मेहता और लोकेश्वर राम को उपाध्यक्ष, सचिव जय प्रकाश मेहता, रन विजय सिंह, उप सचिव- बंशी महतो, गणेश नारायन गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक प्रसाद मेहता, नवल सिंह, संघठन मंत्री - अर्जुन सिंह, राम प्रकाश मेहता, संयोजक -बटेश्वर मेहता, अंकेक्षक -अवधेश प्रसाद मेहता, पुजारी- गोवर्धन मेहता, पुरोहित -अजय पाठक को बनाया गया है। सर्व समिती से निर्णय लिया गया की कमिटी की सारे पदाधिकारी और कार्य कारिणी सदस्य अपनी अपनी कार्य को लेकर अग्रसर रहेगें और निश्चित समय देकर पूजा को प्रारूप देंगे। दुर्गा पूजा में लगने वाली लाईट साउंड और पंडाल को बासुदेव मेहता और बल्ले उर्फ सत्येंद्र कुमार को जिम्मा सौंपी गई। विशाल कलश यात्रा भी निकाली जायगी। मौके पर अशोक मेहता, बासुदेव मेहता, लालजी मेहता, हेमंत साव, जय प्रकाश मेहता, महावीर गोप, बासुदेव गोप, सत्येंद्र मेहता, महेन्द्र यादव, विकास कुमार, विशुन देव महतो, विशेश्वर मेहता, दिनेश्वर राम मेहता, चंद्र भूषण मेहता, गोविंद मेहता, दीपक कुमार, राज कुमार मेहता, उपेंद्र मेहता, राम किशोर सिंह, राजेश कुमार सिंह, अजय कुमार पाठक, राम प्रसाद मेहता, बंशी महतो, कुलदीप मेहता, बिरजू मेहता, जीतेश्वर मेहता, हेमराज मेहता, अरविंद मेहता, बसंत मेहता, कबलू कुमार, महावीर महतो, अरुण पासवान, गोवर्धन मेहता, फुलेश्वर मेहता, राम विजय सिंह, नवल सिंह, रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## अंबा प्रसाद की पहल पर बड़कागांव में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदला गया



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी पंचायत अंतर्गत ग्राम ढेगा टोला कदमाडी में विगत कई दिनों से जले 100 केवीए का ट्रांसफार्मर को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बदला गयो इस दौरान दिन बुधवार को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के बीच स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर सुपुर्द किया गया` ज्ञात हो कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था एवं स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय विधायक को दी जिसके बाद विधायक अंबा ने विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करायो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे हमसे संपर्क करें ट्रांसफार्मर मिलने के अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, केरेडारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, संजय महतो,संतोष महतो, मदन महतो, भोला महतो, सुखलाल महतो,शिवलाल महतो समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

## झुरझुरी में मनसा पूजा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



बरकट्ठा(आजाद सिपाही)। नागों की देवी और भगवान शिव की मानस पुत्री देवी मनसा की पूजा बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत झुरझुरी में धूमधाम से मनाया जा रहा है। पूजा के प्रारंभ में भव्य कलश यात्रा निकली। कलशयात्रा में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित होकर कलशयात्रियों को कलश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक यादव ने कहा कि मां मनसा देवी के प्रति लोगों में अटूट आस्था है। लोगों का मानना है कि मां मनसा देवी सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। कलश को लेकर कलश यात्रा पूरे मोहल्ले में भ्रमण किया गया।मौक पर प्रखंड़ प्रमुख रेणु देवी, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक, पंसस मंजू कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, भीम प्रसाद, केदार साव,महेंद्र प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, संभु यादव, राजकुमार चौधरी, राजेश प्रसाद, सोबरन प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, सहदेव प्रसाद, देवा प्रसाद, रामेश्वर महतो, छोटी प्रसाद, गोलू प्रसाद, लक्ष्मण राणा, छोटी राणा, अरुण प्रसाद तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बेदिया विकास परिषद् ने पीड़िता रेणु को किया आर्थिक सहयोग



बरकाकाना(आजाद सिपाही)। बेदिया विकास परिषद के पदाधिकारियों ने पीड़िता रेणु कुमारी को आर्थिक सहयोग किया।बेदिया विकास परिषद् के अध्यक्ष शंकर बेदिया,सचेतक देवकीनंदन बेदिया,कोषाध्यक्ष गोबिंद बेदिया,सदस्य नीता बेदिया,गीता देवी,बृजलाल बेदिया, मोतीलाल बेदिया,रमन बेदिया,झगरू बेदिया की उपस्थिति में घुटुवा निवासी स्व सोहित बेदिया की पुत्री पीड़िता रेणु कुमारी को बेहतर चिकित्सा के लिए पीड़िता की बहन गीता कुमारी को दस हजार का चेक सौपकर आर्थिक सहयोग किया।साथ ही आगे भी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।बताते चलें कि रेणु के इलाज हेतु उनकी बीमारी की सूचना काल से ही बेदिया विकास परिषद् के पदाधिकारियों ने बेदिया समाज के आमजनों से अपील की थी जिसके उपरांत बेदिया समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए यह सहयोग किया।

## पंचायत समिति सदस्य ने खिलाड़ियों को फुटबॉल देकर उनका बढ़ाया मनोबल



बरकाकाना(आजाद सिपाही)। दुर्गी बस्ती के पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी ने बाल खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रदान कर उन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।खिलाड़ियों ने फुटबॉल पाकर उत्साहित दिखे एवम पंचायत समिति सदस्य का आभार प्रकट किया।पंचायत समिति सदस्य श्री अंसारी ने कहा दुर्गी पंचायत में छोटा खिलाड़ी हो या जिला स्तरीय खिलाड़ी,सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है तो मैं पूर्णतया प्रयास करूंगा कि जल्द से जल्द खिलाड़ी की परेशानी दूर हो और बिना किसी मानसिक तनाव का अच्छे खेल का प्रदर्शन करते रहे।

रजिस्ट्री सं० डी०एल०– 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी०जी०–डी०एल०–अ०–01092022-238504, CG-DL-E-01092022-238504
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खंड (ii)
PART II – Section 3 – Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
सं० 3909] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त–31, 2022/भाद्र 9, 1944
No. 3909] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST, 31, 2022/BHADRA 9, 1944

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 अगस्त, 2022

**का०आ० 4083(अ)** – केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा–1 के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिहवन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०आ० 4850(अ) तारीख 11 नवंबर, 2021, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखण्ड राज्य के चतरा जिले में **राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–99 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–22) के कि०मी० 41.112 से कि०मी० 56.342 में बाईपास के निर्माण कार्य** के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के उस अधिसूचना के उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी।

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा–3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"14.12.2021"** को **''हिन्दुस्तान''** और **''आजाद सिपाही''** दोनों में प्रकाशित किया गया था।

और आक्षेप प्राप्त हुए थे और सक्षम प्राधिकारी ने उन पर विचार कर लिया है और आक्षेपों को अननुज्ञात कर दिया है।

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा–3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है।

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

## अनुसूची

**झारखण्ड राज्य के चतरा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–99 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–22) के कि०मी० 41.112 से कि०मी० 56.342 में बाईपास के निर्माण कार्य** के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

| राज्य का नाम : झारखण्ड | | | जिले का नाम : चतरा | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी\हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम : चतरा | | | | | |
| गांव का नामः अरूदाना | | | | | |
| 1 | 44 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0096 | (1) श्री अमृत यादव पिता– स्व0 रघु गोप, (2) श्री सुरेश यादव पिता– स्व0 धनेश्वर यादव, (3) श्री उपेन्द्र कुमार, श्री हिमांशु रंजन पिता– स्व0 उमाशंकर यादव, (4) श्री गोपाल यादव पिता– स्व0 किशुन यादव (5) श्री महेश यादव पिता– स्व0 हिरा यादव, (6) श्री लक्ष्मण यादव, भुनेश्वर यादव, चन्द्रीका यादव पिता– स्व0 श्यामलाल यादव, (7) श्री बबलु कुमार पिता– स्व0 आसन यादव वो अन्य। (44) |
| 2 | 47 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.5772 | (1) श्री अमृत यादव पिता– स्व0 रघु गोप, (2) श्री सुरेश यादव पिता– स्व0 धनेश्वर यादव, (3) श्री उपेन्द्र कुमार, श्री हिमांशु रंजन पिता– स्व0 उमाशंकर यादव, (4) श्री गोपाल यादव पिता– स्व0 किशुन यादव (5) श्री महेश यादव पिता– स्व0 हिरा यादव, (6) श्री लक्ष्मण यादव, भुनेश्वर यादव, चन्द्रीका यादव पिता–स्व0 श्यामलाल यादव (7) श्री बबलु कुमार पिता– स्व0 आसन यादव वो अन्य। (47) |
| 3 | 49 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0064751 | राकेश साव पिता– स्व0 हुलास साव वो रामु साव वो गंगा साव पिता– टिभरी साव, बोधी साव रामप्रसाद साव, बसंत साव पिता– स्व0 महादेव साव वो दुःखी साव पिता– स्व0 जीतन साव, नन्द किशोर साव वो उदय साव पिता– स्व0 रूपलाल साव वो प्रमेश्वर साव पिता– लोचन साव वो झमन साव पिता– बॉन साव वो मोती साव पिता– बॉन साव (47) |
| 4 | 50 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.183569 | शम्भु प्रसाद यादव, निर्मल प्रसाद यादव, रमेश प्रसाद यादव, अनिल यादव, अजय यादव पिता– बालो महतो, जोधो यादव पिता– नारायण महतो, भुनेश्वर यादव, छोटु यादव पिता– स्व0 विशुन यादव, रेवा यादव पिता– स्व0 लटन यादव, राहुल यादव पिता– स्व0 ईश्वर यादव एवं अन्य। (50) |
| 5 | 51 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.1417 | (1) मदन उरांव, मोहन उरांव, जगरनाथ उरांव पिता– स्व0 असमु उरांव, (2) गणेश उरांव, अजय उरांव पिता– स्व0 एतवा उरांव, बिगनी देवी पति– स्व0 एतवा उरांव (51) |
| 6 | 53 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.005 | जोधी महतो वो अन्य पिता–स्व0 जीतन साव वो अन्य सा0–किसनपुर (53) |
| 7 | 54 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.5068 | शम्भु प्रसाद यादव, निर्मल प्रसाद यादव, रमेश प्रसाद यादव, अनिल यादव, अजय यादव पिता– बालो महतो, जोधो यादव पिता– नारायण महतो, भुनेश्वर यादव, छोटु यादव पिता– स्व0 विशुन यादव, रेवा यादव पिता– स्व0 लटन यादव, राहुल यादव पिता– स्व0 ईश्वर यादव एवं अन्य। (54) |
| 8 | 79 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0786 | शम्भु प्रसाद यादव, निर्मल प्रसाद यादव, रमेश प्रसाद यादव, अनिल यादव, अजय यादव पिता– बालो महतो, जोधो यादव पिता– नारायण महतो, भुनेश्वर यादव, छोटु यादव पिता– स्व0 विशुन यादव, रेवा यादव पिता– स्व0 लटन यादव, राहुल यादव पिता– स्व0 ईश्वर यादव एवं अन्य। (79) |
| गांव का नामः बसरिया | | | | | |
| 9 | 12 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0222582 | गोविन्द साव वल्द जगलाल साव (12) |
| 10 | 14 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0849858 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (14) |
| 11 | 15 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0547956 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (15) |
| 12 | 16 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.2460542 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (16) |
| 13 | 18 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.1019 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (18) |
| 14 | 21 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0121 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (21) |
| 15 | 4 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.2468 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (4) |
| 16 | 6 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.1764873 | सुरेश साव, नरेश साव, अरूण साव पिता–बढ़न साव (6) |
| गांव का नामः दरहा | | | | | |
| 17 | 45 | निजी (रैयती) | टांड़ | 0.7828 | अस्पष्ट (45) |
| 18 | 47 | निजी (रैयती) | टांड़–3 | 0.0071 | विनोद गोप वो प्रमोद गोप पिता– स्व0 रामदेव गोप वो मनोज गोप वो सुधीर गोप पिता– स्व0 वंशरोपन गोप वगै0 (47) |
| 19 | 48 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0134763 | अशोक गोप, संजय गोप, रंजीत गोप पिता– स्व0 राम सेवक गोप, राजु गोप, रंजन गोप, अमर गोप पिता– स्व0 सुरज गोप वो अंमीत गोप, अमरेश गोप, वरूण गोप पिता– चन्द्रशेखर यादव (48) |
| गांव का नामः देवरिया | | | | | |
| 20 | 1285 | निजी (बकास्त) | टांड़–1 | 0.0249292 | अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय,दीपक पाण्डेय, चतुर पाण्डेय, राम प्रवेश पाण्डेय पिता – स्व0 फिरो पाण्डेय (1285) |
| 21 | 1286 | निजी (बकास्त) | टांड़–2 | 0.0849858 | (1) मोती पाण्डेय पिता– बिने वर पाण्डेय, चान्दो पाण्डेय पिता– चमन पाण्डेय, तेतरी देवी पति गुरूचरण पाण्डेय पिता– चमन पाण्डेय, (2) प्रमोद पाण्डेय पिता– झारो पाण्डेय (3) अजय पाण्डेय पिता– स्व0 फीरो पाण्डेय (4) फिरो पाण्डेय, अमीर पाण्डेय पिता– चान्दो पाण्डेय (5) परदेश पाण्डेय, अधीन पाण्डेय पिता– गुरूचरण पाण्डेय, रेवन्ती देवी पति– स्व0 परदेशी पाण्डेय (6) विन्देश्वर पाण्डेय, प्रमेश्वर पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, सुदामा पाण्डेय पिता– स्व0 लाटो पाण्डेय (7) मोती पाण्डेय पि ता– स्व0 विन्देश्वर पाण्डेय (8) महादेव पाण्डेय पिता– स्व0 प्रमेश्वर पाण्डेय (9) कबुतरी देवी पति– स्व0 आदित्य पाण्डेय (1286) |
| 22 | 1289 | निजी (बकास्त) | धान–3 | 0.0566572 | राजेन्द्र दुबे, देवेन्द्र दुबे माता स्व0 रामकली देवी (1289) |
| 23 | 1290 | निजी (बकास्त) | धान–2 | 0.0459733 | (1) हेमलाल पाण्डेय, नन्दलाल पाण्डेय पिता– गंगा पाण्डेय, (2) जलेश्वरी देवी पति– स्व0 छोटानी पाण्डेय, भुनेश्वर पाण्डेय पिता– हेमलाल पाण्डेय, (3) रामाशीष पाण्डेय, कैलाश पाण्डेय, रामजश पाण्डेय पिता– नन्दलाल पाण्डेय, (4) भागीरथ पाण्डेय पिता– रामाशीष पाण्डेय, (5) शि वकुमार पाण्डेय, महादेव पाण्डेय, मुरत पाण्डेय, बिरबल पाण्डेय, रामेश्वर पाण्डेय, बालेश्वर पाण्डेय, जिरा देवी पति स्व0 शिव दुलार पाण्डेय (6) केदार पाण्डेय, जगदेव पाण्डेय पिता– रामजश पाण्डेय (7) निरो पाण्डेय, ईश्वर पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय पिता– स्व0 शामदेव पाण्डेय (1290) |
| गांव का नामः महापुर उर्फ बुलिया | | | | | |
| 24 | 6 | निजी (बकास्त) | टांड़–3 | 0.0931 | अस्पष्ट (6) |
| 25 | 6 | निजी (बकास्त) | टांड़–3 | 0.1521 | जवाहर नवोदय विद्यालय। (6) |
| गांव का नामः नगवां | | | | | |
| 26 | 93 | निजी (रैयती) | टांड़–2 | 0.0040469 | (1) पुरूषोत्तम लाल अग्रवाल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (2) प्रमोद कुमार अग्रवाल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (3) जयप्रकाश लाल अग्रवाल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (4)नविन कुमार मित्तल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (5) अनन्त देव मित्तल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (6) जितेन्द्र कुमार मित्तल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (7) रविन्द्र कुमार मित्तल पिता– जवाहर लाल अग्रवाल (93) |
| | | | कुल | **3.7194939** | |

[फा. सं. RW/Ranchi/Land Acquisition of Chatra Bypass On NH-99(New NH 22)/2020-21/3D]

राजेश गुप्ता, निदेशक

**पत्रांक:** 787 (अनु.), **दिनांक:** 05.09.2022

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
06

## चंदवाः तालाब में डूबने से युवक की मौत

**चंदवा।** चंदवा सेरक पंचायत अंतर्गत कोटरा मोड के पास बने तालाब से ग्रामीणों ने चौकीदार की उपस्थिति में गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति का शव निकाला है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक बुधवार कर्मा पर्व के समापन को रंगीन बनाने के लिए अपने बहू से ₹500 लेकर बत्तख खरीदने के लिए कोटरा गांव की ओर निकला था। कोटरा मोड़ के नजदीक बने तालाब के पास किसी ने मृतक से ?500 लेकर तालाब में तैर रहे बत्तख दिखा दिया और उसे पकड़ लेने की बात कह पैसे लेकर चलता बना। मृतक अपना कपड़ा उतार कर बत्तख पकड़ने के लिए तलाव में उतर गया। पानी गहरा होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों की नजर जब तालाब में तैरते मृत व्यक्ति को देखा तो पुलिस को सूचना दे चौकीदार के मौजूदगी में शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान शेरक गांव निवासी जगतु भुईयां के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर पहुंच अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी थी।

## मेमोरियल कॉन्फ्रेंस हॉल का डीआइजी ने किया उदघाटन

**लोहरदगा।** पुलिस उपे महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर अनीश गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय लोहरदगा में अजय कुमार सिंह मेमोरियल कॉन्फ्रेंस हॉल का विधिवत उद्घाटन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। पुलिस उप–महानिरीक्षक द्वारा कॉन्फ्रेंस हॉल को काफी सराहा गया तथा भविष्य में इस तरह की पहल पुलिस केंद्र लोहरदगा में भी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ,पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, समादेष्टा 158 सीआरपीएफ एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस उप महानिरीक्षक अनीश गुप्ता द्वारा जिले की विधि व्यवस्था के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली गयी।

## उपायुक्त से ट्राइ साइकिल के लिए लगायी गुहार

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा निर्मल ग्राम अलौदिया पंचायत के शुक्रबजार निवासी सरजु साव उम्र 55 पिता स्व कापो साव करीब 3 साल से दोनों पैर से दिब्यांग है। जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता अयुब खान ने दिब्यांग के घर जाकर जाना हाल। परिजनों ने बताया कि तीन वर्ष पहले इन्हें पैरालाइसिस अटेक हुआ था जिसके कारण इसके शरीर का एक तरफ की अंग काम करना बंद दिया है। बेड और घर का दरवाजा की बाहर का हवा आज तक दिब्यांग सरजू साव नहीं ले पाया है। इसके पत्नी इसे घर में ही पेसाब और शौच कराती है। घर का यही एकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। इसके पत्नी इधर उधर मजदूरी का काम कर किसी तरह जिवन यापन कर रही है। यह शिर्फ बैठ पाता है न खड़ा हो पाता है, न चल सकता है, दो व्यक्ति पकड़कर इसे बेड में सुलाते हैं और निचे उतारते हैं। दिब्यांग सरजू साव को ट्राई साइकिल की अति आवश्यकता है, ट्राई साइकिल होने से ये घर के बाहर घुम फिर सकेंगे, इन्हें काफी सुविधा भी होगी। परिजनों ने उपायुक्त से ट्राई साइकिल के लिए गुहार लगाई है।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचिका जया किशोरी ने वामन अवतार व राजा अंबरीष का प्रसंग सुनाया

# कथा सुनने पहुचे मंत्री बादल पत्रलेख

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथावाचिका जया किशोरी ने वामन अवतार का प्रसंग सुनाया। इस क्रम में जया किशोरी ने राजा अंबरीष और दानवीर राक्षसराज बलि की भी कथा सुनायी। इस दौरान भगवान के वामन अवतार का प्रत्यक्ष दर्शन उपस्थित लोगों को हुआ। भगवान के वामन अवतार के रूप में बाल स्वरूप में मनमोहक छवि वाले बालक को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये। वामन अवतार के संदर्भ में बताया कि राजा बलि स्वर्ग पर स्थायी अधिकार जमाने के लिए अश्वमेध यज्ञ करा रहा है। यह जानकर वामन के रूप में श्री विष्णु वहां पहुंचे। राजा बलि ने उन्हें एक उत्तम आसन पर बिठाकर उनसे भेंट मांगने के लिए कहा। इस पर वामन चुप रहे। लेकिन जब बलि के पुनः आग्रह पर उन्होंने अपने कदमों के बराबर तीन पग भूमि भेंट में मांगी। राजा बलि ने हाथ में जल लेकर तीन पग भूमि देने का संकल्प ले लिया। संकल्प पूरा होते ही वामन का आकार बढ़ने लगा और



वे वामन से विराट हो गए। उन्होंने एक पग से पृथ्वी और दूसरे से स्वर्ग को नाप लिया। तीसरे पग के लिए बलि ने अपना मस्तक आगे कर दिया। वह बोला प्रभु सम्पत्ति का स्वामी सम्पत्ति से बड़ा होता है। तीसरा पग मेरे मस्तक पर रख दें। सब कुछ गंवा चुके बलि को अपने वचन से न फिरते देख वामन प्रसन्न हो गए। उन्होंने ऐसा ही किया और बाद में उसे पाताल का अधिपति बना दिया और देवताओं को उनके भय से मुक्ति दिलाई। उन्होंने राजा अंबरीष के विषय में बताया कि उनका मन सदा के लिए कृष्ण के श्री चरणकमलों में लगा हुआ था, वाणी उन्हीं के गुणानुवाद (गुणों के वर्णन) में लगी रहती थी। जिनके हाथ जब भी उठते श्रीभगवान के मंदिर के सफाई के लिए ही उठते, और कान सिर्फ भगवान कि कथा सुनने को आतुर रहते थे। आँखें सदैव हरि मूर्ति दर्शन को प्यासी रहती थी और अपने शरीर से भक्तों कि सेवा में ही लगे रहना चाहते थे। उनकी नासिका भगवान के श्रीचरणों में चढ़ी हुई तुलसी देवी के सुगन्ध लेने में तथा अपनी जिह्वा के स्वाद के लिए भगवान को अर्पित नैवेद्य के स्वाद में लगा दिया। अपने पैरों को उन्होंने तीर्थ दर्शन हेतु पैदल चलने में लगा दिया और सिर तो सदैव भगवान के श्रीचरणों में झुके ही रहते थे। माला, चन्दनादि जो भी दिखावे अथवा भोग सामग्रियाँ जो भी थीं, वे सब उन्होंने भगवान के श्रीचरणों में अथवा अलंकार हेतु समर्पित कर दिया और भोग भोगने अथवा भोगों की प्राप्ति हेतु नहीं, अपितु भगवत्चरणों में निर्मल भक्ति की प्राप्ति हेतु अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। ये होती है निर्मल भक्ति का स्वरूप जो शास्त्रानुसार है, और



### ये थे मौके पर उपस्थित

इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद धीरज साहू, उदय शंकर प्रसाद, शैफाली साहू, अरुणा साहू, मनु साहू, राहुल साहू, वंदना साहू, हर्षित साहू, रुचि साहू, राजश्री साहू, हंसा साहू, शेरी मुनी साहू, नेहा साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, अशोक यादव, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल, अरुण राम समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

ये राज अम्बरीष जी में पूर्णतया थी। और उनका यही स्वभाव दुवार्सा जैसे ऋषि के उपर भी एक बार भारी पड़ गया। वो हुआ यूं, कि एक दिन दुवार्सा जी भोजनार्थ अपने सहस्त्रों शिष्यों के साथ राजा अम्बरीष जी के यहां पहुंचे। उस दिन द्वादशी थी, अर्थात एकादशी का पारण और समस्या ऐसी थी, कि थोड़ी ही देर में अर्थात जल्द ही त्रयोदशी लगने वाली थी। और पारण द्वादशी में ही करना होता है प्रदोष लगने से पहले। अब दुवार्सा ऋषि को ये बात ज्ञात थी, फिर भी वो लेट हो रहे थे। अब अम्बरीष जी ने अपने पुरोहित जी से पूछा- कि प्रभु ये बताएं कि दरवाजे पर कोई अतिथि आया हो, तो हम बिना उन्हें भोजन करवाए स्वयं पारण कैसे कर सकते हैं। और ना करें, तो मुहूर्त निकला जा रहा है, ऐसे में हम करें तो क्या करें। पुरोहित जी ने कहा- राजन! अगर आप ठाकुर जी का चरणोदक ग्रहण कर लेंगें, तो आतिथ्य का अपमान भी नहीं होगा और आपकी पारण की प्रक्रिया भी पूरी हो जायेगी।

# भाजयुमो का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश की तीन दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत आज से ग्रेटर त्रिवेणी स्कूल सभागार में होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश राज्यसभा सांसद, बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री, वैभव सिंह राष्ट्रीय महामंत्री भाजयुमो, किसलय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो, अमनदीप सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजयुमो कर्मवीर सिंह संगठन मंत्री प्रदेश शामिल होंगे। साथ ही जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवीण

**उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण भाजपा के वैचारिक नीव को मजबूती प्रदान करने के लिए किया जा रहा है**

सिंह पूर्व विधान पार्षद, ओमप्रकाश सिंह, भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष मनीर उरांव एवं निवर्तमान अध्यक्षगण भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण भाजपा के वैचारिक नीव को मजबूती प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। प्रशिक्षण को लेकर भाजपा युवा मोर्चा लोहरदगा के कार्यकर्ता कड़ी मेहनत से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्धारित स्थल ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा व भाजपा कार्यालय के संयुक्त प्रांगण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 14 सत्रों में होगी। जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से अजातशत्रु प्रदेश मंत्री, विश्वजीत शाहदेव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, बाल्मीकि कुमार सजल कुमार, विजय महतो, श्याम सुंदर वर्मा, सुधांशु कुमार, राखी कुमारी,पवन कुमार पप्पू कुमार, सजल कुमार, मृत्युंजय चक्रवर्ती, प्रवीण ठाकुर, अभिषेक कुमार, जीवन उरांव, दिव्यांशु कुमार, कुलदीप कुमार ,दिनेश कुमार, शुभम कुमार, शुभम अग्रवाल, आदि सहयोग कर रहे हैं।

# शिक्षक संघ ने नये पदस्थापित बीइइओ को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में मासिक गुरु गोष्ठी के मौके पर नए पदस्थापित बीईओ रामजीवन नायक का स्वागत झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद, शिक्षक नेता अरुण राम ने किया। मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षक, कर्मी अपना दायित्व बखूबी विभागीय निदेशों के साथ निभाये मेरे जानिब से शिक्षकों की हर समस्या का हर सम्भव समय रहते निबटारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुमताज अहमद ने कहा कि आज की परिस्थिति में शिक्षकों को विद्यालय



में एक साथ कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं है। एक साथ कई फरमानों का निबटारा करना पड़ता है। इन सारी चुनावतियों शिक्षक बखूबी अंजाम दे रहे हैं। मौके पर शिक्षक नेता अरुण राम ने कहा कि शिक्षक पाबंदी से स्कूल पहुंच रहे हैं। बायोमेट्रिक हाजरी भी लगा रहे हैं फिर भी शिक्षक को कहीं न कहीं दोषी समझना समझ से परे है।

# लाचार बहन बेटी को जलाया जा रहा है : लाखन

**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड भाजापा अध्यक्ष लाखन उरांव ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश की हालात बद से बदतर हो गयी है हरेक दिन प्रदेश में कहीं न कहीं किसी लाचार बहन बेटी को जलाया जा रहा है या अन्य तरीके से हत्या कर दी जा रही है, प्रदेश में बलात्कार, हत्या, लूट मार की घटनाएं आम हो गयी है, लोग अपने को



असुरक्षित महसूस कर रहें है चारो ओर भय का माहौल है, सरकार हर मोर्चे पर विफल है एक ओर जनता त्राहि कर रही है तो दूसरी ओर प्रदेश की सरकार अपने विधायक मंत्रियों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने और लाने में व्यस्त है। सरकार जिस तरह से काम कर रही है किसी समझ मे नही आ रही है सोमवार को एक दिन का सत्र बुलाकर विश्वास प्रस्ताव लाया तो सरकार बतलाना चहहिय की कौन सी मजबूरी है कि बिना मांगे ही विश्वासमत पेश किए क्या मुख्यमंत्री को अपने ही विधायको मंत्रियों पर विश्वास नही है। राज्य सरकार की सदस्यता उनकी ही करतूतों से समाप्त होने की संभावना है, राज्यपाल अपना काम बखूबी कर रहें हैं।

## आइटीडीए से संचालित विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग/ आइटीडीए से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृत्ति वितरण, छात्रावासों के जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत अन्य के क्रियान्वयन की जानकारी लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास व कल्याण अस्पताल का निर्माण एवं जीर्णोद्धार की भी समीक्षा किया और जीर्णोद्धार कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# ट्यूशन पढ़ कर लौट रही छात्रा ट्रेन से गिर कर गंभीर रूप से घायल

**रवि कुमार गुप्ता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी रेलवे स्टेशन के पास डेहरी ऑन सोन बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान पैर फिसलने से गिरकर एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती की पहचान बेतला पार्क गेट के समीप रहने वाली छात्रा प्रीति कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता रामलाल रजक के रूप में की गई। युवती प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार को भी मेदनीनगर से ट्यूशन पढ़कर अपने घर आ रही थी। गिरने की सूचना जैसे ही वहां मौजूद आरपीएफ के कांस्टेबल आरडी राम व स्टेशन मास्टर को मिली, घायल युवती को तत्काल



108 एंबुलेंस के माध्यम से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक अनुपमा एक्का, सीएचओ आभा कुमारी, ड्रेसर राजेश चंद्र, बबलू और सूरज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। बाद में युवती को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया।

# पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका मंडल के मुख्यालय स्थित स्व. राजेश्वर प्रसाद यादव के आवास में तीसरी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष श्री हरि कृष्ण सिंह जी उन्होंने कहा स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव जिले के प्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष थे उन्हें लोग भीष्म पितामह के नाम से जाने जाते थे साथ में कहा कि हमारे



अभिभावक के रूप में उन्होंने मुझे राजनीतिक में उंगली पकड़ के चलने को सिखाया आज भी उनके सीख में चलता हूं और हमेशा उनके बातों को भूल नहीं सकता उन्हीं के मार्गदर्शन में यहां तक मैं पहुंचा हूं। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रघुपाल सिंह व महेश सिंह जी,वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद यादव, रघुनंदन प्रसाद यादव, बली यादव, दरोगी यादव, सुरेन्द्र पासवान, सिंजो ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, जिला कार्य समिति सदस्य कौशल किशोर प्रसाद व शंकर दुबे, मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी, मनिका मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव जी, ओबीसी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार दरोगी यादव, विश्वनाथ पासवान, धीरेन्द्र यादव एवं समेत सैकड़ों लोगों का उपस्थिति थे।

## 76 छात्राओं ने नेत्रदान महादान का कार्ड पाया

**लोहरदगा।** नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर 2022 तक भिन्न भिन्न स्कूलों मे नेत्रदान सत्र लगाकर जन जागरण अभियान चलाया गया। इस क्रम में एकलव्य आवासीय बालिका विद्यालय कुजरा मे 76 छात्राओं ने नेत्रदान का शपथपत्र भरकर नेत्रदान महादान कार्ड पाया। प्रधानाध्यापिका अमृता मिश्रा की हार्दिक इच्छा थी कि वो अपनी आंखें दान कर किसी की बेरंग जिंदगी मे रंग भर सके, लेकिन उन्हें पता नहीं था कि इस कार्य के लिए कहा जाए। इस तरह वह अपनी नेत्रदान शपथपत्र भरकर स्वास्थ्य विभाग के प्रति अपना आभार व्यक्त की, बच्चों को प्रोत्साहित की।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## आत्मा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी



**लातेहार।** कृषि विभाग के विभिन्न पदों पर समायोजन करने की मांग को लेकर आत्मा परियोजना, लातेहार के कर्मियों के द्वारा आहुत अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा. जिला अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं की जा रही है. उन्होने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती है हड़ताल जारी रहेगा. लेखापाल भोला कुमार कहा कि आत्मा कर्मी विगत कई वर्षों से कृषि विभाग में समायोजन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. लेकिन सरकार हर बार उनकी मांगों को अनसुना करती रही है. लेकिन इस बार आर या पार की लड़ाई है. उन्होने कहा कि सरकार आत्मा कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

## सांसद ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**लातेहार।** सांसद सुनील सिंह ने जिले के गारू प्रखंड के कबरी-पिपराटांड़ मैदान में पूर्व वन मंत्री स्व यमुना सिंह के स्मृति में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने स्व यमुना सिंह एक कुशल व व्यवहारिक नेता बताया। उन्होने कहा कि उन्हें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होने कहा कि पूर्व मंत्री स्व सिंह एक मिलनसार एव सर्वसुलभ नेता थे। उन्होने आगे कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओ से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है. उन्होने इसके लिए आयोजकों को बधाई दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनित कुमार मधुकर ने भी कहा कि खेलों से सामाजिक सोहार्द की भावनाओं का संचार होता है।

## साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार।** साक्षरता दिवस पर तेजस्विनी परियोजना की दुर्गा बाड़ी क्लब के द्वारा शहर के बहेराटांड़ आंगनबाड़ी केद्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की अध्यक्षता संयोजिका सुकन्या देवी ने किया। मौके पर संबोधित करते हुए सुकन्या देवी ने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति व परिवार से एक शिक्षित व जागरूक समाज का निर्माण किया जा सकता है. उन्होने कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य पशु के समान है। श्रीमती देवी ने आगे कहा कि हमें अपने घर एवं आसपास के निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का संकल्प लेना चाहिए। निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए सरकार के द्वारा कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, हमें उन कार्यक्रमों से निरक्षरों को जोड़ना आवश्यक है।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा



**लातेहार।** कांग्रेस का भारत जोड़ो कार्यक्रम का आगाज गुरूवार को लातेहार में किया गया. जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव के नेतृत्व में एक कार्यक्रम समाहरणालय के समक्ष किया गया. मौक पर संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार डेढ़ सौ दिनो तक जिले में बूथ स्तर पर चलाया जायेगा। श्री उरांव ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में सात अक्टूबर को भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से शुरू किया गया हैं। यह यात्रा पांच महीने तक चलेगी और कश्मीर में खत्म होगा।

## दस्तावेजों की जांच कर करें भुगतानः उपायुक्त



**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग व समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने छात्रवृत्ति वितरण, छात्रावासों के जीर्णोद्धार व मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी ली। उन्होने मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान से पहले दस्तावेजों की जांच कर भुगतान करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास व कल्याण अस्पताल का निर्माण एवं जीर्णोद्धार की भी समीक्षा की और समय पर जीर्णोद्धार कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

## दिव्यांग बच्चों के बीच निःशुल्क सामग्रियों का वितरण

**हेरहंज -(लातेहार)** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर प्रखंड के सभागार भवन में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों का जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड क्षेत्र के कई विधायलयों से दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। एलएमको कम्पनी के तरफ से दिव्यांग बच्चों के बीच निःशुल्क सामग्रियों का वितरण किया गया। ट्राइल्ससाईकल-07, व्हीलचेयर-02, एमआर किट-22, कान मशीन चार्ज-04,ब्रेलकिट-02 व रोलेटर-02 वितरण किया गया। मौके पर-सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी-मनोज मिश्र, डीपीएम-संजीत कुमार,ऑर्थो डॉक्टर-गुलशन गुप्ता, आकांक्षा जोशिया, ऑडियो लोजिस्ट-गुरुदत्त लिंका, उपप्रमुख-विजय उरांव,सांसद प्रतिनिधि-रूपेंद्र जयसावल, हेरहंज मुखिया-प्रीति कुजूर, तासु मुखिया-अनिल उरांव समेत शिक्षा विभाग कर्मी अभिभावक व बच्चें मौजूद थे।

कार्यालय
अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा के स्थगन की सूचना

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से PR 276857 Agriculture (22-23).D के द्वारा 04 अदद तालाब निर्माण हेतु प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

अनुमण्डल–सह–जिला कृषि पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.277314 Agriculture(22-23):D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना चोरी गयी वाहन
हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–काला)

खरौंधी थाना कांड सं0–47/22 दि0–11.08.2022 धारा–379 भा0द0वि0 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–काला) जिसका रजी0 नं0 JH03Y8892, इंजन नं0– HA10AGJHEB4270 का दिनांक–10.08.2022 को समय लगभग 03:00 बजे दिन में ब्लॉक परिसर थाना–खरौंधी जिला–गढ़वा के पास से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR277334 (Police)22-23*D

**प्रदर्शन :** जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन, कहा

# अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई एवं अपराध पर रोक लगाये जिला प्रशासन

**संयुक्त मोर्चा के बैनर तले धरना-प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय के सामने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। मौके पर कालीचरण मेहता ने कहा कि जिले में लगातार हो रही हत्या, बलात्कार, मारपीट, पुलिस एवं सरकार की उदासीनता के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र सौंपा गया। उनसे जिले में अपराधियों पर कार्रवाई करने एवं अपराध पर रोक लगाने की मांग की गयी है। साथ ही जिले में तत्कालीन प्रमुख घटनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि रमकंडा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई जितेंद्र भुइयां की पत्नी किरण देवी की हत्या कर फांसी पर लटका दिया गया और अभी तक अभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पायी।

दूसरी घटना मेराल थाना क्षेत्र हासनदाग गांव में घटित हुई, जिसमें लखन चौधरी का शव हत्या कर फेंक दिया गया था। उस मामले में भी अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। वहीं गढ़वा जिला ओबरा पंचायत निवासी दिलीप सिंह चेरो की पुत्री कशिश कुमारी को बेरहमी से पीटा गया। उस मामले में भी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत जादूनी शर्मा के पुत्र सुदेश्वर शर्मा के साथ दबंगों द्वारा मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया गया था। उस मामले में भी अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी। लगातार जिले में अपराधी-गुंडा माफियाओं द्वारा घटनाएं घटित हो रही हैं, उन सभी पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त मोर्चा के बैनर तले भाकपा माले, जन संग्राम मोर्चा, मूलनिवासी संघ, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक ने उपरोक्त घटनाओं से मर्माहत होकर आक्रोष पूर्ण धरना प्रदर्शन किया है। उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में विभिन्न घटनाओं में अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई करने एवं पीड़ित परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गयी है।

मौके पर भाकपा माले लिबरेशन के राज्य कमेटी सदस्य सुषमा मेहता, जन संग्राम मोर्चा जिला प्रभारी अशोक पाल, ब्रजनंदन मेहता, मूलनिवासी संघ झारखंड प्रदेश सदस्य विनय पाल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक संगठन सचिव संतोष पाल आदि सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## डायन-बिसाही के आरोप में वृद्ध महिला को बेरहमी से पीट कर किया घायल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मझिआंव थाना क्षेत्र के रानीताली गांव में एक 75 वर्षीय महिला विफनी कुंवर को गांव ही दो लोगों ने डायन-बिसाही का आरोप लगाकर बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वृद्ध महिला के शरीर के कई अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आयी हैं, साथ ही बायां पैर टूट गया। घायल विफन कुंवर ने बताया कि गांव में लगे करमा पूजा मेला को देखने के लिए जा रहे थे, उसी बीच रास्ते में सुनेन सिंह की पत्नी सुनीता देवी व विनोद सिंह रास्ते में ही रोक कर नोकझोंक कर हमारे साथ मारपीट करने लगे और रास्ते में पड़े ईंट से हमारे बायां पैर पर मार दिया, जिससे मेरा पैर टूट गया व शरीर के कई जगह पर काफी गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जमीन विवाद में वृद्ध सहित पांच महिलायें गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के परसो डीह गांव में जमीनी विवाद को लेकर गोतिया से हुई मारपीट में एक पक्ष से एक वृद्ध सहित पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। जिन्हें केतार थाना पुलिस को सूचना के बाद इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस घटना में घायल वृद्ध नागेश्वर साह, पत्नी लालमणि देवी, बहु सुनैना देवी पति गोपी साह, रेशम देवी पति अखलेश साह, उर्मिला देवी पति उपेन्द्र साह व मंजू देवी पति बिंदु साह के नाम शामिल हैं। जानकारी देते हुए वृद्ध नागेश्वर साह ने बताया कि गोतिया से जमीनी विवाद दो वर्षों से चल रहा है। गुरुवार को हम सभी लोग अपनी जमीन में मिर्चा की फसल कोड़ रहे थे कि इसी बीच गाली गलौज करते हुए मेरे ऊपर व पत्नी-बहू के ऊपर लाठी, लात-घुंसा से ददन साह, शगुन साह, उपेन्द्र साह, नाहनकेवल साह, उदय साह, विजय साह ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के वक्त हमारे सभी पुत्र घर से बाहर थे। सूचना मिलने के बाद केतार थाना पुलिस को सूचित किया, जहां से पुलिस ने इलाज के लिए भवनाथपुर भेज दिया।

## विवाहिता ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र मानपुर गांव निवासी नूरउद्दीन अंसारी की 35 वर्षीय पत्नी सजीदा बीबी ने बुधवार की दोपहर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद रंका थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में ले अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम कराने आए नजमुद्दीन अंसारी ने घटना के संबंध में बताया कि साजिदा बीवी ने क्यों फांसी लगाकर आत्महत्या की इसकी जानकारी किसी को नहीं है। कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी। इलाज के बाद भी ठीक नहीं हो रहा था किंतु घर के सदस्यों द्वारा लगातार उसका इलाज कराया जा रहा था। घटना कैसे हुई इसकी जानकारी घर के किसी सदस्य को नहीं है।

## एएनएम की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत, दो मासूम हुए अनाथ

**मृतका के पति प्रमोद यादव ने कहा- एएनएम राजकुमारी की लापरवाही से हुई है मेरी पत्नी की मौत**

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार।** थाना क्षेत्र के चांदडीह निवासी प्रमोद यादव की पत्नी सविता देवी की मौत एएनएम की लापरवाही से बुधवार को हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम सविता देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र कधवन में भर्ती कराया। 12 घंटे बाद एएनएम बबीता कुमारी के द्वारा अपने उप स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर दिया गया। परिजनों ने पुनः पाचाडुमर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मे भर्ती कराया। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पदस्थापित राजकुमारी भर्ती कर अपने सेंटर से छह घंटा के लिए बाहर चली गयी।

प्रसूता का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा तो उनके परिजन ने दूरभाष के माध्यम से एएनएम राजकुमारी को बताया। आनन-फानन में एएनएम राजकुमारी देवी ने अपने सेंटर में 12 घंटे रखने के बाद गढ़वा के लिए रेफर कर दिया। उसके बाद परिजन सविता को लेकर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराये। सबिता का स्वास्थ को देखते हुए डॉक्टरों ने वहां से भी रेफर कर दिया। परिजन तुरंत निजी वाहन से मेदनीनगर के लिए रवाना हो गए। वहां पहुंच गंगा अस्पताल में चिकित्सकों को दिखाया। इस दौरान उक्त चिकित्सक ने देखते ही सविता को मृत घोषित कर दिया। जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य पदाधिकारी**

**इस मामले में पूछे जाने पर जिला स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले की दो दिनों के अंदर जांच कर दोषी एएनएम पर सख्त कार्रवाई होगी।**

मृतका के पति प्रमोद यादव ने बताया कि एएनएम की लापरवाही से मेरी पत्नी की जान चली गई है। ससमय अगर रेफर किया जाता तो आज मेरी पत्नी जीवित रहती। मृतका के दो पुत्री हैं। यह घटना स्वास्थ्य विभाग पर उंगली खड़ा करती है। जब एक एएनएम महिला को प्रसव हेतु गढ़वा रेफर करती है तो दूसरा एएनएम भर्ती करती है। जबकि उक्त महिला के शरीर में मात्र 6 ग्राम खून था। इतना जानने के बाद भी अपने केंद्र पर भर्ती कर छह घंटा के लिए गायब रही। एएनएम राजकुमारी देवी ने लापरवाही में हद की सीमा पार कर दी। जिससे दो मासूम बच्चे अनाथ हो गए।

**इस मामले में क्या कहती हैं एएनएम :** एएनएम राजकुमारी ने बताया कि मैं मरीज को भर्ती कर मीटिंग के लिए बाहर चली गयी थी, जब पुनः सेंटर पर आयी तो मरीज की स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया।

## चापाकल लगाने के नाम पर महिला से दस हजार रुपये की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महिला ने थाने में आवेदन देकर ठग के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सरैया ग्राम के चेपली टोला में बुधवार को चापाकल लगाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिवकुमारी देवी नामक महिला से दस हजार रुपए ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने थाने में आवेदन देकर ठग के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

सरैया ग्राम के चेपली टोला निवासी शंभू बिहार की पत्नी शिव कुमारी देवी ने बताया कि बुधवार को उनके घर पर बाइक से एक आदमी आया और बताया कि हम ब्लॉक स्टाफ हैं। आपके नाम से चापाकल पास हुआ है, कहां लगाना है बाहर या अंदर। इसी बात पर पीड़िता ने बताया कि चापाकल आंगन में अंदर ही लगाना है। ठग द्वारा कहा गया कि आपको भवनाथपुर चलना होगा। बोर मशीन आ रही है वहां से चापाकल का मुंडी लेकर साथ में आ जाइएगा। इसके अलावे उसने कहा बैंक का पासबुक और आधार कार्ड ले लीजिए। ठग अपनी ही बाइक से उक्त महिला को ले गया। रास्ते में ठग ने कहा कि घर में अंदर लगाना है तो 12 हजार का खर्च आएगा। लेकिन पीड़िता दस हजार देने की बात कही। उक्त व्यक्ति ने शिव कुमारी देवी को एक सौ रुपए देकर आधार कार्ड का फोटो कराने को कहा। कहा कि बीडीओ सर को देना होगा। कुछ देर बाद मुख्य बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सीएसपी में ले गया, जहां से महिला ने आधार कार्ड से दस हजार निकासी कर ठग को दिया। ठग पैसा देकर आने की बात कहकर चला गया। पीड़िता ने अपने घर पर बोर मशीन आने की बात पूछा तो महिला को ठगी का अहसास हुआ।

## प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षा के लिए ही की जाती है करम पूजा : पूनम व कौशल



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** विश्वव्यापी पर्यावरणविद् संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल एवं प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल यूपी के दो दिवसीय प्रवास के दौरान वहां के थाना,कॉलेज,स्कूल समेत कई जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर विलुप्त प्रजाति के कई पौधे लगाकर प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने सोनभद्र जिले के कोन थाना परिसर राजकीय इंटर कॉलेज, बागेसोती पंचायत सचिवालय और बागेसोती कुटिया मध्य विद्यालय परिसर में वहां के प्रधानाचार्य अमर बहादुर यादव,थाना प्रभारी उमेश राय,प्रधान अवध राम, और बीडीओ मोहम्मद तारिक के साथ संयुक्त रुप से पौधरोपण किया। पर्यावरणविद ने उक्त परिसर में हिमाचल के कपूर, नेपाल का रुद्राक्ष,भूटान का सिंदूर एवं आम और अमरुद के पौधे का वितरण कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि आज शिक्षक समाज में ज्ञान का दान देता है। शिक्षक ही है जो अपने ज्ञान से समाज के लोगों के जीवन में अंधकार को समाप्त करता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि जो कोई भी समाज को निःस्वार्थ भाव कोई काम करता है उसे लोग देवतुल्य मानकर उनकी पूजा करते है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि लोगों को शिक्षक से ज्ञान,करमा पूजा से प्रकृति और पुलिस से देश एव सरहद की होती सुरक्षा होती है। करमा पूजा पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड को हिमाचल का कपूर और छत्तीसगढ़ से आए हुए आदिवासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश भगत को नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा देकर पर्यावरणविद कौशल ने सम्मानित किया। पूनम जायसवाल ने लोगों को शिक्षक दिवस एवं करमा पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि पौधा लगाकर अपने बच्चे की तरह बजाए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमर बहादुर यादव ने कहा कि पर्यावरणविद के द्वारा दिए गए पौधा आज मेरे विद्यालय में पेड़ होकर फल फूल दे रहे हैं। मौके पर वनवासी कल्याण सेवा समर्पण के रविंदर कुमार, सीताराम उरांव,प्रशांत शेखर मिश्रा,एसआई ओम प्रकाश यादव,राम भागवत पटेल, श्याम बिहारी जायसवाल समेत कई लोग शामिल थे।

## वृक्ष अपने आपमें एक सूक्ष्म जीवन है : राजेश भारद्वाज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत कुसुआ ग्राम में विहंगम योग संस्थान के अंतरराष्ट्रीय प्रचारक प्रधान उपदेष्टा संत नामदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर 153 वृक्ष शिक्षाविद् स्व. सत्यनारायण सिंह के बगीचा में झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं जिला प्रचारक राजेश भारद्वाज के द्वारा लगाया गया। इस मौके पर पौधारोपण कार्य के आयोजक श्री राजेश भारद्वाज ने बताया की जब हम कोई पौधा लगावे ,तो उसे केवल पौधा ना समझे उसे प्राण समझे ,एक जीवन समझे ,वह अपने आप में एक सूक्ष्म जीवन है, उन्होंने बताया की 300 पेड़ मिलकर खत्म कर सकते हैं ,एक व्यस्क व्यक्ति द्वारा जीवन भर फैलाए गए प्रदूषण को ,हम सब को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए पेड़ पौधे नहीं रहेंगे, तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, पर्यावरण का संतुलन बना रहे इसी उद्देश्य को लेकर मिशन ग्रीन अर्थ नेम ट्री चलाया जा रहा है ,पलामू प्रमंडल में 1000 वृक्ष लगाने का एवं वृक्षों को बड़ा होने तक देखभाल करने का संकल्प लिया गया है। संस्थान के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि संत का आशीर्वाद से कार्य हो रहा है, संत का जीवन ही परमार्थ के लिए होता है।

## रेल यात्रियों के सुविधा विस्तार के लिए विभाग सक्रिय : वीडी राम

**पलामू सांसद ने किया नवाडीह स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव का शुभारंभ**



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** डेहरी ऑनसोन रेल पथ के कजरात नवाडीह स्टेशन पर रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार की देर शाम ट्रेन के ठहराव का शुभारंभ किया। कजरात नवाडीह स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी-रांची एक्सप्रेस ट्रेन को ठहराव के उपरांत उसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने रेलवे द्वारा किए गए विकास कार्यों सहित रांची-बनारस-रांची एक्सप्रेस के कजरात नवाडीह स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की सराहना की।उन्होंने कहा कि इस ट्रेन का कजरात नवाडीह स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न रेल अधिकारी व आम यात्री उपस्थित रहे। ट्रेन के ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण काफी खुश दिखे। उन्होंने ट्रेन के ठहराव के लिए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम का जोरदार स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह,भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह,वरीय नेता रामप्रवेश सिंह,कामेश्वर कुशवाहा,दंगवार मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह समेत सैकड़ो की संख्या स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकास में बाधक है जात पात की राजनीति : कमलेश

**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रक्षण्ड क्षेत्र में विधायक कोटा की आठ योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उसमे, गंज पर, फुलिया डीह, सबनवा में पीसीसी पथ निर्माण, बरेवा में विवाह मंडप का चहारदीवारी निर्माण, बटौवा में छठ घाट निर्माण, भदई पर विवाह मंडप का निर्माण व सड़या गांव के दो टोलो में पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने एक एक कर आठ योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह जो कहते है वह कर के दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिन गांव में वादा किया था, उन गांव में कार्य शुरू करा दिया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के नेतृत्व में विधायक कोटा की योजनाओं का शिलान्यास लगातार किया जा रहा है।वहीं हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष ज्याउदिन खान,बिमलेश सिंह को शिलान्यास कर कार्य शुरू कराने की जवाबदेही दी गई है। उन्होंने कहा कि एक एक कर ग्रामीण सड़कों को ठीक करा रहे हैं। विधायक ने कहा कि जात पात की राजनीति से विकास क्षेत्र का विकास बाधित होता है।

## डांडिया, गरबा का आयोजन करेगी दुर्गा पूजा महासमिति

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि डांडिया और गरबा का आयोजन भी इस बार किया जाएगा। श्री जौहरी गुरुवार को जय भवानी चौक स्थित रिलेक्स इन होटल में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। श्री जौहरी ने बताया कि नवरात्रि में दो अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में महासमिति के द्वारा गरबा व डांडिया का आयोजन किया जाएगा। वहीं एक दिन सार्वजनिक जगह पर सामूहिक रुप से डांडिया का आयोजन किया जाएगा। श्री जौहरी ने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन महासमिति के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी जो रेड़मा ठाकुरबाडी.से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्ग से गूजरते हूए कोयल तट स्थित दूर्गा बाडी.में समाप्त होगी।

**प्रेस कांफ्रेंस :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने पूर्व विधायक पर बोला जवाबी हमला, कहा

# पूर्व विधायक मनगढ़ंत बातों से जनता को गुमराह करने का कर रहे हैं प्रयास

**किसी व्यक्ति को उजाड़ने का काम नहीं किया जाएगा, जो विकास की योजना मंत्री मिथिलेश ने गढ़वा में लायी है उसे भी धरातल पर उतारा जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर जवाबी हमला बोला है। जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान एवं प्रवक्ता धीरज दुबे ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में कहा कि ठेकेदारी पूर्व विधायक का पेशा रहा है। इसी क्रम में उन्हें अलकतरा घोटाला में जेल भी जाना पड़ा था। ठेकेदारी में कमीशन लेना और देना दोनों पूर्व विधायक भली-भांति जानते हैं। अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान पूर्व विधायक 4-5 पोसूआ ठेकेदार रखे हुए थे, जिन्हें वह ठेकेदारी दिलाते और कमीशन लेने का काम करते थे। आज वैसे लोगों का व्यवसाय बंद हो जाने से पूर्व विधायक बिलबिला उठे हैं। वह अपने सगे लोगों का नहीं हुए तो गढ़वा की जनता का कहां से होंगे।

अध्यक्ष तनवीर आलम ने मीडिया को बताते हुए कहा कि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर विगत पौने तीन वर्षों में कई भूमिहीन परिवार जो दलित और आदिम जनजाति समाज से आते थे उन्हें पट्टा दिलाकर कल्याणपुर आदि जगहों पर बसाने का काम किया है। ऐसे लोकप्रिय नेता के खिलाफ वह फरठिया के लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। जिले के प्रत्येक गांव में स्थित गैरमजरूआ जमीन पर ग्रामीणों का कब्जा रहता है और जब सरकारी योजनाएं आती हैं तो प्रशासन उसे कब्जा मुक्त कर विकास की योजनाएं धरातल पर उतारने का काम करती है। ऐसे में इनकी नकारात्मक राजनीति विकास विरोधी प्रतीत होती है। जिलाध्यक्ष ने यह भी आश्वस्त किया कि किसी भी व्यक्ति को उजाड़ने का काम नहीं किया जाएगा तथा जो विकास की योजना मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा गढ़वा में लायी गयी है उसे भी धरातल पर उतारा जाएगा।

प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि सत्येंद्र नाथ तिवारी विधायक बनने के बाद अपने 10 साल के कार्यकाल का पूरा 40 करोड़ की विधायक निधि की राशि डकार गए। आजकल उन्हें हर रात सपना आता है जिसे सुबह मीडिया के सामने उलूल-जुलूल बयान के रूप में जारी करते हैं। वह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विकास कार्यों से इतना घबरा गए हैं कि उन्हें आगामी चुनाव में जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है। इसलिए मनगढ़ंत बातों से जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे है।

प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला प्रवक्ता धीरज दुबे, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि अशर्फी राम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम, वरिष्ठ नेता पूरन तिवारी, फखरे आलम, जब्बार अंसारी मौजूद थे।

**वृद्ध को शादी का झांसा देकर लाया पलामू, करा दी हत्या**

# लरमी जंगल से बरामद शव की हुई पहचान, तीन आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** अपने पुत्र व पोता की मौत के बाद दुखी रह रहे दिनेश कुमार राम(65) को अपने ही लोगों पर विश्वास करना महंगा पड़ गया। मकान मालिक व उनके परिवार के सदस्यों ने दूसरी शादी का झांसा देकर दिनेश को पलामू लाया और उनकी हत्या करा दी। इस दौरान आरोपियों ने मृतक दिनेश के खाता से आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं यूजर आईडी का फोटो खींचकर नेटबैंकिंग के माध्यम से एक अगस्त 2022 से एक सितंबर 2022 के बीच 23 लाख रूपए की निकासी भी कर ली है। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल आरोपियों बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के शिवुपरी निवासी संटू शर्मा पिता उपेन्द्र शर्मा, अभिमन्यु कुमार उर्फ मोनू पासवान पिता मिथलेश पासवान व बोकारो के बियाडा बाजार निवासी मो. इमतियाज अंसारी पिता नसीम अंसारी शामिल हैं। छतरपुर थाना पुलिस ने इनके पास से पैसा निकासी के लिए उपायोग में लाया गया तीन टचस्क्रीन तथा एक की पेड मोबाइल बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि 24 अगस्त को छतरपुर थाना क्षेत्र के बाघामारा के लरमी जंगल में शव होने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुअनि प्रियरंजन कुमार व पुलिस जवानों के साथ जंगल में पहुंचने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। वहीं, शव के पैंट के पॉकेट में मिले आधार कार्ड से बिहार के रोहतास जिला के किनहीन्डीह निवासी दिनेश कुमार राम(65) में शव की शिनाख्त हुई। उन्होंने बताया कि छत्तरपुर थाना कांड सं० 182/22 दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि मृतक बीएसएल कंपनी बोकारो सेवानिवृतकर्मी है और उसके इकलौता पोता हर्षराज कि अगस्त 2021 में दामोदर नदी में डूबने तथा एकमात्र पुत्र दीपक प्रसाद की सदमे के कारण नवंबर 2021 में मौत हो चुकी है और उसी समय से दिनेश कुमार राम कभी अपने पैतृक घर किरहीन्डीह व ज्यादातर समय बोकारो में किराये के मकान में अकेले रह रहे थे। उनके अकेलेपन का फायदा उठाते हुए मकान मालिक मिथलेश पासवान व उनके पुत्र सोनू पासवान तथा अभिमन्यु पासवान उर्फ मोनू पासवान काफी घुल-मिल गये और नाजायज फायदा उठाकर खाता, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं यूजर आईडी का फोटो ले लिया।

# बारिश से बेहाल बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी आर बोम्मई का कहना है कि बेंगलुरु बाढ़ में डूबा हुआ इसलिए दिख रहा है क्योंकि बारिश सारे रेकॉर्ड तोड़ने पर आमादा है। उनके मुताबिक पिछले 90 साल में ऐसी बारिश नहीं देखी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि समस्या पूरे बेंगलुरु शहर में नहीं है। सिर्फ दो जोन ही मुसीबत में घिरे हैं। हालांकि वहां से आ रही तस्वीरें और खबरें अलग ही कहानी पेश कर रही हैं, यह भी कहा जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं क्योंकि इंद्रदेव राहत देने के मूड में नहीं लग रहे। फिर भी मुख्यमंत्री की इस बात से जरूर कुछ हद तक सहमति जताई जा सकती है कि बारिश ने सचमुच इस बार खेल किया है। एक जून से चार सितंबर के बीच कर्नाटक में 34 फीसदी सरप्लस बारिश रेकॉर्ड की गई। अगर शहर की ताजा स्थिति की ही बात करें तो सोमवार को वहां 13 सेंटीमीटर बारिश हुई और कुछेक इलाकों में तो यह 18 सेंटीमीटर तक दर्ज की गई। बावजूद इसके सारा ठीकरा बारिश पर नहीं फोड़ा जा सकता क्योंकि बेंगलुरु के लिए यह कोई नई बात नहीं है। और बेंगलुरु ही क्यों, आम तौर पर विकास का बड़ा केंद्र नजर आने वाले देश के तमाम बड़े शहरों की कलई उतारने को बस एक ठीक-ठाक बारिश काफी होती है। चेन्नै, मुंबई, हैदराबाद, गुड़गांव सभी हाल के वर्षों में इस हकीकत से रूबरू करा चुके हैं। वजहों पर आएं तो एक बात कॉमन दिखती है और वह है क्लाइमेट चेंज जैसे फैक्टर्स की ओर इशारा करने की। बेशक इसकी अपनी भूमिका मौसम का मिजाज बिगाड़ने में हो सकती है, लेकिन इससे आगे भी बहुत सारी वजहें हैं जो हालात को हद से ज्यादा खराब करने के लिए जिम्मेदार हैं। ये वजहें शहर प्रबंधन से जुड़ी हैं। बेहिसाब और अनियोजित शहरीकरण तो एक बड़ी वजह है ही, नियोजित इलाकों में भी जल निकास की व्यवस्था ठीक काम नहीं कर रही होती है। या तो नालियों पर ही अवैध निर्माण हो चुका होता है या फिर वे कूड़ों कचरों के ढेर से भरी जा चुकी होती हैं। और इन सबके अतिरिक्त एक बड़ी वजह है अंधाधुंध सीमेंटीकरण। आईआईएससी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 तक बेंगलुरु में 78 फीसदी जमीनी सतह पक्कीकृत हो चुकी थी और रिपोर्ट का अनुमान था कि 2020 तक 94 फीसदी पक्कीकरण हो चुका होगा। हरियाली की स्थिति तो और बुरी है। जहां 1973 में 68 फीसदी जमीनी क्षेत्र पर पेड़ पौधे थे, वहीं 2020 में यह अनुपात महज 3 फीसदी पर आ गया था। जाहिर है, इन सबकी जिम्मेदारी मौजूदा मुख्यमंत्री पर नहीं डाली जा सकती, लेकिन वह भी सारा दोष बारिश के मत्थे नहीं मढ़ सकते। उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि शहर इंफोसिस, विप्रो जैसी दिग्गज कंपनियों के साथ बड़े पैमाने पर स्टार्टअप्स का ठिकाना भी है।

**बेहिसाब और अनियोजित शहरीकरण तो एक बड़ी वजह है ही, नियोजित इलाकों में भी जल निकास की व्यवस्था ठीक काम नहीं कर रही होती है। या तो नालियों पर ही अवैध निर्माण हो चुका होता है या फिर वे कूड़ों कचरों के ढेर से भरी जा चुकी होती हैं।**

**चीन ने अपने किसी भी पड़ोसी को धौंस दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ा, पहले चीन अपने पैसे का लालच देता है जो देश इस लालच में फंस गए उन्हें चीन कंगाल बना कर छोड़ता है। जो देश चीन के पैसों के लालच में नहीं आते उन्हें चीन अपनी सेना की धौंस दिखाता है, अपने बाहुबल से उन पर अपना रौब जमाता है। चीन ऐसा ही जापान के साथ पिछले कुछ दशकों से कर रहा था क्योंकि चीन को मालूम है कि जापान का संविधान जापान को सैन्य शक्ति बनने नहीं देगा लेकिन जापान ने संविधान बदले बिना ही लम्बी दूरी तक मार करने वाली अपनी 1000 मिसाइलों को चीन को लक्ष्य पर लेकर तैनात कर दिया।**

# चीन को जापान का करारा जवाब, लांच कीं 1000 मिसाइलें

देव कश्यप



**रणनीतिक जानकारों का कहना है कि भले ही चीन ने इस समय संख्या के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी जल सेना बनाई है लेकिन जापान को चीन का मुकाबला करने के लिए सिर्फ अगला एक वर्ष लगेगा जिसमें वह अपनी नौसेना को विकसित कर चीन का मुकाबला करने लायक बना लेगा।**

जब तक कोई देश किसी दूसरे देश पर अपनी धौंस जमाता है और दूसरा देश पलटवार नहीं करता उस समय तक वो देश धौंस दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ता लेकिन जब पलटवार होने लगता है तब धौंस दिखाने वाला देश भी बैकफुट पर आ जाता है और अपने आक्रामक तेवरों को ढीला करने लगता है। इन दिनों कुछ ऐसा ही हाल चीन का होने लगा है।

चीन ने अपने किसी भी पड़ोसी को धौंस दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ा, पहले चीन अपने पैसे का लालच देता है जो देश इस लालच में फंस गए उन्हें चीन कंगाल बना कर छोड़ता है। जो देश चीन के पैसों के लालच में नहीं आते उन्हें चीन अपनी सेना की धौंस दिखाता है, अपने बाहुबल से उन पर अपना रौब जमाता है।

चीन ऐसा ही जापान के साथ पिछले कुछ दशकों से कर रहा था क्योंकि चीन को मालूम है कि जापान का संविधान जापान को सैन्य शक्ति बनने नहीं देगा, लेकिन जापान ने संविधान बदले बिना ही लंबी दूरी तक मार करने वाली अपनी 1000 मिसाइलों को चीन को लक्ष्य पर लेकर तैनात कर दिया। हालांकि जापान अपने संविधान में बदलाव की बात पिछले बहुत समय से कर रहा है।

**जापान ने संविधान बदले बिना ही लंबी दूरी तक मार करनेवाली अपनी 1000 मिसाइलों को चीन को लक्ष्य पर लेकर तैनात कर दिया।**

जापान की इस कार्रवाई के बाद अब ऐसा लगता है कि जैसे पुराना जापान वापसी कर रहा है। वह जापान जिसने 1868 में तोकूगावा शोगूनेट गिराने के बाद मेईजी रैस्टोरेशन के बाद जापान का तीव्र गति से आधुनिकीकरण किया था। जापान बहुत कम समय में बहुत बड़ी सैन्य महाशक्ति बनकर तैयार हो गया था, ऐसे में जापान ने रूस और चीन समेत अपने आसपास के कई देशों के साथ युद्ध कर उसे धूल चटाई थी। वर्ष 1901 से लेकर 1945 तक जापान एक बहुत बड़ी सैन्य शक्ति बन चुका था जिसने चीन पर चढ़ाई की थी और चीनियों के दांत खट्टे किए थे। इसीलिए चीन जापान से बहुत डरता है। चीनियों के मन में जापान का डर आज भी मौजूद है। उन्हें नानचिंग नरसंहार समेत जापानियों के अत्याचार की बहुत सारी बातें याद हैं।

जापान ने अपने नानशा द्वीप पर इन लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों की तैनाती की है। नानशा द्वीप की लोकेशन इस लिहाज से इतनी अच्छी है कि जापान इस अकेले द्वीप से अपने दोनों दुश्मनों पर एक साथ मिसाइलों से हमला कर सकता है। यानी चीन और उत्तर कोरिया दोनों देशों पर जापान नानशा द्वीप से मिसाइलें दाग सकता है। जापान जानता है कि उत्तर कोरिया पूरी तरह से चीन पर निर्भर है और चीन की शह पर ही उत्तर कोरिया पल रहा है, इसलिए जब चीन और जापान में तनाव या युद्ध जैसी स्थिति पनपेगी उस समय उत्तर कोरिया भी चीन का साथ देने के लिए जापान पर हमला कर सकता है। इसे देखते हुए जापान दोनों देशों से निपटने के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर चुका है।

चीन जापान को लेकर अभी तक एक बात का फायदा जरूर उठाता था। जापान का संविधान जिसके अनुसार जापान अपनी सेना पर ज्यादा पैसे नहीं खर्च कर सकता था और अपने पास हथियार भी सिर्फ उतने ही रख सकता था जितने हथियारों से जापान खुद की रक्षा कर सके। जापान के संविधान को बदलना बहुत पेचीदा प्रक्रिया है। पूर्व प्रधानमंत्री शिन्जो आबे ने इस दिशा में कोशिश की थी लेकिन यह काम उनके लिए भी आसान नहीं था इसलिए शिंजो आबे ने संविधान को बदले बिना ही जापान की सेना को अत्याधुनिक बनाने की शुरूआत कर दी थी। लेकिन विश्व की परिस्थितियों को देखते हुए जापान ने अपने संविधान में बदलाव की शुरुआत कर दी है, ऐसे में नानशा द्वीप पर 1000 मिसाइलें तैनात करना जापान के लिए आसान काम नहीं रहा होगा लेकिन जापान ने चीन और उत्तर कोरिया पर अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं कि जब अगली बार चीन जापान को गीदड़भभकी देगा तो जापान चुप नहीं बैठेगा, बल्कि चीन को भरपूर जवाब देगा।

इन मिसाइलों से अलग जापान अपनी सुरक्षा के लिए घातक हथियार तैयार करने में भी जुटा है अगर जापान की तरक्की की बात की जाये, तो जितने कम समय में जापान ने उच्चतम तकनीक खुद से विकसित कर अपने देश की आर्थिक तरक्की की है और अपने दौर में जितने कम समय में जापान ने अपनी सेना को तैयार किया था इस गति से दुनिया में किसी भी देश ने तरक्की नहीं की है, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ने बहुत कम समय में घनघोर शक्तिशाली युद्धपोत बनाए थे जिसे देख अमरीका भी चकित रह गया था।

रणनीतिक जानकारों का कहना है कि भले ही चीन ने इस समय संख्या के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी जल सेना बनाई है लेकिन जापान को चीन का मुकाबला करने के लिए सिर्फ अगला एक वर्ष लगेगा, जिसमें वह अपनी नौसेना को विकसित कर चीन का मुकाबला करने लायक बना लेगा।

नागातो, सोरयू, हिरीयू, हिएई, किरिशीमा, हारुना, कोन्गो और मित्सुबिशी का बनाया आकागी जैसे विध्वसंक युद्धपोत बना लिए थे जिसने अमरीकी नौसेना को बड़ा नुक्सान पहुंचाया था।

## जमशेदपुर की खबरें

### बेल्डीह चर्च स्कूल में दो दिवसीय रीजनल कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 180 खिलाड़ियों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बेल्डीह चर्च स्कूल में दो दिवसीय रीजनल कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरुवार को स्कूल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में देवघर, पटना, रांची, भागलपुर, धनबाद एवं जमशेदपुर के 6 जोन से 180 प्रतिभागी ने भाग लिया। खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्कूल से 15 रेफरी को नियुक्त किया गया। गुरुवार को पास्टर मनोज चरण के द्वारा प्रार्थना के साथ प्रतियोगिता की शुरूवात की गई। प्रतियोगिता के तकनीकी प्रबंधक अशफाक अहमद के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉक्टर हसन इमाम मल्लिक, विशिष्ट अतिथि डीबीएमएस स्कूल के प्राचार्य रजनी शेखर एवं राजेंद्र विद्यालय के प्राचार्य राखी बनर्जी शामिल हुए। स्कूल प्रबंधन के द्वारा सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंच में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर हसन इमाम मल्लिक और विद्यालय के सचिव सुजीत चंद्र दास ने उत्साहवर्धक भाषण देकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान मंच में बारी बारी से विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभी ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# 10 सितंबर तक डालसा कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं अधिवक्ता

**निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिन लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल के तीन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 सितम्बर से बढ़ाकर 10 सितंबर किया गया। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सूचना निर्गत की गई है। चीफ लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल,डिपुटी चीफ लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल एवं असिसस्टेंट लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल के लिए 10 सितंबर तक आवेदन जमा किया जा सकता है। प्राधिकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया उपरोक्त पदों के लिए चयनित अधिवक्ता नीजी प्रैक्टिस अथवा नीजी स्तर पर केस की सुनवाई नहीं कर सकेंगे। आवेदन स्पीड पोस्ट अथवा हाथो-हाथ सिविल कोर्ट परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के कार्यालय में अंतिम तिथि को संध्या पांच बजे तक जमा किया जा सकता। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी पदों पर नियुक्ति अनुबंध के आधार पर होगी। अनुबंध समाप्त होने पर अवधि विस्तार का अधिकार प्राधिकार के पास सुरक्षित रहेगा। नियुक्ति होने पर चीफ लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल को प्रतिमाह 75 हजार रुपया, डिपुटी चीफ लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल को 55 हजार रुपया तथा असिसस्टेंट लिगल ऐड डिफेंस कौंसेल को 35 हजार रुपया प्रति माह मिलेगा।

# जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता शिविर 12 से 16 सितंबर तक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर की ओर से पांच दिवसीय मध्यस्थता शिविर का आयोजन 12 से 16 सितंबर तक लगाया जायेगा। व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में सड़क दुर्घटना, दावा वाद एवं चेक बाउंस से सम्बंधित जमशेदपुर न्याय मंडल के विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों का निष्पादन किया जायेगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितीश निलेश सांगा ने बताया इस विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम में जमशेदपुर न्याय मंडल में लंबित उपरोक्त वादों की मध्यस्थता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के स्थानीय मध्यस्थों द्वारा की जायेगी। इसके लिए वैसे मुकदमे जिसमे दोनों पछकारों के सहमति के आधार पर सुलह होने की सम्भावना है उसकी सूचि तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया जमशेदपुर के सभी न्यायिक पदाधिकारी तत्परता से इस विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में लगे हुए हैं। सभी न्यायिक पदाधिकारी अपने अपने न्यायालय में लंबित उपरोक्त दोनों प्रकार के वादों में पछकारों को नोटिश भेजने की कार्रवाई कर रहे हैं। अपने स्तर से काफी प्रयास करते हुए दोनों पछकारों को समझा बुझा कर आपसी सुलह के आधार पर मध्यस्थता के लिए तैयार करने का प्रयास किया जायेगा। ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में किया जा सके। डालसा सचिव श्री सांगा ने उपरोक्त वादों से संबंधित सभी मुकदमों के सभी पछकारों को शामिल होने की अपील की। उन्हीने कहा पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता शिविर में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन होने पर मुकदमों से निजात मिलेगा। साथ ही समय और पैसे की बचत होगी।

# जागरूकता जरूरी, मिलकर इससे लड़ने की जरूरत, यह अभियान अपने क्षेत्र के विधायक के संरक्षण में जारी रहेगा: काले

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नमन ने जागरूकता अभियान चलाने का लिये निर्णय कहा जन सहयोग से नशामुक्ति अभियान को सफल बनायेंगे। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' की ओर से नशामुक्ति अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने की। इस बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एबीएम महाविद्यालय की प्राचार्या मुदिता चंद्र ने कहा कि-वर्तमान समय में नशा की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है इसके निदान के लिए हमें आगे आना होगा और अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करना होगा। वे वर्तमान में वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार की काफी तारीफ की और कहा की जब वे सिटी एसपी थे, उस समय भी उन्होंने जब प्रभात जी से इस संबंध में कुछ जानकारी दी तो उन्होंने त्वरित कार्रवाही की थी और अब तो वे वरीय आरक्षी अधीक्षक है इन्हें पूरा भरोसा है कि इस क्षेत्र में वे विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने जोर दे कर कहा की नमन बहुत बेहतर कार्य कर रहा है और उनकी पूरी शुभकामनायें नमन के साथ है। गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि-नशा के सेवन से बल बुद्धि व समृद्धि का नाश होता है। नशा एक ऐसी समस्या है जो हर घर को बर्बाद कर रही है। इसकी गिरफ्त में आकर युवा वर्ग बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। हमें किसी भी तरह से समाज में मादक पदार्थ, ड्रग्स, हेरोइन का चलन बंद करने की आवश्यकता है। नशे की वजह से आपराधिक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। इसकी वजह से घर परिवार में कलह पैदा होता है। जिसका असर समाज पर भी पड़ता है। इसलिए नशे से दूर रहने की जरूरत है। इसलिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। खास कर नारी शक्ति को आगे आ कर इसकी कमान सम्भालनी होगी तभी यह अभियान अपने मुकाम को प्राप्त कर पायेगा। काले ने कहा की उक्त अभियान अपने क्षेत्र के विधायक सरयू रॉय के संरक्षक में जारी रहेगा।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

**इस अवसर पर प्रोफेसर नवनीत कुमार, राघवेंद्र शर्मा, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महेंद्र सिंह, क्रिडा भारती के राजीव कुमार, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जन कल्याण संगठन के धनुर्धर त्रिपाठी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सार्थक कुमार अग्रवाल एवं लिप्पू शर्मा, रिफ्यूजी कॉलोनी कृष्णा मंदिर कमेटी के जितेंद्र चावला, झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड गुरुचरण सिंह बिल्ला, तीनप्लेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सुरजीत सिंह, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के दमन, जंबू अखाड़ा के बंटी सिंह, कराटे एसोसिएशन के सरजू राम, अर्पण संस्था के महेश मिश्रा, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, अटल फाउंडेशन के बबलू कुमार, रंजीत कुमार, झारखंड क्षत्रिय संघ के अभय सिंह, युवा ब्रिगेड किशोर ओझा, विनोद ओमांग, मुखी समाज के सदस्य शेखर मुखी, बिट्टू मुखी, सुदेश मुखी, युवा जन सेवा समिति के विवेक कामंत, संयुक्त छात्र संघ के धीरज चौधरी, जन सेवा संघ के सूरज साह, अखिल भारतीय गंडा समाज के राहुल हरिपाल, तार कंपनी गुरुद्वारा नौजवान समिति सतविंदर सिंह, तूरी समाज के रोहन लाल सहित कई संस्था के गणमान्यों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।**

### गरीब और बस्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत: कन्हैया उपाध्याय

सेवानिवृत्त डीएसपी कन्हैया उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल प्रशासन के बूते की बात नहीं है नशा उन्मूलन अभियान इसके लिए समाज को आगे आना होगा। सेवानिवृत्त डीएसपी वीरेंद्र यादव ने कहा कि एक अन्तराष्ट्रीय साजिश के तहत हमारे देश को बर्बाद करने की साजिश चल रही है। संगोष्ठी में मौजूद प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. केपी. दूबे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि-नमन द्वारा नशा उन्मूलन के लिये बनाई जा रही रूपरेखा में अपने अन्य चिकित्सक साथियों की मदद से उनके सहयोग से चिकित्सीय सेवा, निःशुल्क परामर्श की व्यवस्था कर वे एवं उनके साथी नमन परिवार के इस महाअभियान में अपनी छोटी सी सेवा देने का कार्य करने के लिये संकल्पित हैं। गोष्ठी में सम्मिलित आरएमएस स्कूल की प्रिंसिपल परिणिति शुक्ला ने इसके उन्मूलन के लिये अभिभावकों की भूमिका पर विशेष बल देते हुए कहा कि जब तक अभिभावक सचेत एवं जागरूक नहीं होगे तब तक उसकी सार्थकता पर सवाल है। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित चमकता आइना के संपादक बृजभूषण सिंह व न्यू इस्पात मेल के संपादक जय प्रकाश राय ने भी नशा उन्मूलन हेतु आपने विचार रखे, एवं नमन के इस कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए प्रेस की ओर से भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। गोष्ठी का संचालन पप्पू राव एवं धन्यवाद ज्ञापन जुगनू पांडे ने किया।

# आजाद बस्ती में 11 हजार वोल्ट की समस्या को लेकर हुई बैठक



**मिशन बदलाव की टीम ने विद्युत अधिकारियों से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून एवं नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी की अध्यक्षता में जैनब मस्जिद के पास आजाद बस्ती गुमला में बैठक रखी गई। जिसमें मोहल्ले के सैंकड़ों लोग बैठक में शामिल हुए। मिशन बदलाव के जिला सचिव सय्यदा खातून वा नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि 11 हजार वोल्ट के तारों से पूरा मोहल्ले के लोग डरे हुए हैं। बारिश के दिनों में यह खतरा और बढ़ जाता है। बस्ती के लोगों ने कहा कि बारिश की वजह से घरों में करेंट भी आ जाता है। बहुत लोगों की दुर्घटना भी हो चुकी है। अभी कुछ दिन पहले ही मोहल्ले के इमरान को गंभीर चोट लगी थी और सदर हॉस्पिटल गुमला से इलाज करा के लौटा है। मोहल्लेवासियों की समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव की टीम ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को अवगत कराया था। इसी समस्या को मद्देनजर रखते हुए विभाग पदाधिकारी ने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर अज्जू कच्छप और कमप्यूटर ऑपरेटर एजाजुल हक मुहल्ले की समस्या की समाधान को लेकर बैठक करने आये और समस्या को देखकर तुरंत उस पर पदाधिकारी को अवगत कराते हुए समाधान की बात कही।

मिशन बदलाव की सैयदा खातून ने कहा कि पदाधिकारी सभी समस्याओं को गंभीरता से लें। क्योंकि पूरे मोहल्ले के लोग भयभीत जीवन जी रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारी से अपील भी की कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान करें।

## नवोदय विद्यालय कैंपस में छात्रा की मौत अति चिंतनीय : पुष्पा उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में हुई नेहा की मौत की आवाज अब राजनीतिक व सामाजिक गलियारों में भी गूंजने लगी है। इस मामले में झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा की छात्रा नेहा निधि खलखो की मंगलवार को विद्यालय कैंपस के अंदर आत्महत्या से हुई मौत की घटना अति चिंता का विषय है। श्रीमती उरांव ने कहा है कि विद्यालय कैंपस में आत्महत्या की घटना आसानी से पचने वाली बात नहीं है। परिजनों की मानें तो छात्रा नेहा निधि खलखो सलवार सूट नहीं पहनती थी, तो कैसे दुपट्टा से आत्महत्या कर ली। यह मामले को और संदिग्ध बनाता है। झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति राज्य सरकार से मांग करती है कि छात्रा नेहा निधि खलखो की मौत के मामले की राज्य सरकार सीबीआई जांच कराये। जिससे घटना का सच सामने आयेगा। इससे पूर्व भी अधिवक्ता संघ ने घटना की जांच सीबीआई जैसी संस्था से कराने की मांग की है। दिन ब दिन नये नये विषयों का चर्चा में आना मामले को संदिग्ध बना रहा है। महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला की प्रखंड प्रभारी कुसमा मिंज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मामले की छानबीन कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## सिसई में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बरटोली गांव के लक्ष्मण साहू (65) की वज्रपात की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। इस बाबत थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे लक्ष्मण साहू अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान लरंगो बरटोली में बारिश होने लगी और वज्रपात की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया गया है।

## टेंपो पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** मेन रोड एकठी पुल के समीप गुरुवार को टेम्पो पलटने से टेम्पो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में थाना क्षेत्र के गुरुगांव निवासी बांदो उरांव (60) व विनोद उरांव (20) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने पलटे टेम्पो को सीधा करके उसी टेम्पो से दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज कर दोनों को सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों घायल पिलखी मोड़ अपने रिश्तेदार के घर से करमा मनाकर अपने घर गुरुगांव लौट रहे थे।

**बैठक :** डीडीसी ने की बसिया प्रखंड के सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा

# अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**कस्तूरबा विद्यालय बसिया में 10 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र का किया उदघाटन**

**उपस्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** डीडीसी हेमंत सती के द्वारा बसिया प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। डीडीसी ने समीक्षा के दौरान उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। तत्पश्चात डीडीसी द्वारा उपायुक्त गुमला के निर्देश पर ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ केजीवीबी के तहत कस्तूरबा विद्यालय बसिया में डिजिटल साक्षरता के तहत 10 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र का उदघाटन फीता काटकर किया गया। कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र में सभी आठवीं से लेकर 12वीं की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण के उपरांत ऑनलाइन टेस्ट लिया जायेगा। जिसमें सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र दिया जायेगा।

डीडीसी हेमंत सती के द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र सोलंगबिरा, आंगनबाड़ी केंद्र, तेतरा स्थित विद्यालयों का निरीक्षण भी किया गया।

इस दौरान बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय समेत प्रखंड एवं अंचलकर्मी, जेएसएलपीएस के सदस्य,बैंक कर्मी आदि उपस्थित थे।

# अपनी बुनियादी सुविधाओं की बहाली को लेकर उपायुक्त से मिलेगा पेंशनर समाज

**जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक में लिया गया निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पेंशनर भवन के जीर्णोद्वार और अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराये जाने को लेकर पेंशनरों का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी मंगलवार को गुमला के उपायुक्त से मिलेगा। इस आशय का निर्णय हिलारियुस तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक में लिया गया। प्रतिनिधिमंडल में हिलारियुस तिर्की, तेजपाल राम, अघनु बड़ाईक, महावीर प्रसाद मिश्र, सिद्धेश्वर प्रसाद तथा द्वारिका मिश्र 'सुमन' होंगे।

बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक हिलारियुस तिर्की द्वारा अपने नीजि कोष से पेंशनर समाज को कागजातों के रखरखाव के लिए एक अलमारी देने की बात कही गयी। इस निमित्त उपस्थित सदस्यों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया। झारखंड सरकार द्वारा वर्ष 2004 के बाद नियुक्त राज्यकर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ देने की घोषणा का स्वागत करते हुए अविलंब इसे लागू किये जाने की आवश्यकता जतायी गयी। उल्लेखनीय है कि झारखंड पेंशनर समाज के राज्य संयुक्त सचिव लोहरदगा निवासी महेश सिंह को पेंशनर समाज का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी गयी।

बैठक के अंत में भरनो प्रखंड के सेवानिवृत्त शिक्षक अहमद अली के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में एम.पी. मिश्र, गौरी प्रसाद, अघनु बड़ाईक, सुरेंद्र खड़िया, लीलमोहन साहू, सदाशिव नन्द, दोमनिक तिर्की, प्रभाकर दास, इमाकुलाता तिग्गा, तेजपाल राम, परमानंद भीमकुल, पंचे उरांव, चोन्हाती तिर्की, करोलिना एक्का, सुशीला बाखला, बिपैत देवी आदि उपस्थित थे।

## मोरेंग पंचायत भवन में आधार नामांकन केंद्र का उद्घाटन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मोरेंग पंचायत भवन में गुरुवार को प्रज्ञा केंद्र में आधार नामांकन केंद्र का उद्घाटन जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य ने कहा कि मोरेंग में आधार नामांकन केंद्र खुलने से लोगों को आधार संबंधी कार्य के लिए अब प्रखंड मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। जिससे लोगों को आर्थिक और समय की बचत होगी। इस अवसर पर केंद्र संचालक विनोद कुमार साहू, विजय सिंह पिंटू, जगत मोहन देवघरिया, मुखिया विकास इंदवार, अशोक गोप, जिप सदस्य विनोद भगत, शैलेश साहू, तिजु साहू, भुनेश्वर साहू, अखिल साहू, पंडित रामप्रवेश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## कीटनाशक खाकर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के चाहा गांव की एक 40 वर्षीय विवाहित महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना बुधवार रात्रि करीब नौ बजे की है। कीटनाशक खाने के कारण महिला की स्थिति गंभीर हो गई। जिसे आनन-फानन में बुधवार की रात्रि में ही इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। तत्काल डॉक्टरों ने फौरन उपचार शुरू कर दिया। प्राथमिक उपचार के उपरांत महिला खतरे से बाहर है। लेकिन डॉक्टरों की देखरेख में महिला का उपचार जारी है। बताया जाता है कि परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## खेत में काम कर रहे किसान को सांप ने डंसा, स्थिति गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बड़ा खटंगा निवासी करीब 56 वर्षीय बुद्धु उरांव को खेत में काम करने के दौरान गुरुवार की शाम एक जहरीले सांप ने पैर में डंस लिया। सांप के डंसने के बाद अधेड़ की तबीयत खराब होने लगी। वहीं दूसरे खेत में काम कर रहे कुछ लोगों ने तत्काल अधेड़ को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में पीड़ित का उपचार जारी है। डॉक्टर ने बताया कि स्थिति में सुधार नहीं होता है तो बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया जाएगा।

# राजनीतिक साजिश के तहत मनातू बीडीओ ने करायी एफआइआर : डॉ एसबीपी मेहता



**मैंने 8 जुलाई के बाद बीडीओ से अभी तक ना तो मुलाकात की और ना ही उनसे मोबाइल फोन पर बात की है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू के बीडीओ सुनील प्रकाश के द्वारा दो महीने बाद एफआईआर कराने के मामले पर गुरुवार को परिसदन में पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत बहकावे में आकर बीडीओ ने उनके ऊपर प्राथमिकी दर्ज करायी है। मैं इस मामले में बीडीओ को बेचारा मानता हूं और मामले में जिला प्रशासन से आग्रह करता हूं कि मामले की निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने 8 जुलाई के बाद बीडीओ से अभी तक ना तो मुलाकात की और ना ही उनसे मोबाइल फोन पर बात की है।

विधायक ने कहा कि 8 जुलाई 2022 की घटना के दो महीने बाद दो सितंबर को धमकी देने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराना समय से परे लगता है। जब किसी राजपत्रित कर्मचारी को दो महीने से धमकी मिल रही है तो उनसे तत्काल मामले की सूचना पुलिस को देनी चाहिए थी, लेकिन मनातू बीडीओ ने ऐसा नहीं किया। अपनी एफआईआर में किस मोबाइल नंबर से धमकी भरा कॉल आ रहा था। इसका भी उल्लेख बीडीओ ने अपने आवेदन में नहीं किया है, जिससे यह आरोप मनगढ़त और निराधार साबित हो रहा है। पुलिस बीडीओ के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल निकाल कर यह पता लगाए कि उन्हें आखिर धमकी कौन दे रहा था और किस नंबर से दे रहा था। यह भी कहा कि ब्लॉक से सटे थाना है। मामला दर्ज कराने में नजदीक थाना रहने के बाद भी दो महीने का समय लग गया। यह बड़ा हास्यादपद लगता है।

## हेमंत सरकार लोगों से किये गये वादों को जल्द पूरा करे : उदासन नाग



**बसिया (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने राज्य सरकार द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र में पिछड़ी जाति को आरक्षण देने और 1932 के खतियान को लागू करने की बात कहे जाने पर राज्य की हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब सरकार को जल्द से जल्द पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने, 1932 खतियान को लागू करने और दक्षिणी छोटानागपुर के बैकलॉग नियुक्तियों में पिछड़ी जातियों को आरक्षण सुनिश्चित करने के अपने आश्वासन को जल्द पूरा करने का काम शीघ्र पूरा करे। झारखंड की जनता ने बहुत उम्मीद से इस सरकार का गठन किया है। इसलिये सरकार को चाहिए कि वो लोगों से किये वादों को जल्द पूरा करे।

## सिसई प्रखंड में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोग हुए घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की शाम को विभिन्न जगहों पर सड़क हादसों में कुल नौ लोग घायल हो गए। कुछ घायलों को स्थानीय लोगों ने तो कुछ घायलों को पुलिस ने रेफरल अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद सात लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं दो घायलों विष्णु लोहरा व मंगल लोहरा की गंभीर हालत को देखते हुए गुमला रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी दुर्घटना शाम साढ़े पांच बजे से रात आठ बजे के बीच में घटी थी। पहली दुर्घटना डाड़हा के समीप दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत में दो लोग घायल हुए। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल घटना सकरौली के पास घटी, जिसमें एक व्यक्ति, तिसरी घटना पोटरो मोड़ के समीप एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर कर एक व्यक्ति घायल हो गया, चौथी कुदरा मोड़ के समीप जिसमें दो लोग, पांचवीं घटना छारदा रोड़ बांसटोली के समीप हुई जहां एक मोटरसाइकिल सवार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मारी, जिसमें दोनों घायल हो गए। छठी घटना छारदा रोड में एक बोलेरो ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी जिसमें मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। बुधवार को करम पर्व का बासी था, स्थानीय लोगों के अनुसार सभी सड़क दुर्घटना नशे की हालत में हुई है, कोई भी बाईक सवार हेलमेट पहने हुए नहीं थे। सभी को सिर चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आयी है।

**कार्यक्रम :** पोषण माह के अंतर्गत उन्मुखीकरण सह कार्यशाला में बीडीओ ने कहा

# कुपोषण मुक्त समाज बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है

**सभी जनप्रतिनिधि भी गांव-गांव तक स्वस्थ समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभायें : प्रमुख सबिता देवी**





आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय घाघरा के सभागार में गुरुवार को पोषण माह के अंतर्गत की जानी वाली गतिविधियों को जन जन तक पहुंचाने और कुपोषण मुक्त बनाने में सभी की भूमिका सुनिश्चित हो इस विषय पर उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुवात प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, 20 सूत्री अध्यक्ष, सीडीपीओ अनुपमा मिंज द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी।प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छपा ने कार्यशाला में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका एवं सेन्टर फॉर नालेज डेवलपमेंट के प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर हर व्यक्ति तक पोषण की महता पर विशेष जानकारी पहुंचानी है। पूरे माह पोषण दिवस से जुड़ी हुई अलग-अलग विषय पर प्रभात फेरी, प्रतियोगिता, बच्चों का पोषण सहित स्वास्थ्य की जांच करना, पोषण वाटिका, गृह भ्रमण कर पोषण के विषय पर जागरूक करना है और गांव के अंतिम व्यक्ति तक सही खान पान व स्वच्छता का संदेश पहुंचाना है। कुपोषण मुक्त समाज बनाने के लिए हमे अपनी सहभगिता सुनिश्चित करनी है। मौके पर प्रखंड प्रमुख साबिता देवी ने कहा कि सभी जन प्रतिनिधि भी गांव तक ये संदेश पहुचायें कि हमें हमेशा पौष्टिक युक्त आहार का सेवन करना है, ताकि हम मजबूत हों और स्वस्थ समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभायें।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपमा मिंज ने कहा कि हमें विशेष कर बच्चों के पोषण पर ध्यान देना और वीएचएनडी के दिन आकर उनकी नियमित जांच करानी होगी कि उनका वजन, लम्बाई, उम्र के अनुसार बढ़ रहा है या नहीं, कहीं वे कुपोषण का शिकार न हों इस पर विशेष ध्यान देना होगा। क्योंकि यही हमारे आने वाले भविष्य हैं, इसलिए हमें इनकी विशेष निगरानी करनी होगी।

कार्यक्रम में लेडी सुपरवाईजर राजेश्वरी देवी, पंचायत प्रतिनिधि, सेन्टर फॉर नालेज डेवलपमेंट की प्रखंड समन्वयक माया मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पोषण के हर आयामों को गांव के हर महिला, पुरुष, किशोर-किशोरी तक लेकर जायेंगे और एक जनभागीदारी सुनिश्चित करेंगे, जिससे एक कुपोषण मुक्त समाज का सपना पूरा हो सके।

मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप, प्रमुख सबिता देवी, सीडीपीओ अनुपमा मिंज, लेडी सुपरवाईजर राजेश्वरी देवी, सेन्टर फॉर नालेज डेवलपमेंट की प्रखंड समन्वयक माया मिश्रा, क्लस्टर मोटीवेटर चिंतामणी, बासो, विनय एवं सेविका सावित्री, अनीता, नौवीता इत्यादि मौजूद थे।

# आजाद सिपाही के प्रयास से विधवा महिला को मिलने लगी सरकारी सुविधाएं

**'एक आवास और पेंशन के लिए भटक रही है सुराजो देवी, दूसरे के घर में रहने को विवश' शीर्षक से खबर छपी थी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** अपनी कमी या लापरवाही को छुपाने के लिए सार्वजनिक मंच पर किसी दूसरे के सिर आरोप मढ़ देना बहुत आसान होता है, लेकिन सच हमेशा सच होता है, जिसका सामना हरेक आदमी को करना पड़ता है, चाहे वह आम आदमी हो या सर्वोच्च पद पर आसीन पदाधिकारी। ऐसा ही एक मामला बसिया अनुमंडल क्षेत्र में देखने को मिला जब आजाद सिपाही अखबार में 'एक आवास और पेंशन के लिए भटक रही है सुराजो देवी, दूसरे के घर में रहने को विवश' शीर्षक से खबर छपने के उपरांत प्रखंड प्रशासन के द्वारा बिना नाम लिये खबर के पत्रकार को तेज बनने, झूठा और गलत खबर लिखने की बात कहते हुए विधवा नीलम देवी को विगत तीन माह से पेंशन मिलने का दावा किया गया। इसके उपरांत पुनः अपने दावा से पीछे हटते हुए कहा गया कि हमारे द्वारा नीलम देवी का विधवा पेंशन स्वीकृत कर दिया गया है, पेंशन राशि मिल रही है या नहीं ये नहीं बोल सकते हैं। जब पत्रकार द्वारा समाजसेवी, कर्मठ और समाजहित में कार्य करने वाले जनता के चहेते अधिकारी से नीलम देवी का विधवा पेंशन स्वीकृत कब हुआ, उसे पीपीओ प्रमाणपत्र कब प्रदान किया गया साथ ही नीलम देवी को कब से पेंशन राशि मिल रही है। जैसे सवाल पूछने पर उन्होंने पत्रकार से उक्त महिला का आधार कार्ड और बैंक पासबुक की मांग की गयी। दोनों कागजात की छायाप्रति उपलब्ध कराने के उपरांत उक्त अधिकारी द्वारा उनसे पूछे गये सवाल का कोई जवाब न देकर अपने अधीनस्थ कर्मचारी से बोलकर नीलम देवी को बुलाकर 5 सितंबर को उससे आवेदन लेकर स्वीकृत करते हुए ऑनलाइन करवाने का नेक कार्य किया गया। हालांकि जो भी हो प्रखंड प्रशासन द्वारा सुराजो देवी और नीलम देवी को सरकारी लाभ देने के लिए बसिया के प्रखंड प्रशासन धन्यवाद पात्र है। दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के दो बड़े जनप्रतिनिधियों के लोगो द्वारा प्रखंड प्रशासन को कुछ सम्पन्न लोगों को भी अंबेडकर आवास देने का दबाव बनाया जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# किसी भी कीमत पर नहीं उजड़ने दूंगी भुरकुंडा बाजार : अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका सयाल प्रबंधन द्वारा विगत दिनों भुरकुंडा बाजार के दुकानदारों को अतिक्रमण मामले को लेकर जारी की गई बेदखली नोटिस मिलने के बाद विगत दिनों स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद से मुलाकात की एवं लोगों को राहत दिलाने हेतु पहल किया गया था। जिसके बाद सीसीएल सीएमडी से यह आश्वासन मिला था कि फिलहाल सीसीएल द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाएगी एवं प्रबंधन सामाजिक एवं नैसर्गिक न्याय के अनुरूप कार्य करेगी । सकारात्मक पहल व वार्ता होने के बावजूद भी आजसू पार्टी ने इस मामले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया एवं इसी कड़ी में दिन गुरुवार को सीसीएल जीएम कार्यालय में लोगों को गलत जानकारी देकर गुमराह किया गया और दुकानें बंद कराकर गरीब दुकानदारों के पेट पर लात मारने का काम आजसु पार्टी के द्वारा किया गया। आजसू पार्टी ने बगैर किसी नीति के एक दिवसीय धरना करवाने के लिए अपने कार्यकताओं के साथ व्यापारियों को परेशान करने पहुँच गयी जबकि सीसीएल के जीएम का दिन बृहस्पतिवार को कहीं पूर्व से तय कार्यक्रम में होने के कारण कार्यालय में नहीं थे एक दिवसीय धरना के नाम पर स्थानीय व्यवसायियों एवं कारोबारियों की की दुकान बंद करवाकर अपना राजनीति का दुकान चलाने का हथकंडा आजसू पार्टी ने अपनाया जिसके कारण पूरे भुरकुंडा वासियों, व्यापारियों व जनमानस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बगैर किसी वार्ता व पहल के पूरे दिन समस्त दुकाने बंद रही और इसका बड़ा नुकसान स्थानीय व्यवसायियों को ही उठाना पड़ा। विधायक अंबा प्रसाद ने स्थानीय व्यापारी व दुकानदारों से मुलाकात किया एवम कहा कि भुरकुंडा वासियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, मैंने पूर्व ही सीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया है एवं इस विषय में सकारात्मक वार्ता भी हुई है। मुलाकात के दौरान सीसीएल के सीएमडी ने मुझे आश्वस्त किया है कि अभी हर तरह की कार्रवाई पर रोक लगाया गया है अंबा प्रसाद ने कहा कि सीसीएल सीएमडी से मुलाकात कर मैंने भुरकुंडा के व्यापारियों एवं दुकानदारों से कई बार मुलाकात की है तथा इस संदर्भ में भविष्य में होने वाली रणनीति भी तय है कि किस प्रकार से आने वाले दिनों में बेदखली नोटिस के खिलाफ कदम उठाने हैं। इसके बावजूद गरीब दुकानदारों को धरना के नाम पर 1 दिन का दुकान बंद करवाया गया जो कि कतई सही नहीं है। सीसीएल जीएम का कार्यक्रम पहले से ही कहीं दूसरे जगह तय था उसके बावजूद बिना किसी तैयारी के आम जनमानस को परेशान करने की मंशा रखने वाली आजसू पार्टी ने पूरे बाजार को बंद करवाने का कार्य किया, जिसका व्यापारी भी विरोध कर रहे हैं। विधायक ने मजबूती से कहा कि इस मामले को मुकाम तक पहुंचाएंगे और भविष्य में अगर जरूरत पड़ती है तो भुरकुंडा के व्यापारी संघ व दुकानदारों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीसीएल के सीएमडी सहित माननीय मंत्री और मुख्यमंत्री तक जाऊँगी। विधायक ने ओछी राजनीति कर रहे आजसू पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा की इस बंदी का किसी भी तरह का कोई संदेश या किसी तरह का सकारात्मक निर्णय देखने को नहीं मिला है, आजसू पार्टी ने सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का कार्य किया और सिर्फ और सिर्फ आजसू पार्टी का मंच बनाकर रख दिया, क्षेत्र के अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को किसी भी तरह की सूचना नहीं दी गई एवं इस कड़ी में आम जनमानस एवं उनकी अपेक्षाओं को सिर्फ राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते सिर्फ राजनीति करने के उद्देश्य से अन्य राजनीतिक दलों के द्वारा आर्थिक मानसिक व अन्य गलत तरीकों से क्षेत्रवासियों को शोषण से बचाना मेरा कर्तव्य है और मैं भुरकुंडा बाजार को किसी कीमत पर उजाड़ने नहीं दूँगी।

## नोटिस के विरोध में भुरकुंडा व्यवसायी संघ ने जीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** बरका-सयाल सीसीएल प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण को ले दुकानदारों को नोटिस दिये जाने के विरोध में गुरुवार को भुरकुंडा व्यवसायी संघ के नेतृत्व में जीएम कार्यालय के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगभग दस दशक से भुरकुंडा बाजार में व्यवसाय चल रहा है। सैंकड़ों दुकानदार दुकानदारी कर अपना जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। प्रबंधन द्वारा नोटिस देकर कार्रवाई की बात कही गई है। यह न्याय संगत नहीं है। व्यवसायियों के समर्थन में कई राजनीतिक दल व ट्रेड यूनियन धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। धरना-प्रदर्शन के दौरान आमसभा भी हुआ। आमसभा को संबोधित करते बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि व्यवसायियों द्वारा आहूत इस बंद का मैं निंदा करती हूं। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा नोटिस दिये जाने के बाद मैंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर सीसीएल के सीएमडी से मुलाकात की थी। जिसमें सीएमडी ने आश्वासन दिया था कि अभी नोटिस पर स्टे लगा दिया गया है। इसकी जानकारी मैंने व्यवसायियों को देते हुए आश्वस्त किया था किसी को उजड़ने नहीं दिया जायेगा। बावजूद इसके एक राजनीतिक दल द्वारा इस मामले को तुल देकर बंदी कराया गया जो व्यवसायियों के हित में नहीं है। विधायक की बात खत्म होते ही व्यवसायी और राजनीति दल के लोग आग-बबूला हो उठें। प्रदर्शन के दौरान विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वहीं आमसभा को संबोधित करते हुए आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि आजसू व्यवसायियों के सुख-दुख में 24 घंटे खड़ी है। यह मामला जनहित से जुड़ा हुआ है। विधायक द्वारा यहां पर राजनीतिक रंग देना व्यवसायियों व अन्य राजनीतिक दलों का अपमान है। आजसू ऐसी ओछी राजनीति नहीं करती है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन व्यवसायियों का था। व्यवसायियों के आग्रह पर ही मैं इसमें शामिल हुआ हूँ। आगे भी व्यवसायियों के हित में हर संभव कार्य करता रहूंगा। धरना-प्रदर्शन के उपरांत संघ द्वारा प्रबंधन को तीन सूत्री मांग-पत्र सौंपी गई। इसमें दुकानदारों को संपदा पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के नोटिस को रद्द करने, बाजार में नोटिस बांटने व सर्वे का कार्य बंद करने और बाजार के व्यवसायियों को व्यवस्थित व सामाजिक सुरक्षा देने की मांग शामिल है। मौके पर सतीश सिन्हा, योगेश दांगी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, प्रदीप मांझी, सलील मोहन सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, विमल बुधिया, रॉबीन मुखर्जी, मुन्ना श्रीवास्तव, शशि पासवान सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। बंद रहा भुरकुंडा बाजार, जुलूस की शक्ल में व्यवसायी पहुंचे जीएम कार्यालय नोटिस के विरोध में भुरकुंडा व्यवसायी संघ द्वारा आहुत गुरूवार की बंदी ऐतिहासिक रही। भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही सभी दुकानें बंद रही। व्यवसायियों ने खुद से दुकानें बंद रखीं। दुकान बंद रहने के कारण बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह 10 बजे सभी व्यवसायी संकट मोचन मंदिर के समीप एकत्रित होकर जुलूस के शक्ल में बरका-सयाल जीएम कार्यालय के लिए रवाना हुए। इस दौरान दुकानदार एकता जिन्दाबाद का नारा भी लगा। मौके पर प्रदीप अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मनोज गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, अरूण गुप्ता, संजय अग्रवाल, मो. मुस्तकिम, मनउवर आलम, सुनील कुमार, दिनेश राजगढ़िया, अशोक अग्रवाल, सुल्मान, सोहन साव, रंजीत, गुलेश्वर साव, अभिषेक दुबे, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, राजा गुप्ता, अनूज अग्रवाल, नरेश वर्णवाल, नंदलाल रजक, लक्ष्मण राणा, अजय अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल, रिंकु दास, नूर मोहम्मद, अरूण गुप्ता, मो. सज्जाद, अमित वर्णवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जेएसपी फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** महिला और स्वास्थय एवं बच्चा और शिक्षा जैसे विषयों को ध्यान में रख जेएसपी फाउंडेशन ने 1 से 7 सितम्बर 2022 तक अपने कार्य क्षेत्र के 7 गाओं देवरिया, कुर्से, भंडरा, घागरा, कुसियारा, जयनगर एवं बलकुदरा की 209 महिलाओं के बीच राष्ट्रीय पोषण सप्ताह, 2022 मनाते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान महिलाओं को बुनियादी जानकारी जैसे एनीमिया, महिलाओं के लिए पोषण की आवयसकता, गर्भावस्था के समय स्वस्थ्य जांच, महिला स्वास्थय एवं बच्चे के स्वस्थ्य में समबन्ध, उपलब्ध आंगनवाड़ी सेवायें, उचित हड्डी स्वास्थय के लिए पोषण एवं कई जरुरी जानकारी दी गई। मौके पर सीएसआर विभाग से रश्मिता दास सहित आंगनबाड़ी की सेविकाएं, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे।

## जुबिली कॉलेज में मोदी एट द रेट ऑफ ड्रिम्स मीट डिलेवरी पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में गुरूवार को मोदी एट द रेट 20 ऑफ ड्रिम्स मीट डिलेवरी पर विचार गोस्टी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, झारखंड सरकार के पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि सह जुबिली कॉलेज शशि निकाय के सचिव रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू व सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू व संचालन प्रो. संजय सिंह ने किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने अंग वस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज विदेशों में भी भारत की तूती बोल रही है। उन्होंने पीएम के कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इसका लाभ सभी लाभुकों तक पहुंच रहा है। इधर दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी व पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने प्रखंड के एमओ व जिला आपूर्ति पदाधिकारी की मिलीभगत से जन वितरण प्रणाली दुकान में बरती जा रही अनियमितता को ले बाबूलाल मरांडी को ज्ञापन सौंपा है। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के सागर कुमार ने पतरातू प्रखंड के सुदुरवर्ती गांवों में इसाईयों द्वारा कराई जा रही धमार्नांतरण पर रोक लगाने को ले ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान अन्य लोगों ने भी विभिन्न समस्याओं को ले पूर्व सीएम को ज्ञापन सौंपा है। इधर बिरसा चैक भुरकुंडा में भाजपाईयों द्वारा पूर्व सीएम का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, सुमन सिंह, सुखदेव प्रसाद, संजीव कुमार बाबला, योगेश दांगी, अशोक सोनी, सुरेंद्र करमाली, सतीश मोहन मिश्रा, कुमेल उरांव, दुर्गाचरण प्रसाद, जुगल नायक, अखिलेश टोप्पो, सागर दांगी, अखिलेश्वर प्रसाद, संतनद सिंह, शिव महतो, पूनम साहू, सरस्वती देवी, अनूप सिंह, लव कुमार महतो, शैलेश कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, प्रहलाद पांडेय, नितेश ओझा सहित सैंकड़ो लोग मौजूद थे।

## ठगों ने बेची दो बाइक और एक स्कूटी, पुलिस ने की बरामद

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका अरगड्डा इलाके में ठगों द्वारा बेंची गई दो बाइक और एक स्कूटी पुलिस ने बरामद कर ली है। इस मामले में अनुसंधानकर्ता ने बताया कि सिरका अरगड्डा के रहने वाला एक युवक द्वारा लोन का झांसा देकर ग्रामीणों से दस्तावेज साइन कराए गए थे और उनके नाम पर बाइक लोन पर ले लिया गया था, जब इस पूरे मामले में जांच शुरू की गई तो सिर्फ अरगड्डा इलाके से ही दो ग्लैमर बाइक जेएच 24एफ 6891, जेएच 24एफ 5051 और एक बिना नंबर की स्कूटी बरामद कर ली गई है। यह तीनों गाड़ियां शिव लाल गुप्ता, आशिक अंसारी और शोएब उर्फ पप्पू के घर से बरामद हुई है। सभी गाड़ियों को रिजवान नामक युवक द्वारा ही बेचा गया था।

**इंडस्लैंड बैंक से फाइनेंस की गई थी सारी गाड़ियां**

रामगढ़ थाना कांड संख्या 214/ 22 के अनुसंधानकर्ता ने बताया कि सभी गाड़ियों को इंडस्लैंड बैंक की रामगढ़ शाखा से फाइनेंस किया गया था। रिजवान के द्वारा ही डीओ लेटर ग्लोब ऑटोमोबाइल एजेंसी में जमा कर गाड़ियों को रिसीव किया गया था। जिसके नाम पर उसने गाड़ी की खरीद की थी। उन्हें बैंक से लोन दिलाने का झांसा दिया गया था।

**रितेश कुमार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर दर्ज कराई थी प्राथमिकी**

रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका अरगड्डा इलाके में हुए एक बड़े फर्जीवाड़े को वहां के ग्रामीणों ने उजागर किया था। सिरका अरगड्डा बाल मंडली के रहने वाले रितेश कुमार ने ठगे गए 19 लोगों के साथ मिलकर रामगढ़ थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रितेश ने पुलिस को बताया था कि उसके पड़ोसी रिजवान अंसारी, बटेश्वर महतो, कन्हैया रविदास और गोलू मालाकार ने लोगों को लोन दिलाने का झांसा दिया। इन लोगों ने मिलकर घर-घर जाकर 2 दर्जन से अधिक लोगों से दस्तावेजों पर साइन लिए और उनके कुछ दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। कोरोना काल खत्म हुआ और लोग घरों से बाहर आ गए।

## फुटबॉल में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ी को जिला एवं राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा : सुनील करमाली



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला पंचायत अंतर्गत माथा बगीचा में प्रत्येक वर्ष की भांति 2022 में शिक्षक दिवस के अवसर पर झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूनामेंट मैच का तीसरे दिन फुटबॉल टूनामेंट खेल का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रामगढ़ प्रखंड 20 सुत्री अध्यक्ष सुनील करमाली एवं विशिष्ट अतिथि में बारलोंग मुखिया रेखा देवी शामिल हुए खेल मैदान में खेल प्रारंभ के पहले अतिथियों द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं फुटबॉल किक मारकर खेल का शुभारंभ किया इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है जरूरत है निखारने की जो फुटबॉल खेल में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे तथा उन्हें राज्य और जिला स्तर पर प्रदर्शन करने का अवसर मिल सकता है खेल मैं बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को ऊंचाई तक जाने में कोई नहीं रोक सकता और मंजिल एक ना एक दिन निश्चित मिलेगा, और राज्य से लेकर देश स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान हो सकता है झारखंड में खेल की अपार संभावना है और वर्तमान सरकार खेल के प्रति पूरे प्रदेश में विकास के लिए कटिबद्ध है।उद्घाटन मैच में पहला राउंड का खेल में चेटर एवं बाघाकुदर के बीच खेला गया जबकि दूसरी राउंड के खेल में चकला एवं चेटर के बीच खेल का प्रदर्शन हुआ खेल के दौरान खेल में चकला की टीम सेमीफाइनल में पहुंची खेल के दौरान पहली मैच में पेनाल्टी शूट पर चकला की टीम ने एक बॉल से विजय हुआ। खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अमित कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया पूरे खेल का रेफरी उत्तम कुमार,संतोष महतो एवं वासुदेव महतो द्वारा संदीप रूप से किया।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रखंड सम्मेलन संपन्न



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा पतरातू प्रखंड का सम्मेलन गुरूवार को जवाहर नगर पंचायत भवन में हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया व संचालन प्रखंड महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश साव मौजूद थे। सम्मेलन में कई प्रस्ताव पारित किये गये। इसमें 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना कराने, छोटे व्यापारियों व दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक ऋण माफ करने आदि मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने की घोषणा की गयी। सम्मेलन में यह भी तय किया गया कि 15 सितंबर को रामगढ़ में आहूत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में पतरातू प्रखंड से 100 प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महेश्वर साहु ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों का संवैधानिक अधिकार है। राज्य सरकार अपने वायदे को जल्द पूरा करे। श्री साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा किसी जाति, धर्म या राजनीतिक दल का विरोधी नहीं है, लेकिन अपने हक अधिकार के लिए हमें जिस स्तर पर भी लड़ना होगा लड़ेंगे। जिला सम्मेलन की प्रखंड में व्यापक तैयारी को ले मुकेश लाल सिंदूरिया, भुनेश्वर साव, देव कुमार पंडित एवं गीता देवी को प्रभारी बनाया गया। मौके पर चिंता देवी, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी राणा, देवकुमार पंडित, हरेराम साव, जीवन गुप्ता, महेशलाल, ओमप्रकाश साव, सुदामा साव, राम अयोध्या साव, उमाशंकर वर्मा, कृष्णा साव, निरुलाल, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी, कुसुमलता साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पीएम के 70 वें जन्मदिन संविधान दिवस के रूप में मनायेगी भाजपा

**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला अनुसूचित मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अनुसूचित जाति के मोर्चा राजेश पासवान ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री अनुसूचित मोर्चा के रंजय भारती उपस्थित थे। बैठक में आगामी कार्यक्रम पर चर्चा किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर17 सितम्बर से 26 नवम्बर तक सविधान दिवस तक एससी मोर्चा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। जिसके तहत जिले के चार सौ अनुसूचित जाति के गाव में एससी मोर्चा केंद्र सरकार के उपलब्धियों को जाकर बताएगी साथ ही केंद्र सरकार के योजनाओं से लाभ लिए लाभार्थियों से संपर्क करेगी। इसके लिए जिला की टीम तैयार किया गया। जिला टीम में संयोजक के रूम में राजेश पासवान, सदस्य दिनेश्वर भुइया, पोषण भारती, अरुण कुमार दास, उमेश कुमार, संतोष राम, सभी मंडलों में 5 लोगो की टीम तैयार किया जा रहा है।साथ ही मोर्चा की मजबूती पर विशेष फोकस किया। मजबूती के लिए जिले के पदाधिकारियों को प्रवास का टास्क सौंपा गया। साथ ही जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान व जिला मंत्री चंपा देवी को बनाया गया। दोनों ने गुलदस्ता देकर अतिथियों का स्वागत किया।

## विद्युत आपूर्ति विभाग महाप्रबंधक से मिला शिष्टमंडल, मिला आश्वासन

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति विभाग हजारीबाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता अशोक कुमार सिन्हा से टंडवा प्रखंड में विद्युत आपूर्ति की लचर स्थिति को लेकर टंडवा का एक शिष्टमंडल मिला। शिष्टमंडल में बिजली विभाग जिला विधायक प्रतिनिधि रंजीत कुमार गुप्ता, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, धनगडा पंचायत मुखिया अरविंद कुमार सिंह व भागवत प्रसाद गुप्ता थे। महाप्रबंधक के साथ बैठक में टंडवा में बीते चार -पांच दिनों से बिजली नहीं रहने, कई गावों में ट्रांसफॉर्मर खराब होने,टंडवा एवम् करममोर सबस्टेशन में कम एम्पियर की विद्युत आपूर्ति तथा कहीं भी विद्युत लाइन खराब होने पर तुरन्त नहीं बनाए जाने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुयी। इन बिन्दुओं को महाप्रबंधक ने गंभीरता से लिया और आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं को शीघ्र ठीक कर दिया जाएगा। बैठक में यह भी बात हुई कि एक महीना के अन्दर टंडवा को इटखोरी चोरकारी पवार ग्रीड से जोड़कर 24 घंटा विद्युत आपूर्ति किया जायेगा।इसके लिए महाप्रबंधक ने बैठक में ही उपस्थित एसी अनील कुमार सिंह और कार्यपालक अभियंता चतरा संजीव प्रसाद, विद्युत आपूर्ति विभाग के एसडीओ मंटू शर्मा एवम् कनीय अभियंता इटखोरी तरुण कुमार को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जिसका कार्य कल से ही प्रारंभ कर दिया जायेगा आश्वासन मिला।

## पटेल सेवा संघ पतरातू प्रखंड कमेटी की भुरकुंडा में हुई बैठक

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पटेल सेवा संघ पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुजीत कुमार पटेल व संचालन राजेश मंडल ने किया। बैठक में कहा गया कि आगामी 11 सितंबर को पीटीपीएस पतरातू स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल पर नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद खीरु महतो का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित की जाएगी। कहा गया कि इससे पूर्व भुरकुंडा स्थित ग्लास फैक्ट्री व पतरातू में खीरु महतो का भव्य स्वागत किया जायेगा। बैठक में लखींद्र राय, राजेंद्र महतो, सुनील महतो, विकास पटेल, भरत प्रसाद, निरंजन पटेल आदि मौजूद थे।

## 22 सितंबर तक करा लें अपने-अपने एसोसिएशन का एफीलिएशन : सीडी सिंह

**चितरपुर(आजाद सिपाही)।** जिले के तमाम खेल संघ रामगढ़ जिला ओलंपिक एसोसिएशन से 22 सितंबर तक एफिलिएशन ले सकते है। यह जानकारी देते हुए रामगढ़ जिला ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव सीडी सिंह ने कहा कि खेल से संबंध रखने वाले तमाम एशोसिएशन अपने अपने एसोसिएशन की एफीलिएशन फि 2020-21 का 500 रुपए के आधार पर जमा करा लें। इसके लिए खेल संघ अपने लेटरहेड में लिखित रूप से आवेदन जमा कर सकते हैं। फी जमा करते वक्त आप अपने एसोसिएशन का स्टेट से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र अवश्य भेजने का कृपा करेंगे। इस आधार पर वर्ष 2021 और 2022 के लिए एफिलिएशन दिया जाएगा।

## 48 घंटे बाद भी नहीं मिला वासुदेव का शव

**कुजू(आजाद सिपाही)।** सीसीएल कर्मी बासुदेव महतो के आरा कोलियरी की बंद पड़ी खदान के गहरे पानी मे डूबने की आशंका के बाद परिजनों द्वारा गोताखोरों की मदद से खोजबीन करने का प्रयास किया गया। लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी शव का पता नहीं चल पाया। वहीं, परिजनों ने जिला पुलिस- प्रशासन से खोजबीन करने की गुहार लगाई है। सूचना के बाद मांडू अंचलाधिकारी जय कुमार राम घटनास्थल का जायजा लेते हुए परिजनों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर कुजू पुलिस व सीसीएल सुरक्षा बल तैनात दिखे। घटनास्थल पर ग्रामीणों का हुजूम दिख रहा था। वही, बोकारो के 12 सदस्यीय गोताखोर के महताब आलम ने बताया कि काफी गहरा खदान है। हमारी टीम द्वारा काफी प्रयास किया गया। लेकिन अंतिम समय तक शव नहीं मिल सका। ज्ञात हो कि आरा बी टाइप कॉलोनी निवासी पुण्डी में कार्यरत सीसीएल कर्मी बासुदेव महतो पिता स्वर्गीय लाली महतो (51 वर्ष ) मंगलवार की देर शाम से लापता है।

# स्पोर्ट्स



**टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अपने करियर की 71वीं सेंचुरी जड़ दी**

# 1020 दिन बाद किंग कोहली के बल्ले से आया शतक



**दुबई ।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अपने करियर की 71वीं सेंचुरी जड़ दी है। भारत और अफगानिस्तान के बीच एशिया कप के सुपर-4 का मुकाबला जारी है। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टीम इंडिया ने प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए हैं। रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और युजवेंद्र चहल प्लेइंग इलेवन से बाहर हैं। वहीं, उनकी जगह दीपक चाहर, दिनेश कार्तिक और अक्षर पटेल टीम का हिस्सा बने हैं। केएल राहुल के साथ विराट सलामी बल्लेबाजी करने उतरे हैं। 17 ओवर के बाद भारत का स्कोर 160/2 है। कोहली की टी-20 करियर की 32वीं फिफ्टी विराट कोहली 46 गेंद में 77 रन बनाकर खेल रहे हैं। ये उनके टी-20 करियर की 32वीं फिफ्टी है। वहीं, केएल राहुल ने भी अर्धशतक जड़ा। खराब फॉर्म से जूझ रहे राहुल ने आज शानदार बल्लेबाजी दिखाई और 41 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुए। राहुल के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर शानदार छक्का लगाया, लेकिन अगली बॉल पर वो क्लीन बोल्ड हो गए। उन्होंने 2 गेंद में 6 रन बनाए।

**भारत-** केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, आर अश्विन

**अफगानिस्तान-** हजरतउल्लाह जजई, रहमानउल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, करीम जन्नत, नजीबउल्लाह जदरान, मोहम्मद नबी, अजमतउल्लह ओमरजाई, राशिद खान, मजीब उर रहमान, फरीद अहमद, फजलहक फारुकी दोनों टीमें एशिया कप में सुपर-4 के 2 मुकाबले हार कर फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। आज होने वाले मुकाबले को भी जीतने के लिए भारतीय टीम को बहुत मशक्कत करनी होगी। इसका सबसे बड़ा कारण ये है कि भारतीय टीम के कई खिलाड़ियों का फॉर्म अच्छा नहीं चल रहा है। भारत के टॉप बल्लेबाज फेल साबित हुए हैं। दूसरी ओर भारत के तेज गेंदबाज भी लगातार खराब प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले मैच में अच्छी इनिंग खेलने के बाद हार्दिक का बल्ला भी शांत है और वो बॉल से भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाएं हैं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## धनबाद जिला कांग्रेस ने शुरू की भारत जोड़ो यात्रा



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला कांग्रेस की ओर से गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा शुरू की गई। भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत गांधी सेवा सदन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल से हुई। यात्रा कंबाइंड बिल्डिंग स्थित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर जाकर खत्म हुई। जिसकी अगुवाई पार्टी जिला अध्यक्ष बजेंद्र प्रसाद सिंह ने की। कांग्रेस के सभी नेता व कार्यकर्ता गांधी सेवा सदन में जुटे। गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। यहां से कांग्रेसी पैदल कंबाइंड बिल्डिंग के लिए निकले। जिला अध्यक्ष ने कहा कि गुरुवार को सांकेतिक रूप से इसकी शुरूआत की गई है। जिलेभर में जल्द पदयात्रा होगी। कार्यक्रम में मदन महतो, रवींद्र वर्मा,योगेंद्र सिंह योगी, मनोज यादव, प्रसाद निधि, शमशेर आलम, कामता पासवान, नवनीत नीरज, रामप्रवेश सिंह, पप्पू तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## ईएसएल की सीएसआर टीम दे रही साक्षरता वृद्धि में अपना अहम योगदान

बोकारो (आजाद सिपाही)। प्रोजेक्ट प्रेरणा, जो ईएसएल का एक सीएसआर प्रोजेक्ट है, उसका उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामान अवसर प्रदान करना है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रसंग, ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस के अनुरूप, प्रोजेक्ट प्रेरणा बच्चों के बीच सुरक्षित स्थान बनाने की दिशा में काम करती है। जहां सीख और इसका अनुप्रयोग साथ-साथ चलता है। ईएसएल सीएसआर टीम 14 उपचारात्मक कोचिंग केंद्र और वेदांता ईएसएल एक्सेल 30 केंद्र चला रही है जो इस परियोजना के हिस्से के रूप में 27 गांवों में सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में इस केंद्र से एसएससी (जीडी) परीक्षा में 3 और आइटीआई पॉलिटेक्निक में एक छात्र का चयन हुआ है। यह ईएसएल द्वारा सार्थक सतत विकास फाउंडेशन (एसएसडीएफ) के सहयोग से किया जा रहा है। इससे 600 से अधिक बच्चे लाभावित हो चुके हैं। इस परियोजना के एक भाग के रूप में, टीम सीएसआर नियमित रूप से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है जो छात्रों को उनके समग्र विकास में मदद करती है। साथ ही तीन स्कूलों के स्कूल जाने वाले बच्चों को बस की सुविधा भी उपलब्ध करा रहे है। ईएसएल शैक्षिक क्षेत्र के सकारात्मक परिवर्तन में सहायता करके साक्षरता को बढ़ावा देता है। ईएसएल की इस तरह की पहल से साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

## परिवार की खुशहाली के लिए नशा से दूर रहना बहुत जरूरी : अजय उपाध्याय



चास (आजाद सिपाही)। नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प लेकर गुरुवार को बाधाडीह पंचायत के धोबनी गांव में नशामुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें चास मुफस्सिल थाना प्रभारी अजय उपाध्याय भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नशाउन्मूलन होने से ही परिवार खुशहाल होता है। बच्चों की पढ़ाई, भरपेट भोजन, स्वास्थ्य जीवन और पारिवारिक खुशहाली के लिए नशा से दूर रहना बहुत जरूरी है। गरीब, मजदूर लोग कमाई का बड़ा हिस्सा नशाखोरी में खर्च कर देते हैं. जिस आये दिन पारिवारिक कलह होती है। इसका बच्चों की पढ़ाई एवं उसका भविष्य पर बुरा असर पड़ता है। थाना प्रभारी ने कहा कि पूरे गांव में दारू बेचना एवं दारू बनाना बंद होनी चाहिए। यह तभी संभव है जब गांव की महिलाएं दृढ़ संकल्प लेकर इसका विरोध करेंगी। इस कार्य के लिए महिला समिति को जो भी कानूनी मदद चाहिये मिलेगी। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सुशेन रजवार, सृष्टि धर रजवार गौरीनाथ रजवार, उप मुखिया दीनबंधु रजवार, दिनेश रजवार, बिशन कोडा मोदी, झारू रजवार, मुकेश रजवार, बालिका देवी, बेहुला देवी, ललिता कुमारी, चंपा देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी और राधा देवी आदि उपस्थित थीं।

## एसआइ हिमांशु के जल्द स्वस्थ होने के लिए रुद्राभिषेक

धनबाद (आजाद सिपाही)। पिछले 15 दिनों से जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे भौरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार के जल्द स्वस्थ होने की कामना के लिए आम जनता ने गुरुवार को भौरा ओपी परिसर में स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया। पूरे विधि विधान वा मंत्रोचारण के साथ पंडित संतोष कुमार पाठक ने रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक करीब तीन घंटे तक चला। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं, बच्चे वा पुरुष शामिल हुए। सभी ने अपनी भगवान शिव से प्रार्थना की कि हिमांशु कुमार जल्द स्वस्थ हो कर पुनः हम लोगों के बीच आए। मौके पर गुड्डू पंडित, संतोष पाठक, रवि गुप्ता, रेणू देवी, जहान खां, राधा मोहन, सीमा यादव, सुमित यादव, सुनील पासवान, आजाद सोनार, धनंजय प्रमाणिक, अमिताभ बच्चन, रणधीर सिंह आदि थे। बतातें चलें कि गत 25 अगस्त को सिंदरी के शहरपुरा में लक्की सिंह के कार्यालय में तोड़फोड़ के दौरान पुलिस पर हमला व हिंसक प्रदर्शन के दौरान हिमांशु कुमार घायल हो गए थे।

### पिता ने कहा- बेटे का एक हाथ व पैर काम नहीं कर रहा तो खुदकुशी कैसे करेगा

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, फंदे से लटकता मिला शव

**झरिया पुलिस ने शुरू की जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भगतडीह।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान राजू घोष (25) के रूप में हुई है। सावित्री धर्मशाला के समीप बीसीसीएल क्वार्टर में राजू का शव लोहे की रेलिंग में गमछा के सहारे फंदे से लटकता मिला। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं, बड़ा भाई गौशाला मोड़ के समीप किराना स्टोर चलाता है। दूसरी ओर, मृतक के पिता तापस घोष ने मौत को लेकर संदेह व्यक्त किया है। कहा कि राजू बुधवार की रात 12 बजे तक किसी से फोन पर बातचीत कर रहा था। रात में खाना खाने भी नहीं आया। तापस ने कहा कि राजू का सड़क दुर्घटना में पहले ही बायां हाथ और एक पैर ठीक से काम नहीं कर रहा था। ऐसे में वह फांसी कैसे लगाएगा। वहीं, राजू जिस मोबाइल से बातचीत कर रहा था वह गुरुवार की सुबह नौ बजे तक चालू था। जो अभी बंद है। घर में काफी तलाश की गई, लेकिन फोन अचानक नहीं मिल रहा जो जांच का विषय है। संदभवतः उसकी हत्या की गई होगी। दूसरी ओर, शव पाए जाने की सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इस बाबत पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।



मृतक राजू घोष का फाइल फोटो।

## छात्रा नहीं लिख पायी आवेदन, शिक्षक पर भड़के शिक्षा मंत्री

**कम उपस्थिति पर भी लगायी क्लास, कहा ऑन रोड स्कूल की यह स्थिति स्वीकार्य नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने बोकारो जिले के फुसरो में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में तैनात शिक्षकों की गुरुवार को जम कर क्लास लगायी। औचक निरीक्षण के क्रम में वहां पहुंचे शिक्षा मंत्री ने मौजूद छात्र-छात्राओं से कई सवाल पूछे। इसके अलावे उन्होंने छठी क्लास की एक छात्रा को स्कूल के प्रिंसिपल के नाम से एप्लीकेशन (आवेदन ) लिखने को कहा। जब छात्रा एप्लीकेशन नहीं लिख पायी, तब उन्होंने वहां मौजूद टीचर को जम कर झाड़ा। इतना ही नहीं, शिक्षा मंत्री ने स्कूल के पूरे कैंपस का मुआयना किया। साथ ही टीचर और स्टूडेंट की हाजिरी की भी जांच की। उन्होंने कहा कि कुल क्षमता की महज 25 फीसदी छात्रों की उपस्थिति अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जब ऑन-रोड स्कूल में उपस्थिति इतनी कम है, तो दूर के इलाकों में क्या होता होगा। उन्होंने साफ कहा कि बच्चों की उपस्थिति बढ़े, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, गुरुवार को स्कूल में 500 में से महज 130 बच्चे ही उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को पढ़ाई में कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें।



## टुंडी विधायक ने की धनबाद डीआरएम से मुलाकात, सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** धनबाद रेल मंडल के डीआरएम आशीष बंसल से गुरुवार को टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मुलाकात की और नौ सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए वार्ता की। जिसमें धनबाद-कोलकाता रेल मार्ग के प्रधानखंटा स्थित छाता कुल्ही में पिछले दिनों हुई रेल दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मुआवजा देने के अलावा गोमो, तेतुलमारी, निचीतपुर स्टेशन में व्याप्त समस्याओं, गोमो स्टेशन पर वाहन पार्किंग स्थल प्रसिद्ध निर्माण, गोमो स्टेशन के दक्षिण दिशा में शौचालय शुरू कराने, गोमो स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज के अधूरे कार्य को पूरा कराने, गोमो स्टेशन के दक्षिण अस्पताल में महिला चिकित्सक बहाल करने और डीसी लाइन में बंद ट्रेनों का परिचालन व ठहराव आदि को लेकर मांग पत्र सौपा। जिस पर डीआरएम से पहल करने की बात कही। इस मौके पर जगदीश चौधरी, जग्गू महतो, जिप सदस्य संजय महतो, गणेश महतो और बसंत महतो आदि मौजूद थे।

## नीट में गोल के 34 छात्रों को सरकारी कॉलेजों में दाखिला मिलने की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नीट की ओर से बुधवार को जारी रिजल्ट में गोल इंस्टीट्यूट धनबाद के छात्रों ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल कर संस्थान को गौरवांवित किया। साबित कर दिखाया कि हौसले बुलंद होने के साथ ही उचित मार्गदर्शन हो तो विषम परिस्थितियों में भी बड़ी जीत हासिल कर केवल सफलता ही नहीं, बल्कि टॉपर एवं रैंकर भी बना जा सकता है। छात्रों की सफलता से उत्साहित धनबाद गोल के सेंटर निदेशक संजय आनंद ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस सफलता का श्रैय छात्रों की जी-तोड़ मेहनत, अभिभावकों का विश्वास एवं गोल की पूरी टीम के प्रयास को जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी टीम लगातार छात्रों को काउंसलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, दिशा एवं टेक्निकल स्पोर्ट प्रदान कर रहा है। विदित हो कि विगत 20 वर्षो से मेडिकल प्रतियोगिता में कोयलांचल से सबसे ज्यादा प्रतिशत रिजल्ट देने वाली संस्थान के रूप में गोल धनबाद की पहचान बनी हुई है। जबकि इंडिया टुडे के सर्वे में उक्त संस्थान को पूर्वी भारत का रिजल्ट ओरिएन्टेशन में नंबर वन का खिताब भी मिल चुका है। वहीं, सफल छात्रों में सत्यम कुमार 637, राखी 635, वैष्णवी 628, मो सरीक 627, विष्णु कुमार -620, आकांक्षा कुमारी 615, कुमकुम कुमारी 618, किरन कुमारी 614, श्रेया कुमारी -608, सौरभ सागर 605, अर्चना भारती 607, राहुल कुमार साव-605, विवेक 613, रूही प्रिया 605, स्नेहा दास-446 (सी), शालीनी मरांडी 346 (सी), दिक्षा भारती-584, पल्लवी कुमार-584, मृत्युंजय 596, अभिजीत-565 (सी), खुशबु कुमारी-605, विशाल कुमार 435 (सी), पुष्पा शर्मा 576 सत्यम 590 और म्रिनाल 589 आदि शामिल हैं ।



नीट में सफल विद्यार्थियों के साथ गोल की प्रबंधकिय टीम।

## नीट परीक्षा में चिन्मय विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बोकारो (आजाद सिपाही)। चिन्मय विद्यालय के छात्रों का नीट 2022 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इस विद्यालय के चार छात्रों का रैंक अखिल भारतीय (एआइआर) स्तर पर 5300 के नीचे रहा है। इस विद्यालय की छात्रा अपूर्वा सिंह राष्ट्र स्तर पर 3346वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल रही है। इन्हें सामान्य श्रेणी में 1868 वां स्थान प्राप्त हुआ है। अन्य तीन छात्रों ने भी शानदार रैंक पाया है, जिसमें अदिति कुमारी एआइआर 4423 सामान्य श्रेणी 2339, अभिषेक आनंद एआइआर 4935 सामान्य श्रेणी 2576 और संजय कुमार महतो एआइआर 5277 ओबीसी श्रेणी 1808 है। संजय कुमार महतो को इसी वर्ष एक और सफलता मिली है, उन्हें जेइइ मेन्स में 98 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त हुआ है।

## बोकारो डीसी ने किया कसमार का औचक निरीक्षण



कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। बोकारो के डीसी कुलदीप चौधरी और डीडीसी कीर्तीश्री ने गुरुवार को कसमार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कसमार के फलटांड़ में अवस्थित फल बागवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इसके अलावे कसमार भ्रमण के दौरान बोकारो डीसी व अन्य पदाधिकारियों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रबला खेस, कसमार बीडीओ विजय कुमार, सीओ प्रदीप कुमार शुक्ला, मनरेगा पदाधिकारी माणिक चंद्र, पंकज दूबे और अनिता केरकेट्टा आदि थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA.**

**Short e-Procurement Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No.:- WRD/KODERMA/14-F2/2022-23**
**Date: - 07.09.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check dam on Dulki Nala,Block-Domchanch, Dist-Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 51.689 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Cost of Tender Fee | 10,000.00 |
| 5. | Cost of Earnest Money | 1,05000.00 |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 15.09.2022, 2.00 P.M |
| 7. | Last date/Time for Submission of bids | 22.09.2022, 5.00. P.M |
| 8. | Date of opening of Technical Bid | 24.09.2022, 5.00. P.M |
| 9. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 10. (a) | Contact no. of Procurement Office | 9122750117 |
| (b) | E-mail of e-Procurement Office | eemidkod-cerm-jhr@nic.in |
| 11. | Helping number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |
| 12. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 23.09.2022, 3.00. P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh 3. Chief Engineer, Minor Irrigation, Ranchi. |

Note: - Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR.NO.277297 Minor Irrigation(22-23):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA.**

**Short e-Procurement Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No.:- WRD/KODERMA/12-F2/2022-23**
**Date: - 07.09.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check dam on Dewaniya Nala, Block- Chandwara, Dist- Koderma. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 68.439 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Cost of Tender Fee | 10,000.00 |
| 5. | Cost of Earnest Money | 1,37,000.00 |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 15.09.2022, 2.00 P.M |
| 7. | Last date/Time for Submission of bids | 22.09.2022, 5.00. P.M |
| 8. | Date of opening of Technical Bid | 24.09.2022, 5.00. P.M |
| 9. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 10. (a) | Contact no. of Procurement Office | 9122750117 |
| (b) | E-mail of e-Procurement Office | eemidkod-cerm-jhr@nic.in |
| 11. | Helping number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |
| 12. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 23.09.2022, 3.00. P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh 3. Chief Engineer, Minor Irrigation, Ranchi. |

Note: - Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR.NO.277294 Minor Irrigation(22-23):D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Ramgarh**

**Very-Short E-Procurement Notice**

E-Tender reference no- 7/2022-23 Date- 08.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Ramgarh for the year 2022-23 |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | Rs. 811887.00 |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 1250.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 16300.00 |
| 5 | Time of Supply | 08.10.2022 |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 13.09.2022/ 05.00 PM |
| 7 | Last date /Time for receipt of Bid | 20.09.2022/ 03.00 PM |
| 8 | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 21.09.2022 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh 2. Superintending Engineer, D.W. & S Circle, Hazaribag |
| 9 | Date of opening of Tender | 21.09.2022/5.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh |
| 11 | Contact no of e-Procurement office | 06553-223193 |
| 12 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/- Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division
Ramgarh

PR 277270 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D


### अब तक तीन दर्जन से ज्यादा को कर चुके हैं ढेर, 1997 में बोकारो में किया था पहला एनकाउंटर

# दिलेर और बेखौफ हैं एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह के नाम से अपराधी खौफ खाते हैं। मंगलवार को धनबाद में मुथूट फिनकॉर्प में डकैती को जिस अंदाज में उन्होंने नाकाम किया, वह काबिले तारीफ है। उनके इस कारनामे से धनबाद पुलिस की छवि बेहतर हुई है। पीके सिंह के अब तक के करियर को देखें तो 25 से ज्यादा एनकाउंटर कर चुके हैं, जिसमें तीन दर्जन से अधिक नक्सली और अपराधी मारे जा चुके हैं। पीके सिंह सैकड़ों अनसुलझे मामलों को सुलझा चुके। 1994 बैच के दारोगा पीके सिंह गढ़वा, पलामू, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर के विभिन्न थानों में पदस्थापित रह चुके हैं। जहां भी रहे, वहां इनका अलग पुलिसिया रौब और रूतबा रहा। 1997 में उनका पहला एनकाउंटर बोकारो के झुमरा पहाड़ पर नक्सलियों से हुआ। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा था। निडर और बेखौफ पीके सिंह ने 2018 में नक्सली सब जोनल कमांडर अमित गुड्डू को मार गिराया था। मुठभेड़ के दौरान अमित एके-56 लेकर उनकी तरफ दौड़ा था, मगर वह डरे नहीं और उसे मार गिराया। उसके पास से पुलिस को एके-56, 10 हजार राउंड गोली, 15 रायफल और अन्य सामान बरामद हुआ था। पलामू में मुठभेड़ में 24 से ज्यादा नक्सलियों और अपराधियों को ढेर कर चुके हैं। वह कहते हैं, गोली मारने के लिए विल पावर होना चाहिए। मैं जहां भी रहा, निडर और बेखौफ। वह बताते हैं कि उन पर भी कई बार हमला हो चुका है। चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधेरीगोड़ा में लैंडमाइंस बिछा कर उनकी हत्या का प्लान बनाया गया था। हमले में निजी बॉडीगार्ड राजा लामा शहीद हो गया और वह बुरी तरह से घायल हो गये थे।

एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके सिंह सबसे यादगार घटना लातेहार को बताते हैं। 2004 में पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली खुदी सिंह खरवार उर्फ छोटू चौधरी को मार गिराया था। इतना ही नहीं, उसके बॉडी को अकेले कंधे पर लाद कर बाइक से थाना लेकर पहुंचे थे। इस तरह की दिलेरी और कर्तव्यनिष्ठा के कारण उन्हें राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री समेत कई मेडल मिल चुके हैं।

### कब-कब और कहां-कहां किया एनकाउंटर

**2002-** में पलामू के विश्रामपुर नावा बाजार में तीन नक्सलियों को मार गिराया।

**2003-** में गढ़वा के नगर उंटारी के भदुहा में छह नक्सलियों को मार गिराया। इसमें एक जवान घायल हो गया था। इस दौरान 12 हथियार जब्त किये थे।

**2003-** में पलामू के चैनपुर में तीन नक्सलियों को मार गिराया। पलामू के चैनपुर के अंधेरी रोड़ा में बस डकैती कर रहे चार अपराधियों को मार गिराया।

**गढ़वा** की मंगरधा घाटी में डकैती करते चार को मार गिराया, जबकि इस मुठभेड़ में एक घायल हो गया था।

**पलामू** के हुटार में दो महिला और तीन पुरुष नक्सली को ढेर किया था।

**2004-** में लातेहार में पांच लाख के इनामी नक्सली खुदी सिंह खरवार उर्फ छोटू चौधरी को अकेले ढेर कर बॉडी को बाइक पर लाद कर थाना ले गये थे।

**2004-** में ही पलामू के चैनपुर के नावापहाच में अजय यादव उर्फ लखन उर्फ छोटू को मार गिराया।

**2006-** में नावाडीह में दो डकैतों को मार गिराया।

**2011-** में जमशेदुपर के सीताराम डेरा थाना क्षेत्र में अखिलेश सिंह गैंग के चार गुर्गों को मार गिराया।

**2018-** में लातेहार के खैरा जंगल में अमित उर्फ गुड्डू को मार गिराया। उसके पास से एके 56, 10000 गोली, 15 राइफल व अन्य सामान बरामद हुए थे।

**2022-** में धनबाद के बैंक मोड़ में बैंक लूटने आये एक डकैत को ढेर कर दिया और दो को गिरफ्तार किया।



### जिंदगी फाउंडेशन में सपनों की ऊंची उड़ान जारी

# डॉक्टर अजय सर के मार्गदर्शन में बच्चों ने लहराया नीट में सफलता का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नीट की सफलता का जश्न जब सभी ओर बच्चे मना रहे होते हैं, उसी समय जिंदगी फाउंडेशन में खुशी और आंस दोनों झलकते हैं। खुशी इस बात की कि वर्षों की तपस्या का परिणाम मिलता है और कठिन परिस्थिति में मिली इस सफलता से अभिभूत आंसू अपने आप निकल आते है। जिंदगी फाउंडेशन के बच्चों की सफलता कोई साधारण सफलता नहीं होती है, क्योंकि इनमें से ज्यादातर बच्चे ऐसे होते हैं जिन्हे हर दिन दो वक्त का भोजन भी नसीब नहीं होता। रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर, सब्जी विक्रेता और गरीब किसान के बच्चे जब देश के सबसे कठिन परीक्षा में से एक 'नीट' में सफल होते हैं तो कई प्रेरणादायक कहानियां बनती हैं। ओडिशा के जाजपुर जिला की अमृता साहू के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं और बेटी की प्रतिभा को देख कर भी वह उसके लिए मेडिकल के कोचिंग की व्यवस्था नहीं कर पाये। परिवार का भरण पोषण ही मुश्किल से चल पाता था। ऐसे में ज़िन्दगी फाउंडेशन ने अमृता का हाथ थामा और उसके नीट की तैयारी की पूरी जिम्मेदारी उठायी। अमृता ने नीट में 636 स्कोर कर एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में पहुंचाने का रास्ता बना लिया है।



## शरबत बेच कर पैसे कमाने लगे थे अजय सर

जिंदगी फाउंडेशन की परिकल्पना शिक्षाविद अजय बहादुर सिंह ने की जिन्हे बच्चे अजय सर के नाम से जानते हैं। कभी स्वयं डॉक्टर बनने का सपना लिए अजय मेडिकल की तैयारी कर रहे थे। लेकिन पिता की बीमारी के कारण अजय को अपनी पढाई बीच में छोड़नी पड़ी और वह पिता के इलाज के लिए चाय शरबत बेच कर पैसे कमाने लगे। अपने कड़ी मेहनत और लगन के साथ जब अजय सर ने जीवन में शिक्षाविद के तौर पर सफलता पायी तो उन्होंने अपने जैसे मेधावी और गरीब बच्चों को डॉक्टर बनाने का संकल्प लिया और जिंदगी फाउंडेशन की स्थापना की। अपने फाउंडेशन की लगातार सफलता के बारे में अजय कहते हैं, मेरा मानना है की जिद है तो जीत है। इन बच्चों में जीवन में जीतने की जिद है और मैं इसी जिद को सफलता में बदलने का प्रयास करता हूं। कभी मेरी जिंदगी की शुरूआत चाय और शरबत बेचने से हुई थी। आज जब मैं जब सक्षम हू तो मैं कोशिश करता हू की पैसो के आभाव में किसी मेधावी बच्चे का डॉक्टर बनने का सपना अधूरा नहीं रह जाये जैसा मेरा रह गया था। इन बच्चों के सफलता में अपनी सफलता देखता हूं।

ओडिशा के ही केंद्रापाड़ा जिला के जगन्नाथ गिरी ने नीट में स्कोर 635 कर के अपने डॉक्टर बनने के सपने की ओर कदम बढ़ाया है। जगन्नाथ के पिता भूमिहीन किसान हैं और परिवार चलाने के लिये दिहाड़ी मजदूरी का भी काम करते हैं। कई बार परिवार को भूखे पेट भी सोना पड़ता है। जगन्नाथ भी अपनी पढाई के साथ साथ खेतों में मजदूरी करता है ताकि घर में कुछ और पैसे आ सकें। जिंदगी फाउंडेशन के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत से जगन्नाथ ने गरीबी को हरा कर अपना सपना सच कर दिखाया है।

ढेंकानाल के मलय कुमार प्रधान की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। हर दिन खाने को तरसते इस दिहाड़ी मजदूरों के बच्चे की सफलता की भूख ने पेट के भूख को मात दे दिया। जब भर पेट खाना ही एक चुनौती हो तो मेडिकल कोचिंग एक सपने के तरह था। लेकिन मलय ने कभी अपने लक्ष्य का पीछा करना नहीं छोड़ा। नीट में 634 का स्कोर कर मलय ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है और एक डॉक्टर बनने की ओर कदम बढ़ाया है। जिंदगी फाउंडेशन के 21 में से 20 बच्चों ने नीट 2022 में क्वालीफाई किया और डॉक्टर बनने की ओर बढ़ चले हैं। 2017-18 से शुरू हो कर अब तक जिंदगी फाउंडेशन के 88 बच्चे नीट क्वालीफाई कर चुके हैं। यह सभी बच्चे समाज के सबसे गरीब और पिछड़े वर्ग से आते है जिनके परिवार का जीवन यापन भी मुश्किल से होता है। इन बच्चों को जिंदगी फाउंडेशन नीट की कोचिंग, स्टडी मटेरियल, रहने -खाने और बाकी सभी सुविधायें बिलकुल मुफ्त प्रदान करता है। 2021-22 में अपनी सफलता के 5 साल पूरा करते हुए जिंदगी फाउंडेशन अब ओडिशा के बाहर कदम रखने की तैयारी कर रहा है और दूसरे राज्य के बच्चे भी अब इस फाउंडेशन के अंतर्गत नीट की तैयारी कर सकेंगे।

# भुवनेश्वर में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के लिए टाटा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में जल्द ही एक कैंसर अस्पताल होगा। इस संबंध में राज्य सरकार ने आज टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। अस्पताल भुवनेश्वर जटनी में स्थित नाइजर परिसर के पास निमार्णाधीन है। हालांकि इसकी घोषणा पहले की गई थी, लेकिन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किये गये थे। आज लोकसेवा भवन के कन्वेंशन हॉल में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस प्रोजेक्ट पर कुल 650 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इसके लिए टाटा मेमोरियल ट्रस्ट 250 करोड़ रुपये का भुगतान कर रहा है, जबकि केंद्र सरकार का आणबिक ऊर्जा विभाग 400 करोड़ रुपये खर्च करेगा। समझौता ज्ञापन पर मुंबई टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ राजेंद्र बदावी और स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव डॉ अजीत कुमार महांती ने हस्ताक्षर किये। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार 40 एकड़ जमीन मुहैया करायेगी। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में सभी का सहयोग मिलेगा। अस्पतालों में बीएसकेवाई कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क सुविधा होगी। सरकार रेडियोआइसोटोप के लिए एक साइक्लोट्रॉन मशीन भी उपलब्ध करायेगी।

## अस्पताल को सेवा, शिक्षा और अनुसंधान के लिहाज से विकसित किया जायेगा

अस्पताल परिसर में साइक्लोट्रॉन, स्टाफ क्वार्टर, टाउनशिप, एकेडमिक ब्लॉक, रेस्ट शेड, धर्मशाला आदि का निर्माण किया जायेगा। अस्पताल को सेवा, शिक्षा और अनुसंधान के लिहाज से विकसित किया जायेगा। इस अस्पताल की स्थापना के कारण राज्य के निवासियों को कैंसर के इलाज के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पडेगा। इस विभाग में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री आदि विभाग होंगे। अस्पताल परिसर में आहार सेंटर भी स्थापित किया जायेगा। इस परियोजना के संबंध में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि राज्य में इस अस्पताल की स्थापना से न केवल ओडिशा के लोगों को बल्कि पूर्वी भारत के पूरे लोगों को लाभ होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग और टाटा मेमोरियल सेंटर को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि प्रदेश की जनता को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में हर साल 40 हजार नये कैंसर मरीज सामने आते हैं जबकि 18 हजार मरीजों की मौत हो जाती है।

# नीट (मेडिकल) में एनटीपीएल मेडिकस की रोशनी को मिली एआइआर-209



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीट 2022 की परीक्षा में हरिओम टावर, सरकुलर रोड, रांची स्थित एनटीपीएल मेडिकस के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों संजय मिश्रा, नवजीवन एवं प्रयांशु जीवविज्ञान, पंकज कुमार, मदन मोहन झा एवं सलमान अली रसायन शास्त्र प्रणव कुमार, मनीष कुमार झा एवं चंदन कुमार भौतिक विज्ञान के उचित मार्गदर्शन में किया। यहां के निर्देशक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष एनटीपीएल मेडिकस के सभी कोर्स में भी शानदार रिजल्ट रहा हैं। ऑल इंडिया विभिन्न केटगेरी रैंक में सफल छात्रों में टॉप रैंक पाने वाले सफल छात्रों में रोशनी कुमारी, 209, सौरभ केशरी, .3233, विवेक कुमार, .6364 अंजली,.7195, आयुषी, .16687, अभिनव कुमार, .17692, मनीष .20349 आदि हैं। सभी सफल छात्र एनटीपीएल मेडिकस के 2 वर्ष एवं 1 वर्ष मेडिकल क्लासरूम प्रोग्राम से है। एनटीपीएल मेडिकस में जितने विद्यार्थी थे। उसमें 90 प्रतिशत छात्रों का हुआ हैं। सारे छात्रों की सफलता का कारण पूछने पर श्री इमरान अली ने बताया कि यहां प्रत्येक छात्र से बहुत ही अच्छा संबंध होने के कारण छात्र बिना झिझक के शिक्षक से अपने छोटे से छोटे पूछकर उसका समाधान करते है। यहां छात्रों को अपना के आलावे भी दी जाती है जो उसके सफलता में काफी सहायक होती है। यहां छात्रों को भी प्रदान की जाती है जिससे परीक्षा से पहले ही अपने को आकलन कर और बेहतर करने को प्रेरित करती है। सभी सफल छात्रों को शुभकामनायें।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा संख्या: एसएण्डटी-सी-डीएचएन-14**

**कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में केक्यूआर-एमएमडी सेक्शन में नवलशाही में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत : Rs.** 3,05,444,00.13, **अमानत राशि : Rs.** 3,02,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** Nil, **कार्य निस्पादित करने का समय :** 06 महिना, **ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय :** 28/09/2022 को 12:00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखने के लिए उपलब्ध है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/धनबाद**

**पीआर/1002/सीडीएचएन/एस एंड टी/टी/22-23/28**


# ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों का नीट-2022 में शानदार प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रदर्स एकेडमी से ढेर सारे छात्रों ने नीट 2022 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। सामान्य वर्ग से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुछ छात्र रहे, सबा आफरीन (स्कोर 648/720), कुमार लक्ष्य (स्कोर 640/720), फहद हुसैन (स्कोर 633/720), गौरव कुमार (स्कोर 633/720) एवम अन्य। इन सभी में से सबा आफरीन ने सामान्य श्रेणी से रैंक 2526 हासिल कर के संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एनइइटी 2022 में ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल की। एनइइटी 2022 में हमारे छात्रों की सफलता 86% रही। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के सारगर्भित मार्गदर्शन, अपने माता पिता के अनुशासन और समस्त परिवारजनों के आशीर्वाद एवं सहयोग को दिया। सबा आफरीन का मानना है कि एक औसत छात्र भी अपने दृढ़ संकल्प, आत्मबल, धैर्य और सघन परिश्रम के बल पर अपना एमबीबीएस करने का सपना साकार कर सकता है। सबा आफरीन बचपन से ही एमबीबीएस करना चाहती थी। नीट 2022 परीक्षा में अपनी विशिष्ट उपलब्धि के पश्चात उन्हें अपना सपना साकार होता दिखायी दे रहा है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। कई छात्रों ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी सफलता की गाथा लिख कर एक मिसाल कायम की है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगे की जीवनयात्रा की सफलता के लिये उन्हें शुभकामनायें दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी इनकी सफलता का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम और ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों को देते हुए कहा कि संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण से बच्चों की क्षमता में बहुत इजाफा हुआ। आशा है गत वर्ष की तरह इस बार भी आप हमारे छात्रों की सफलता की गाथा को अपने समाचार पत्र में यथोचित स्थान दे कर समाज को प्रेरित करेंगे।






# नीट प्रवेश परीक्षा के ओवरऑल परिणाम में बायोम इंस्टीट्यूट झारखंड में फिर से रहा अव्वल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीट की मेडिकल परीक्षा 2022 में बायोम इंस्टीट्यूट, रांची ने नये कीर्तिमानों को हासिल किया है। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में सर्वाधिक रिजल्ट बायोम इंस्टीट्यूट, रांची सेंटर का रहा है। इस खुशी में सैकड़ों सफल छात्र-छात्राओं ने बैंड-बाजे व पटाखे के साथ अपनी सफलता पर खुशी का इजहार किया। बायोम इंस्टीट्यूट, रांची सेंटर में दिनभर खुशियों का माहौल बना रहा। सफल छात्रों में आशिष रैंक 165, आबीसी : रैंक 29 ), मोती रैंक 405, जेन रैंक 279), आर्यमन (रैंक 460), शिवम रैंक 474), वेनु रैंक 710), विष्णु रैंक 1138), ज्योति रैंक 1149), मोनु (रैंक 1182), रौशन रैंक 1183), हितेश रैंक 1639), प्रकृति रैंक 2357), राहुल रैंक 2646), पंकज रैंक 2953), पियुश रैंक 3315) समिया रैंक 3533), रवि (रैंक 3957), सुरज (रैंक 4930), शौर्य (रैंक 5233), नैना (रैक 6111), विपिन (रैंक 6329), इशिता (रैंक 6598), अर्पणा (रैंक 6647), मेघा (रैंक 6771), रिया रैंक 7178) आदि शामिल हैं। इनके खुशी के अवसर पर बायोम के शिक्षकगण एवं सदस्यगण भी शामिल हुए। इस खुशी के अवसर पर उपस्थित बायोम इंस्टीच्यूट के डायरेक्टर पंकज सिंह ने छात्र-छात्राओं को सफलता की शुभकामनायें दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षकों एवं सदस्यों ने भी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2022 में बायोम संस्थान के रैंकर्स बैच के 27 छात्रों में से 25 छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। नीट मेडिकल में अब तक प्राप्त सूचना के अनुसार संस्थान के 812 छात्र सफल हुए हैं जिनमें से 152 छात्र अपना एडमिशन सुनिश्चित किये हैं। इस मौके पर शिक्षकगण प्रशांत कौशिक, पी.के. सौरभ, प्रिया मैम, डॉ. सुशांत कुमार, रौशन कुमार, राजनीश कुमार, निर्भय सिंह, संतोष कुमार, अभिजीत प्रधान, तनवीर आलम, अनिल कुमार, विमल कुमार शुक्ला, कुमार राहुल, अभिषेक कुमार, रौनक कुमार, डॉ. शशिकांत कुमार, अमिताभ मिश्रा, चंदन गुप्ता, अंकुर एवं बायोम के सदस्यगण में संजीव कुमार, पूजा, कमेंद्र प्रसाद, आरती, रोहित, लक्ष्मी स्नेहिल, पम्मी, पल्लवी, कंचन, ओंकार सिंह, सुबोध, उमेश, नरेश, विद्या सागर, आदि उपस्थित थे। बायोम इंस्टीच्यूट में मेडिकल की तैयारी के लिये नये सत्र के लिए हीनू एवं न्यू नगरा टोली में 2023 के लिए अंतिम बैच में नामांकन शुरू हो गया है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**